ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 08 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक-216 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रिलीज के दिन ही ऑनलाइन लीक हुई शाहरुख की "जवान.. पेज-12



## NEWS इन ब्रीफ

### करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को

**रांची।** झारखंड में करमा पर्व की छुट्टी अब 25 सितंबर को होगी। एनआई एक्ट तहत इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। राज्य के सभी सरकारी कार्यालय के अलावा बैंक बंद रहेंगे। पहले अवकाश 10 सितंबर रविवार के दिन घोषित था, लेकिन कई माध्यम और डॉक्टर राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान से मिली जानकारी जिसमें राज्य में करमा पर्व 25 सितंबर को मनाने का जिक्र था। इससे करमा पर्व की छुट्टी को 25 सितंबर करने का फैसला किया गया।

### आदित्य एल वन ने खींची पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी इसरो ने साझा की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आदित्य एल 1 द्वारा ली गई कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसरो ने गुरुवार को जानकारी दी है कि सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु के लिए निर्धारित आदित्य-एल1 ने सेल्फी ली है और पृथ्वी और चंद्रमा की खूबसूरत तस्वीरें भी क्लिक की हैं। स्पेस एजेंसी ने तस्वीरें और एक सेल्फी भी एक्स पर साझा की है, जिसे आदित्य-एल1 ने क्लिक किया था। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, आदित्य-एल1 मिशनः दर्शकों, आदित्य-एल1 ने सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु के लिए सेल्फी ली, पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें खींची। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल वन अभी पृथ्वी की कक्षा में घूम रहा है। इसके बाद वह सूर्य की ओर अपनी यात्रा शुरू करेगा।

### खूंटी में वृद्ध किसान की गोली मारकर हत्या

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के सारिदकेल गांव में बुधवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने नारायण सिंह मुंडा की गोली मारकर और धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार नारायण सिंह मुंडा बुधवार की रात अपने आवास में सोए हुए था। देर रात चार अपराधियों ने खुद को नारायण सिंह मुंडा का मेहमान बताते हुए दरवाजा खुलवाया। जैसे ही नारायण ने दरवाजा खोला, अपराधियों ने उसे दो गोली मार दी, इससे वह गिर गया। बाद में अपराधियों ने धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर नारायण सिंह मुंडा के स्वजन जब बाहर निकले, तब तक अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। बताया गया कि घटना के बाद स्वजन नारायण सिंह मुंडा को सदर अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वृद्ध किसान नारायण सिंह मुंडा की हत्या की पुष्टि खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला है कि देर रात कुछ लोग नारायण सिंह मुंडा के घर पहुंचे थे और उन्हें गोली मार दी।

## प्रेमी निकला विनीता का कातिल

### मुआवजे में मिली 4 लाख की राशि बनी हत्या का कारण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर-मसूरिया निवासी विनीता का हत्यारा प्रेमी ही निकला। हत्या का कारण उसके पुत्र की मौत के बाद मिली 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि बनी। पुलिस को दिए गये स्वीकारोक्ति बयान में प्रेमी उपेंद्र यादव ने बताया है कि 9 अगस्त को विनीता को हजारीबाग से बाइक पर बैठा कर गांगपुर के बनखेता जंगल लाया और वहां विवाद बढ़ने पर उसकी हत्या गला दबाकर कर दी। शव को वहां छोड़ अपने घर मसूरिया लौट आया। इसके बाद शव की पहचान होने का ख्याल आने पर शव को छुपाने की योजना बनाई और घर से कुदाल, टांगी लेकर दुबारा घटनास्थल पर पहुंच शव को मिट्टी में गाड़कर छिपाया और कंटीली झाड़ियों से ढंक दिया। गुरुवार को थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने हत्याकांड के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विनीता हत्या के आरोपी मसूरिया गांव निवसी उपेंद्र यादव ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। एसडीपीओ ने आगे बताया कि इस कांड के उदभेदन में थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने कड़ी मशक्कत की। उनके प्रयास से ही आरोपी को मुंबई के अम्बोला थाना से गिरफ्तार करने के साथ हत्याकांड का खुलासा घटना के 24वें दिन कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के अलावा शव को छुपाने में प्रयुक्त 1 कुदाल, 1 टांगी और एक बाइक भी बरामद की है। बताया कि 9 अगस्त को विनीता की हत्या कर दी गई थी।

## जी 20: भारत मंडपम में 9 सितंबर की शाम देश भर के कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति

# मेहमानों को भारतीय संगीत से कराएंगे परिचित

**नई दिल्ली।** जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए सभी मेहमानों को भारतीय संगीत की कई चिर-परिचित धुनें और गीत-संगीत सुनने को मिलेगा। भारत मंडपम में 9 सितंबर की शाम को भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। तीन घंटे के कार्यक्रम की समाप्ति मिले सुर मेरा तुम्हारा गीत से होगा। इस संगीतमय शाम में भारत वाद्य दर्शन अनूठी संगीत की प्रस्तुति की जाएगी, जो भारतीय संगीत के माध्यम से भारत की एक सामंजस्यपूर्ण यात्रा है। इस कार्यक्रम में सिर्फ शास्त्रीय और लोकधुन को जगह दी गयी है। कार्यक्रम की परिकल्पना संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा की है। संस्कृति मंत्रालय के



अनुसार भारत यात्रा संगीत समागम के इस अनूठे कार्यक्रम को तीन भागों में बांटा गया है। प्रदर्शन धीमी लय से मध्यम और फिर तेज लय की गति में होंगे। भारत वाद्य दर्शन की परिकल्पना वाद्य संगीत प्रदर्शनों के एक क्रम में दर्शकों को देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि संगीत के माध्यम से भारत की डेढ़ घंटे की यात्रा पर ले जाया जाएगा। प्रत्येक समूह अपने विभिन्न वाद्य यंत्रों, जैसे स्ट्रिंग वाद्य यंत्र, वाद्य यंत्र झिल्ली, वायु वाद्य यंत्र और धातु वाद्ययंत्र के साथ प्रदर्शन करेंगे। मंत्रालय के अनुसार प्रस्तुति के दौरान विचित्र वीणा, रुद्र वीणा, सुरबहार, जलतरंग, नलतरंग, सरस्वती वीणा, धंगली, भपंग, सुंदरी और दिलरुबा जैसे कई दुर्लभ वाद्य यंत्र प्रदर्शित किए जाएंगे। कुल मिलाकर इसमें 34 भारतीय संगीत वाद्ययंत्र, 18 कर्नाटक संगीत वाद्ययंत्र और भारतीय राज्यों के कुल 78 कलाकार शामिल किए गए हैं। इनमें 26 लोक संगीत वाद्य यंत्रों का समावेश होगा, जिसमें 11 बच्चों, 13 महिलाओं, 6 दिव्यांग कलाकार, 22 पेशेवर और 26 युवा शामिल हैं। इस संगीतमय प्रस्तुति में रवीन्द्रनाथ टैगोर का प्रसिद्ध गीत एकला चलो रे की भी प्रस्तुति के साथ राजस्थानी लोक कलाकार वहां का लोक संगीत पेश करेंगे। गुजरात और दक्षिण भारत के संगीत और लोक धुनों को भी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

## कंपनियों व कारोबारी साझेदारों के उगलवा रही राज

# शराब घोटाला : ईडी योगेंद्र से लगातार कर रही पूछताछ




### देवघर व दुमका के कई लोगों से हुई पूछताछ

ईडी ने शराब घोटाले में देवघर व दुमका के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है। योगेंद्र तिवारी व उसके भाई अमरेंद्र तिवारी के स्टाफ व नजदीकी भी इसमें शामिल हैं। योगेंद्र तिवारी ने साल 2021 में जामताड़ा- मिहिजाम सिंडिकेट बनाकर 19 जिलों मे शराब के थोक कारोबार से जुड़े ठेके हासिल किए थे। इन कंपनियों के निदेशक व साझीदारों से आने वाले दिनों में ईडी पूछताछ करेगी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी शुक्रवार को भी योगेंद्र तिवारी व कुछ अन्य लोगों से शराब घोटाले में पूछताछ करेगी।

### जल्द ही कई अन्य लोगों को समन कर होगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शराब के थोक कारोबार में घोटाले में ईडी लगातार ही शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी से पूछताछ कर रही है। अबतक आठ से अधिक बार तिवारी से ईडी पूछताछ कर चुकी है। वहीं उसके लिंक में आए एक दर्जन से अधिक लोगों से ईडी ने अलग-अलग पूछताछ की है। योगेंद तिवारी से पूछताछ में ईडी उसकी शेल कंपनियों व कारोबारी साझीदारों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। योगेंद्र ईडी को कोई खास जानकारी नहीं दे रहा है, ऐसे में संभव है कि उसके खिलाफ एजेंसी आगे कठोर कार्रवाई कर सकती है।

### खूंटी में गोली मारने के आरोपित दो किशोरों को पुलिस ने किया निरुद्ध

**खूंटी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ टोली मैदान के पास गत पांच सितंबर को दो युवकों सुबोध कुमार गौंझू और शिवकुमार को गोली मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने दो विधि विवादित किशोरों (नाबालिगों) को निरुद्ध किया है। उनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल, मैगजीन और गोली बरामद की है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दोनों विधि विवादित किशोरों ने पुलिस के समक्ष गोलीबारी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। इस मामले में वादी सुबोध कुमार गौंझू के बयान पर खूंटी थाने में छह सितंबर को मामला दर्ज किया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि घटना के दिन सुबोध गौझू और शिवकुमार के साथ इन किशोरों के साथ बिरसा कॉलेज गेट के पास मारपीट हुई थी। कुछ घंटे बाद दोनों नाबालिग दोस्तों के साथ पिस्टल आदि लेकर महुआ टोली मैदान के पास गए और वहां मौजूद सुबोध कुमार गौंझू और शिवकुमार को गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज रिम्स रांची में चल रहा है।

### कोयबंटूर के इंजीनियरिंग कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध मौत, परिजनों का राजभवन के समक्ष प्रदर्शन

**रांची।** तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित कारुण्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में काम करने वाले झारखंड के बोकारो निवासी समीर कुमार की मौत संदिग्ध स्थितियों में हो गई। समीर के घर वाले इसे हत्या बता रहे हैं। समीर कुमार के शव के साथ गुरुवार को उनके परिजनों ने झारखंड में राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की।

28 वर्षीय समीर बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र के दातू गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बीते 14 अगस्त को कोयंबटूर की कारुण्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर येगदान किया था। उनका शव मंगलवार को संस्थान स्थित उनके कमरे में बेल्ट के सहारे फंदे पर झूलता पाया गया। समीर के घरवालों का कहना है कि उसकी हत्या कर शव को लटकाया गया है। वह आत्महत्या नहीं कर सकते।

परिजनों के मुताबिक सोमवार को ही समीर ने इंस्टीट्यूट में वार्डन के पद पर ज्वाइन किया था। समीर यह जिम्मेदारी स्वीकार करने को तैयार नहीं थी। इसे लेकर उन्होंने एचओडी से बातचीत भी की थी। एचओडी ने एक महीने बाद विभाग बदलने का आश्वासन दिया था। सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे परिजनों की उनसे से बात हुई थी। उससे पहले शाम को वीडियो कॉल कर उन्होंने अपना कमरा भी दिखाया और बताया कि वह शिफ्ट हो गया है। रात हॉस्टल में रहने वाले सभी स्टूडेंट्स का अटेंडेंस लेने के बाद वह सोएगा। परिजनों के अनुसार, घटना का खुलासा तब हुआ, जब वह मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे असेंबली में नहीं पहुंचे। संस्थान के कर्मी उसके कमरे पर गये तो बंद मिला। दरवाजा तोड़ने समीर का शव फंदे पर झूलता पाया गया। सूचना मिलने पर परिजन कोयंबटूर पहुंचे। आज फ्लाइट से उनका शव रांची लाया गया तो परिजनों के सब्र का बांध टूट पड़ा। उन्होंने रोते हुए राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## दुमका में ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर समेत तीन की मौत

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र की ढोड़ली पंचायत के बलमडीह गांव के पास गुरुवार को खाली ट्रैक्टर के असंतुलित होकर पलट जाने से ड्राइवर समेत तीन मजदूरों की दब कर मौत हो गई। जामा थाने की पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रैक्टर को हटाया और नीचे दबे तीनों के शवों को बाहर निकाला।

मृतक मजदूरों की पहचान जामा थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव के विनोद बास्की, मैनेजर बास्की और उसके साले संजय सोरेन के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 20 वर्ष के आसपास बतायी गई है। संजय सोरेन पालोजोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडी गांव का रहने वाला था। वह बहनोई मैनेजर बास्की के नयाडीह गांव स्थित घर पर रहकर मजदूरी करता था। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर जरमुंडी थाना क्षेत्र के रायपार गांव के निवासी यादव का है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम कराने के लिए सुरक्षित रखा गया है। साथ ही ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## रांची में टीपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चान्हो थाना पुलिस ने उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में गोविंद कुमार यादव, गुलाम गौस और मो फराज आलम उर्फ शाहरुख खान शामिल है। इनके पास से सात अलग-अलग कंपनी के मोबाईल, दो सिम कार्ड और चार आधार कार्ड बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि चान्हो थानान्तर्गत चोड़ा और बुढ़मू को जोडने वाली पुल का निर्माण कराया जा रहा है। पुल निर्माण का कार्य करा रहे कम्पनी के मालिक को छह सितम्बर को वाट्सएप्प कॉल के माध्यम से पांच लाख रूपया लेवी की मांग की गई।



लेवी की मांग टीपीसी के एरिया कमांडर विक्रम गंझु ने की। पैसे नहीं देने पर गोली मारने एवं काम नहीं होने देने की धमकी भी गंझु ने दी। इस संबंध में छह सितम्बर को थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। साथ ही धमकी देने वाले ने कहा गया था कि मोबाईल नंबर के पीछे मत पड़ो ऐसे काफी फर्जी सीम एवं सीम लेने का तरीका हम लोगों के पास उपलब्ध है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान और तकनीकी सहयोग के क्रम में मो फराज आलम ने पांच सिम कार्ड नंबर लेकर गुलाम गौस एवं गोविन्द के जरिये टीपीसी के एरिया कमांडर विक्रम गंझू को दिया। विक्रम गंझू ने मोबाईल से धमकी देकर लेवी के लिए राशि की मांग की। पुलिस ने मामले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और घटना में इस्तेमाल किये गए मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किया ।

## रामगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से टकराई भैंस, अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

**रामगढ़।** पूर्व मध्य रेलवे धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना-कोडरमा रेल लाइन पर गुरुवार को ट्रेन संख्या (22349) पटना-रांची वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन भैंस से टकरा गई। ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन डेढ़ घंटे की देरी से बरकाकाना जंक्शन पहुंची। घटना में यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जानकारी के अनुसार, कुजू स्टेशन के पार करते ही 11:16 बजे पोल संख्या 123/ए के समीप रेलवे ट्रैक को पार कर रही एक भैंस वंदे भारत एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद ट्रेन दुर्घटना स्थल पर खड़ी हो गई। घटना के बाद ट्रेन 98 मिनट की देरी से 01:08 बजे बरकाकाना स्टेशन पहुंची। आवश्यक जांच के बाद ट्रेन 01:22 बजे बरकाकाना से गंतव्य के लिए रवाना हुई।

स्टेशन प्रबंधक देवेश कुमार ने बताया कि भैंस का शरीर कटकर ट्रेन के इंजन व पहिए के नीचे जा फंसा। ट्रेन सामान्य गति में होने के कारण नियंत्रित कर ली गई वरना एक बड़ी घटना हो सकती थी। ट्रेन से भैंस के टकराने से जोर की आवाज होने पर ट्रेन में सवार यात्री घबरा गए। बाद में लोको पायलट ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को घटनास्थल के निकट रोक दिया। इसकी सूचना निकटवर्ती कुजू स्टेशन प्रबंधक को दी गई। कुजू स्टेशन प्रबंधक देवेश कुमार ने रेलवे कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया। बाद में सभी लोगों की मदद से ट्रेन के इंजन व पहिए के नीचे फंसे भैंस के शरीर के अवशेष को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि ऐसी घटना में अमूमन ट्रेन को रोकने की जरूरत नहीं पड़ती है लेकिन भैंस का शरीर इंजन के नीचे पहिए में फंस जाने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। उन्होंने कहा कि पशु पालक बेफिक्र होकर मवेशियों को खुला चरने के लिए रेलवे लाईन के किनारे छोड़ देते हैं। इसी कारण यह हादसा हुआ। संयोग है कि घटना सामान्य ही रही।

## उपलब्धि — नए सॉफ्टवेयर का कमाल, 8 भाषाओं में अनुवाद के लिए सॉफ्टवेयर तैयार

# अब अपनी मूल भाषा में पढ़ाई करेंगे विद्यार्थी



### ऐसे काम करेगा यह सॉफ्टवेयर

- सबसे पहले, सॉफ्टवेयर में स्वचालित वाक पहचान (एएसआर) शिक्षक के शब्दों और उनके बोलने के तरीके की सावधानीपूर्वक जांच करता है।
- दूसरे चरण में प्रोफेसर जो भी भाषा बोलेगा, उसे उसी भाषा में ट्रांसक्रिप्ट करेगा। बाद में इसका आठ भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा।
- तीसरे चरण में अनुवाद से क्षेत्रीय भाषा की त्रुटियों को सुधारा जाता है। भाषा सरल है या नहीं इसकी भी जांच की जाती है।
- चौथे चरण में तकनीकी शब्दों को अंग्रेजी शब्दों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं के समकक्ष शब्द दिए गए हैं। उदाहरण के तौर पर तेलुगू में लॉ एंड ऑर्डर को शांति बद्रतालू लिखा जाता है।

**हैदराबाद।** डिग्री और पीजी स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, छात्र अब डिजिटल मोड के माध्यम से अपनी मूल भाषा में पढ़ाई कर सकेंगे। अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं में बताया गया वीडियो पाठ 'स्पीच ट्रांसलेशन' सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्वचालित रूप से अनुवादित किया जाएगा। इसका ट्रांसक्रिप्शन छात्रों को लिखित रूप में दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी मद्रास और आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर संयुक्त रूप से विशेष सॉफ्टवेयर विकसित कर रहे हैं, ताकि 8 भाषाओं में उपलब्ध 45,000 डिजिटल पाठों को 22 भाषाओं में उपलब्ध कराया जा सके। डिजिटल पाठ वर्तमान में मातृभाषा में उपलब्ध हैं। भविष्य में गणित और विज्ञान के साथ-साथ इंजीनियरिंग विषयों तक बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय मानव संसाधन विभाग डिजिटल पाठ उपलब्ध कराने के लिए एक वेबसाइट स्वयं चला रहा है। दो साल पहले विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ डिजिटल पाठों का अनुवाद कर सभी भाषाओं में अनुवाद करने का निर्णय लिया गया था। आईआईटी मद्रास, बॉम्बे और ट्रिपल आईटी हैदराबाद सॉफ्टवेयर बनाने के लिए आगे आए। उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी गई। प्रोफेसरों ने एक विशेष टीम बनाई और एक वर्ष के भीतर आठ भाषाओं में अनुवाद के लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, 'स्वयं' वेबसाइट पर 45 हजार वीडियो पाठ उपलब्ध कराए गए हैं। एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, ताकि शिक्षकों को एक भाषा में दिए गए पाठों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद किया जा सके। यह दो सेकंड में चार में से दो चरणों का अनुवाद करता है।

**डिजिटल पाठ शिक्षा के भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे :** आईआईआईटी हैदराबाद प्रोफेसर राजीव संगल ने बताया कि, डिजिटल पाठ शिक्षा के भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसीलिए हम 22 भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध करा रहे हैं। डिग्री और पीजी स्तर के कुछ छात्र प्रोफेसरों के अंग्रेजी में दिए गए पाठ को समझ नहीं पाते हैं। मातृभाषा में विषय को समझने और उसके अध्ययन करने में आसानी होती है। इसीलिए हमने स्पीच ट्रांसलेशन सॉफ्टवेयर बनाया है। एक छात्र जो वीडियो में व्याख्यान देते समय आधा समझता है।

## डुमरी उपचुनाव : मतगणना आज प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव की मतगणना पचंबा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति के परिसर में शुक्रवार को होगी। वज्रगृह के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के चलते खाली सीट पर हुए उप चुनाव में मंगलवार को वोट डाले गये। यहां 64.84 प्रतिशत वोटिंग हुई है। मतदान संपन्न होने के बाद देर रात तक सभी 373 बूथों की ईवीएम वज्रगृह में जमा कराई गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरुवार को बताया कि पोस्टल बैलेट की काउंटिंग के बाद ईवीएम को वज्रगृह से लाकर कॉउंटिंग हॉल में रखा जायेगा। रुझान मतगणना शुरू होने के एक घंटे के अंदर आ जायेगा। उन्होंने बताया कि मतगणना 24 राउंड में पूरा होगा। प्रत्येक राउंड में 16 बूथों की काउंटिंग होगी। मतगणना हॉल में 16 टेबल बनाए गए हैं। एक टेबल ईटीपीबीएस के लिए उपलब्ध होगा।



एक आरओ का टेबल होगा, जिस पर पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए 25 सहायक, 25 सुपरवाइजर और 25 माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति केंद्र के अंदर होगी। इस तरह से शाम चार बजे तक मतगणना कार्य पूर्ण होने की संभावना है। मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने धारा 144 लगा रखा है। आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि बाजार समिति में वज्रगृह की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना के दिन भी केंद्र पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। आठ सितंबर को गिरिडीह बाजार समिति में मतगणना होगा। इसको लेकर आईएनडीआईए गठबंधन और एनडीए की ओर से तैयारी की जा रही है। मतों की गिनती के दौरान कार्यकताओं को काउंटिंग हॉल में भेजने का निर्णय लिया गया है। सभी का पास बनवाया जा रहा है। इन लोगों को संगठन की ओर से कई निर्देश भी दिये जा रहे हैं।

### ईवीएम में बंद है छह प्रत्याशियों का भाग्य

उप चुनाव में छह प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम में बंद है। इनमें आईएनडीआईए समर्थित झामुमो प्रत्याशी सह मंत्री बेबी देवी, एनडीए समर्थित आजसू पार्टी प्रत्याशी यशोदा देवी, एआईएमएआई के अब्दुल मोबिन रिजवी, निर्दलीय प्रत्याशी कमल प्रसाद साहू, नारायण गिरि व रोशन लाल तुरी शामिल हैं।

## प्रदेश में आरजेडी का संगठन विस्तार, कहीं चुनाव की तैयारी तो नहीं?

**रांची।** झारखंड में लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की ताकत लगातार कम होती गयी है। महागठबंधन के तहत 2019 में 07 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी को सिर्फ चतरा विधानसभा सीट पर मिली जीत से संतोष करना पड़ा। 2014 में तो विधानसभा चुनाव में पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया था। लोकसभा चुनाव में भी पलामू और चतरा सीट पर भी लालू यादव की पार्टी को 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। पहली बार राजद में जिलावार प्रभारी की नियुक्तिः राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश स्तर के नेता अक्सर 2024 में 17 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की बात ऑफ द रिकॉर्ड कहते रहे हैं। लेकिन इसके साथ साथ लालू प्रसाद यादव के आदेश का पालन की बात कहते रहे हैं। इस बार प्रदेश संगठन की ओर से पहली 24 जिलों में दो दो प्रभारी की नियुक्ति कर इशारा कर दिया है कि प्रदेश नेतृत्व की मंशा क्या है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक इच्छाशक्ति का महत्व : पी डेनियल

**नवीन मे संवाददाता। रांची**

भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण की दिशा में एक अभियान के भाग के रूप में, भारत सरकार द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी संरचना को मजबूत करने के लिए विभिन्न पहलें की गई हैं। देश की सत्यनिष्ठा के प्रति एक सर्वोच्च संस्था के रूप में, केंद्रीय सतर्कता आयोग इन अधिकांश पहलों में सबसे आगे रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, भ्रष्टाचार की गतिविधियों को दंडित करने और चिह्नित करने के साथ-साथ निवारक उपायों को संस्थागत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे शासन को आधुनिक बनाना, आईटी का लाभ उठाना, प्रक्रियाओं को फिर से तैयार करना, नियंत्रण और संतुलन को व्यवस्थित करना आदि। हालांकि, भ्रष्टाचार के प्रति कोई सहनशीलता नहीं (जीरो टोलेरेंस) के संदेश को आंतरिक बनाने और लागू करने में, नागरिक भागीदारी और सामूहिक इच्छाशक्ति इनसे जुड़ी पहलों के मूल में होना चाहिए। केंद्रीय सतर्कता आयोग, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में, सभी हितधारकों को एक साथ लाने और लोक प्रशासन में पारदर्शिता और निष्ठा लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए सहभागी सतर्कता की व्यवस्था का उपयोग करता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, जो इस दिशा में बड़े पैमाने पर होने वाला वार्षिक आउटरीच कार्यक्रम है, इस वर्ष 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह को सरकारी के साथ-साथ गैर-सरकारी हितधारकों से उत्साहपूर्ण भागीदारी और समर्थन प्राप्त हुआ है। संगठनों को सेमिनार, जागरूकता ग्राम सभा और जीवन के सभी क्षेत्रों में निष्ठा के महत्व को प्रसारित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आदि आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अब तक 16 मिलियन से अधिक नागरिकों और 2,50,000 से अधिक संगठनों द्वारा ई-निष्ठा संकल्प लिए गया है।

ये कार्यक्रम, भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुच्छेद 13 की भावना का भी पालन करते हैं, जिसके अनुसार, समाज की भागीदारी होनी चाहिए और सार्वजनिक क्षेत्र के बाहर व्यक्तियों और समूहों जैसे नागरिक समाज, गैर-सरकारी संगठनों और समुदाय-आधारित संगठनों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार के निवारण और इसके खिलाफ लड़ाई में, भ्रष्टाचार के अस्तित्व, कारणों और इसकी गंभीरता व इसके खतरे के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ायी जा सके। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पूर्व तैयारी के तहत तीन महीने का एक अभियान शुरू किया गया है, जिसमें छह निवारक सतर्कता उपाय शामिल किये गए हैं। इन उपायों को संगठनों के काम करने के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में चुना गया है। इनमें शामिल हैं - व्यक्तियों (व्हिसिलब्लोअर) की शिकायतों पर जागरूकता निर्माण, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, प्रणालीगत सुधार उपाय, शिकायत निपटान के लिए आईटी का लाभ उठाना, परिपत्रों, दिशानिदेर्शों व नियमावली को अद्यतन करना और लंबित शिकायतों का निपटान करना।

ये निवारक पहलें प्रक्रियाओं में सुधार और प्रणालीगत परिवर्तन लाने पर जोर देने के लिए शुरू की गई हैं। इनका लक्ष्य शासन में संपूर्ण बदलाव लाना है, जिससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। 2022 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से, केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा एक राष्ट्रव्यापी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देश भर के दस हजार से अधिक स्कूलों के लगभग 7.6 लाख छात्रों ने भाग लिया था। आयोग का शिकायत प्रबंधन पोर्टल, जिसका उद्घाटन पिछले साल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने का एक और प्रयास है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी नागरिक, जिसने केंद्र सरकार के किसी भी अधिकारी को गलत काम करते देखा है, सीधे आयोग में शिकायत दर्ज कर सकता है।

## नरकोपी रेलवे स्टेशन के विकास के लिये रेलवे ने उठाया कदम

**बेड़ो।** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने नरकोपी रेलवे स्टेशन के विकास एवं उसके उन्नयन के लिए अनेक कदम उठाया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बेड़ो प्रखंड के उप प्रमुख मोदस्सीर हक ने बताया कि इस संदर्भ में पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की को दक्षिण पूर्व रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय द्वारा गत दिनों एक पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि नरकोपी रेलवे स्टेशन का विकास कार्य,सकुर्लेटिंग एरिया की चहारदिवारी के निर्माण, पार्किंग क्षेत्र के विकास, प्लेटफार्म का विस्तार कार्य, रिटेनिंग सह चहारदिवारी के निर्माण, प्लेटफार्म पर आरसीसी बेंच का निर्माण, स्टेशन की बिल्डिंग और बाहरी पेंटिंग के विविध कार्य के संदर्भ में अनेक कदम उठाये गये हैं। इधर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने बताया कि इससे नरकोपी रेलवे स्टेशन पर अनेक बहु प्रतीक्षित निर्माण कार्य का पूरा होने की उम्मीद जगी है। इसके लिए कई कदम उठाये गये हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कष्ण जन्माष्टमी



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास क्षेत्रों मे गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रख कर पूजा अर्चना कर शुख शांति की कामना की। क्षेत्र के कई विद्यालयों एवं घरों में बच्चों को बाल गोपाल एवं राधाकृष्ण के रूप में सजाया गया। सिल्ली मारवाड़ी धर्मशाला स्थित राधाकृष्णन मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जो देर रात तक चला। सिल्ली बजार हरि मंदिर, राजा घर के ठाकुरबाड़ी, राधा-माधव आश्रम, श्री श्री हरे कृष्ण नामहट्ट संघ निचे टोला सिल्ली में जमाष्टमी को लेकर दिन भर कार्यक्रम आयोजित किया गया। रूगड़ी टोला ठाकुरबाड़ी में देर शाम स्थानीय भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुति से वातावरण को कृष्णामई कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं क्षेत्र के सभी पुजा स्थलों को भव्य रुप से सजाया गया तथा देर शाम भगवान को विभिन्न प्रकार के द्रव्य से अभिषेक तथा देर शाम भजन कीर्तन का आयोजन तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

## विद्यालयों में मनाया गया जन्माष्टमी का त्योहार



**सिल्ली।** जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बाजार में पूजन सामग्री की दुकानें लग गई थीं। जहां खरीदारी करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंदिरों में भी हवन, पूजन का आयोजन शुरू हुआ और कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। जन्माष्टमी पर्व भी अन्य त्योहारों की तरह हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके चलते लोगों ने पूजन सामग्री खरीदी साथ ही लोगों ने व्रत भी रखा। सिल्ली के विभिन्न विद्यालयों में को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने कृष्ण भगवान की वेशभूषा पहनकर उनके बाल रूप को प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों के उत्साहवर्धन के साथ शिक्षकों ने उन्हें श्री कृष्ण भगवान के बारे में जानकारी दी।

## अल्लापूजा एक्सप्रेस ट्रेन से शव बरामद



**सिल्ली।** राजकीय रेल थाना मुरी ने गुरुवार की सुबह ट्रेन नंबर 13352 अल्लापूजा एक्सप्रेस से 38 वर्षीय युवक का शव बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने बताया की मृतक मो शमीम अंसारी केरल मे काम करते थे।वह एलएपी धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन के एस 3 सीट नंबर 60 में गिरीडीह कोलडीहा अपना घर वापस लौट रहा था,लौटने के क्रम मे उनका अहले सुबह हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई। जिसकी सुचना मुरी स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर उसके दोस्तों ने दिया। जहां शव को बरामद कर रेल चिकित्सक को बुलाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। पंचनामा कर शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## रफीक अंसारी को पुलिस ने भेजा न्यायिक हिरासत में

**मांडर।** मांडर पुलिस ने कनभिट्ठा निवासी शोएब अंसारी पिता रफीक अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। शोएब अंसारी पर उसकी पत्नी ने पारिवारिक विवाद के बाद मासिक खर्च नहीं देने का आरोप लगाया था।

## बेड़ो के केशा में ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई सड़क



**बेड़ो।** पिछले कई वर्षों से ग्राम सभा में उठ रही सड़क निर्माण की मांग के बाद अन्ततः ग्रामीणों ने खुद सड़क निर्माण कार्य का बीड़ा उठाया। मामला बेड़ो प्रखंड के केशा गांव स्थित पंचायत सचिवालय केशा के बगल में गांव के अखर जाने वाली कच्ची रास्ता का है जो बहुत खराब हो गया था। वही इसी रास्ते त्योहारों में ग्रामीणों का आवागमन होता है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अंततः ग्रामीणों ने उक्त सड़क की मरम्मत करने का बीड़ा उठाया और ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क को चलने लायक बनाया। ग्रामीणों ने सड़क पर मिट्टी व मोरम डालकर मरम्मत कर सड़क पर बने गड्ढों को भरकर आने-जाने लायक बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि श्रमदान के माध्यम से रास्ते को चलने लायक बनाया जा रहा है। उबड़ खाबड़ व गड्ढा रहने से लोगों को अत्यधिक परेशानी होती थी। इस कारण सड़क को चलने लायक बनाया गया। श्रमदान करने वालों में एतवा पहान, बुधवा उरांव, जतरू उरांव कर्मा उरांव, पंचु उरांव महेन्द्र गोप, पुने उरांव, एतवा उरांव, विरशु उरांव, वृज उरांव, परदेशिया उरांव, सागु गोप, काली उरांव, अभय गोप, संदीप गोप, सनी उरांव, वाशु उरांव, सुनीता उरांव सहित गांव के अन्य ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

## सुदेश महतो ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने गुरुवार को दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। इनमें राहे प्रखंड के लोवाहातू पंचायत के चुतरुडीह के बावना टोला में 500 फीट और डुमरडीह में 500 फीट सड़क निर्माण कार्य शामिल है। विधायक निधि से कुल 14 लाख की लागत से दोनों पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे हैं। हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है। गांव को राशन और पेंशन से ऊपर लाना है। शिक्षा को लेकर स्मार्ट क्लास, निशुल्क कोंचिंग, निशुल्क बस सेवा,पुस्तकालय आदि की व्यवस्था किया जा रहा है।

### टेट पास पारा शिक्षकों का 17वें दिन भी आंदोलन जारी

# एनडीए विधायक सीपी सिंह और लंबोदर महतो का मिला समर्थन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वेतनमान की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे टेट पास पारा शिक्षकों का आंदोलन 17वें दिन भी जारी रहा। सरकार की वादाखिलाफी से नाराज होकर धरना दे रहे पारा शिक्षकों से मिलने बीजेपी विधायक सीपी सिंह और आजसू विधायक लंबोदर महतो पहुंचे। एनडीए के दोनों नेताओं ने पारा शिक्षकों को इस दौरान आश्वासनों की झड़ी भी लगाई और टेट पास पारा शिक्षकों के आंदोलन को जायज बताते हुए समर्थन भी देने की बात कही। बीजेपी विधायक सीपी सिंह ने कहा कि टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान देने के मुद्दे पर पिछली सरकार में काफी बात आगे बढ़ चुकी थी। मगर तब तक चुनाव आने की वजह से नहीं हो पाया और सरकार बदल गई। जिन्होंने इन्हें आश्वासन देकर सत्ता पर बैठने का काम किया आज वही इन्हें भुला दिए हैं। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि इनकी मांगों को सदन में पहले भी उठाया गया है और आगे भी सरकार पर दवाब बनाने का काम किया जायेगा। 17वें दिन पाकुड़ के टेट पास पारा शिक्षकों ने दिया धरनाः राजभवन के समक्ष टेट पास पारा शिक्षकों के अनिश्चितकालीन धरना के 17वें दिन पाकुड़ के शिक्षकों ने आंदोलन किया। प्रदेश संयोजक प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रत्येक दिन अलग-अलग जिलों को धरना में शामिल होने की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार जब तक हमलोगों की मांग पूरा नहीं करती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि 17 दिनों से आंदोलन चल रहा है, मगर सरकार के एक भी अधिकारी ने वार्ता के लिए पहल नहीं की है। भारी बारिश के बीच राज्य के टेट पास पारा शिक्षक आंदोलन करने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार के कान में जू नहीं रेंग रहा है।

## बंधु किस्पोट्टा का शव बरामद, अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची रोड पूजा रेस्टोरेंट के पीछे खेत में बने एक कुआं से एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से पूरे गांव में यह खबर तेजी से आगे की तरह फैल गई। इसके बाद घटना की सूचना पाकर बेड़ो थाना के सब इंस्पेक्टर प्रभारी रामचंद्र यादव ने सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर व्यक्ति के शव को अपने कब्ज में लेकर बेड़ो थाना ले आए। जहां बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान मांडर थाना क्षेत्र के बूढ़ा खुखरा गांव निवासी 59 वर्षीय बंधु किस्पोट्टा पिता स्वर्गीय गंगु किस्पोट्टा के रूप में हुई है। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मांडर के बूढ़ा खुखर गांव निवासी 59 वर्षीय बंधु किस्पोट्टा 5 सितंबर शिक्षक दिवस की शाम से लापता हो गया था। जिसके दो दिनों के बाद गुरुवार को बेड़ो पुलिस ने लापता बंधु किस्पोट्टा के शव को कुएं से बरामद किया है। इधर घटना की जानकारी के बाद बेड़ो थाना पहुंचे परिजनों में बेटी शांति किस्पोट्टा, मानती किस्पोट्टा व देवंती किस्पोट्टा समेत परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल था। जहां परिजनों ने इस घटना पर हत्या की आशंका जताई है। वही घटना को लेकर मृतक के भतीजा राम किस्पोट्टा ने बेड़ो थाना में अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है। इधर बेड़ो पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को रांची रिम्स भेजकर घटना के हर पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## छात्र के जीवन में शिक्षकों की रहती है अहम भूमिका : नेसार



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर कंदरी मोड़ के समीप स्थित वंडरलैंड स्कूल में शिक्षक दिवस सह कृष्णोत्सव का आयोजन बहुत ही धूम धाम से किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक मो. नेसार आलम व प्राचार्या अनामिका राज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया। निदेशक नेसार आलम ने छात्रों को डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से सीख लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने छात्रों को गुरुजनों के बताए राह को अपनाते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की प्रेरणा दी साथ ही शिक्षकों को छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में कोई भी समझौता नहीं करने को कहा।शिक्षक का जीवन ईश्वर का दिया अनमोल तोहफा है जो सभी के अज्ञान के अंधकारमय जीवन को आजीवन प्रकाशमय करने में गुजरता है इसे हर शिक्षक को सदा स्मरण रखना चाहिए। इसमें बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें नृत्य, नाटक, वक्तव्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को, डालसा ने की पूरी तैयारी

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ सितंबर को व्यवहार न्यायालय में किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक जारी है, जो आठ सितंबर तक चलेगा। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची (डालसा) द्वारा तैयारी पूरी कर ली गयी है। पारा लिगल वोलेंटियर्स (पीएलवी) गांवों में लोगों को जागरूक कर रहे है। न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष एके राय, सीजेएम मिथिलेश कुमार सिंह, डालसा सचिव राकेश रंजन ने अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने के लिए निर्देश दिये थे। डालसा सचिव ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे वादी के समय व धन की बचत होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित मामले, वैवाहिक मामले, पारिवारिक मामले , मोटरयान, माप-तौल से संबंधित मामलों को चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस भेज दिया गया है।

# घर से बुला कर युवक को अपराधियों ने मारी गोली ,गोंदा इलाके की वारदात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोंदा थाना क्षेत्र स्थित सीसीएल गांधीनगर गेट के पास अपराधियों ने अमन कुमार नाम के एक युवक के को गोली मार दिया , अमन को तीन गोलियां लगी हैं गंभीर अवस्था में उसे रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

**घर से बुलाकर मार दी गोली :** मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय अमन कुमार रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। गोलीबारी की वारदात बुधवार आधी रात की है। घायल अमन ने पुलिस को बयान दिया है कि हर दिन की तरह काम से लौट कर वह अपने सुखदेव नगर स्थित घर में आराम कर रहा था।बुधवार की रात के करीब 11 बजे अमन का दोस्त विकास ने उसे फोन कर कहा कि कुछ जरूरी काम से कांके रोड चलना है तुम तैयार रहो वह उसे घर लेने आ रहा है। हालांकि अमन ने विकास से यह बताया कि वह बहुत थका हुआ है वह कहीं नहीं जाएगा लेकिन विकास की जिद की वजह से वह उसके साथ उसकी बाइक पर बैठकर कांके रोड की तरफ चला गया। उसे दौरान बाइक पर एक तीसरा व्यक्ति भी मौजूद था जिसे अमन नहीं पहचानता था तीनों एक ही बाइक से कांके रोड के गांधीनगर गेट के पास पहुंचे थे। गांधीनगर गेट पहुंचने के बाद विकास ने भाई को ही रोक दी और उतरकर गुटखा खरीदने लगा। कुछ ही देर में विकास वापस लौटा और अपने कमर में रखे पिस्तौल निकाल कर उसके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग करने लगा। गोली लगने के बाद अमन मौके से भागने लगा लेकिन विकास ने उसे दौड़कर एक और गोली मार दी।

**बस के पीछे छुप बचाई जान :** घायल अवस्था में ही अमन गांधी नगर गेट के पास खड़े एक स्कूल के बस के पीछे जाकर छुप गया। उसे दौरान भी हाथ में पिस्टल लिए विकास उसे ढूंढ रहा था लेकिन जब वह उसे नहीं मिला तब वह वापस चला। घायल अवस्था में ही अमन ने अपने बड़े भाई आनंद को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद उसका भाई भागे भागे मौके पर पहुंचा और अपने एक दोस्त के साथ उसे खून से लथपथ अमन उठाकर रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया। अमन ने पुलिस भैया बताया है कि कुछ दिन पूर्व उसका विकास और उसके एक दोस्त के साथ झगड़ा हुआ था।

### जांच में जुटी पुलिस

घायल अमन के बयान पर रांची के गोंदा थाने में फिर दर्ज कर ली गई है।गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी हाशिल हुई है,गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। अमन को तीन गोलियां लगी थी रिम्स में डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसकी सभी गोलियां बाहर निकाल दी है अब वह खतरे से बाहर है।

### रोक जरूरी — अश्लील वीडियो की ऑनलाइन हो रही है सौदेबाजी

# तफ्तीश में जुटी सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची सहित कई अन्य शहरों में बड़े पैमाने पर ऑनलाइन तरीके से लोगों को चाइल्ड पॉर्नोग्राफी जैसे एडल्ड कंटेंट बेचे जा रहे हैं। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच में इस संबंध एक एफआईआर दर्ज की गई है। रांची के बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार के बयान पर दर्ज एफआईआर की जांच साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा की जा रही है। रांची सहित कई शहरों में ऑनलाइन पेमेंट कर बच्चों के अश्लील वीडियो को न सिर्फ देखा जा रहा है बल्कि इसे दूसरे ग्रुप में भी धड़ल्ले से शेयर किया जा रहा है। टेलीग्राम मोबाइल ऐप के जरिए कई ग्रुप्स बनाकर चाइल्ड पॉर्नोग्राफी परोसे जाने का मामला बीते सप्ताह सामने आया था। रांची के बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार ने खुद पूरे मामले में स्टिंग कर इसका खुलासा किया। इसके बाद इस मामले की जानकारी सीआईडी डीजी और सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच को दी। बैद्यनाथ कुमार द्वारा लिखित शिकायत दर्ज किए जाने के बाद सीआईडी ने पूरे मामले की जांच करायी तो मामला सत्य पाया गया। इसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज की गई। बाल अधिकार कार्यकर्ता बैधनाथ कुमार के अनुसार सीबीआई के द्वारा पूरे भारतवर्ष में चाइल्ड पॉर्नोग्राफी के मामले को लेकर एक साथ कार्रवाई की गई थी। इस दौरान झारखंड के गुमला में भी सीबीआई ने दबिश दी थी। इसके बावजूद ये एडल्ट कंटेट धड़ल्ले से सोशल साइट्स के जरिए लोगों को परोसी जा रही है और उसके लिए उनसे पैसे भी लिए जा रहे हैं। इन अश्लील वीडियो में 7 साल से लेकर 14 साल की बच्चियों का प्रयोग किया जा रहा है जो अपने आप में जघन्य अपराध है। **साइबर ब्रांच कर रही है जांचः** ये मामला जब सीआईडी के संज्ञान में आया तो उन्होंने इसे लेकर प्रारंभिक जांच भी की, जिसमें उन्हें कई चौंकाने वाले तथ्य मिले। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए एडल्ट कंटेंट की प्रारंभिक सीआईडी जांच में आए तथ्यों के बाद ही सीआईडी साइबर क्राइम ब्रांच केस दर्ज की गई। एफआईआर में यूपीआई नंबर 9341466767 के प्रयोगकर्ता के साथ साथ छह टेलीग्राम लिंक संचालकों और उनके मोबाइल नंबर 8287527671 और 8377892324 पर एफआईआर दर्ज हुआ है। चाइल्ड पॉर्नोग्राफी की ऑनलाइन सौदेबाजी में दिल्ली के सूर्या नाम के व्यक्ति की संलिप्तता बतायी जा रही। मामले की तफ्तीश को लेकर साइबर क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस के भी संपर्क में है। चाइल्ड राइट फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी।

## महादानी मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। वहीं महादानी मंदिर प्रांगण स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर को विद्युत सज्जा व फूलों आकर्षक रूप से सजा कर रात्रि बारह बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। पूजा पुजारी अशोक पंडा व सोनु पंडा के द्वारा विधिवत रूप से पुजा अर्चना कराया गया। मध्य रात्रि श्री कृष्ण जन्म जन्मोत्सव पर महाआरती व व्रत करने वाले भगतों ने श्री कृष्ण को पालने में झुलाया। वही महादानी सेवा सत्संग समिति के द्वारा भजन कीर्तन, आर्यन कोचिंग डांडिया व मटका फोड़ कार्यक्रम,राधे कृष्ण मंदिर के संस्थापक स्व भवानी बड़ाइक के वंशजों द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम व अहीर समाज के द्वारा खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने धनिया के भुने हुए प्रसाद रुपी अंजीर का महाप्रसाद ग्रहण कर उपवास का पारण किया।

# देश में पिछड़े मुसलमान राजनीतिक शोषण के शिकार : मुफ़्ती अब्दुल्ला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछड़ा मुस्लिम महासंघ के संयोजक मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि आजाद भारत में पिछड़े मुसलमान शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक शोषण का शिकार हैं। भारत को आजाद हुए 76 साल हो गए हैं, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधियों ने जानबूझकर इस समाज पर ध्यान नहीं दिया। जबकि मुस्लिम समाज के 85 प्रतिशत मुसलमान विकास के मार्ग से वंचित होता गया। ताकि यह बड़ी जमात को गरीबी में जीने पर मजबूर कर दिया जाए। लोकतांत्रिक देश में वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाए। पिछड़े मुस्लिम राजनेताओं की राजनीतिक रणनीति को समझने में बहुत देर हो गई और मुस्लिम राजनेता भी दोहरी नीति अपना रहे हैं। कमजोर वर्ग को हिस्सेदारी देने के लिए संविधान में आरक्षण दिया गया है। देश में एसटी, एससी और अन्य वर्गों को आरक्षण दिया गया है और इसी के चलते ये पार्टियां हर पद पर रहकर देश के विकास के लिए बेहतर काम कर रही हैं। पिछड़े मुस्लमान देश की आजादी के लिए बहुत बड़ा बलिदान दिया है। डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी, शहीद शेख भिकारी, मियां बत्तख अंसारी जैसे हजारों लोगों ने देश की मिट्टी और लोगों के लिए योगदान दिया है। लेकिन आज उनके वंशज भारत में भीख का कटोरा लेकर दर बद्र की ठोकरें खा रहे हैं। मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने अपने बयान में कहा कि 341 में साजिश के तहत मुस्लिम धर्म को शामिल कर के मुख्यधारा से हटाने की साजिश रची गई थी। यही कारण है कि देश में पिछड़े मुसलमानों को देश के पिछड़े भाइयों की तरह आरक्षण नहीं दिया गया। अब्दुल्ला अजहर कासमी ने अपने संदेश में कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़े मुसलमानों की वकालत की और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही है। इसके लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं। नया संकल्प धारा 341 को समाप्त कर लोकतांत्रिक देश में पिछड़े मुसलमानों के लिए विकास के द्वार खोलेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने देशवासियों को जन्माष्टमी की दी बधाई

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समस्त देशवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को ट्विटर करके सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी है।

### मोबाइल दुकान में लगी आग, लाखों के सामान जलकर राख



**रांची।** जिले के मुरहू चौक स्थित एक मोबाइल दुकान में बुधवार की रात लगभग पौने तीन बजे भीषण आग लग गई। लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गए। मोबाइल दुकान धनंजय प्रसाद की थी। जानकारी के अनुसार मुरहू थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर दिगंबर पांडेय रात्रि गश्ती कर रहे थे। उन्होंने मोबइल दुकान में आग की लपटें देखकर इसकी सूचना दुकान के मालिक धनंजय प्रसाद और मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरूण कुमार साबू को दी। मामले की जानकारी मिलते ही उप प्रमुख ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार को दी। दकमल की गाड़ी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी। दमकल के प्रयास से आग पर जल्द काबू पा लेने के कारण आसपास की कई दुकानें जलने से बच गई। इसके लिए दुकानदारों ने उप प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सूडा के नये सहायक निदेशक के रूप में सूरज उरांव ने किया पदभार ग्रहण



**रांची।** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) रांची में नये सहायक निदेशक के रूप में सूरज उरांव ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे कोडरमा में परिक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। सूरज उरांव ने अपनी पढ़ाई मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीआइटी मेसरा से पूरी की है। जेपीएससी की परीक्षा पास करने के पूर्व वे निजी क्षेत्र में प्रोसेस इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि वे अपने पद पर रहते हुए राज्य के शहरी क्षेत्रों में चल रही विभिन्न योजनाओं की निगरानी एवं निरीक्षण करेंगे एवं उनका ससमय क्रियान्वयन कराने में अहम योगदान देंगे।

# श्री श्याम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही भव्य रूप में मनाया गया । खाटू धाम एवम राँची हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव साथ में मनाया गया । आज सुबह मंदिर के पट खुलते ही भक्तो की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। सुबह 5 बजे पट खोल दिए गए उसके बाद 5.30 बजे मंगल आरती 8.30 बजे श्रृंगार आरती और 12.15, बजे विश्राम आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिए गए। 4.30 बजे पुनः मंदिर के पट खुलने के पहले सी भक्तो की भीड़ दर्शन के लिए मंदिर परिसर में आ गई थी। चंद्रमा पर विराजित बाबा का रूप बड़ा ही सलोना लग रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे एक चांद पर दूसरे चांद के रुप में विराजमान खाटू नरेश भक्तो को अपनी चांदनी छटा से सराबोर कर रहे थे। चंद्रायन के मॉडल के तर्ज पर आज लड्डू गोपाल को लैंडर पर विराजित किया गया था रोवर तथा लॉन्चर भव्य लग रहे थे। दस हजार से ज्यादा विशिष्ट डच गुलाब की लाल और पीले सुगंधित फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को सजाया गया था। जन्माष्टमी के अवसर पर पहली बार पूरे मंदिर परिसर में विराजमान सभी देवी देवताओं एवं खाटू नरेश को डच गुलाब का श्रृंगार किया गया था।इसके पहले खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंदिर के आचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सह मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि जन्माष्टमी का प्रसाद केसरिया पेडा बादाम की बर्फी धनिया की पंजरी आदि का प्रसाद मंदिर में ही निर्मित किया गया था। मंदिर के गर्भगृहों के बाहर सुगंधित जूही टेसू फूलों से भव्य सजावट की गई थी। लड्डू गोपाल के झूले को बहुत ही सुन्दर रूप से सजाया गया था जिससे देख भक्त भाव विभोर हो रहे थे भक्त अपने कान्हा को झूले में देख कर खुद को रोक नहीं पा रहे थे। । लाल और पीले बैलून से पूरा मंदिर परिसर को सजाया गया था। कार्यक्रम संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस बार बाल रूप में सज धज कर आने वाले राधा कृष्ण को खाटू नरेश का विशेष प्रसाद भी उपहार स्वरूप दिया गया। गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 8:00 बजे से संगीतमय भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। मोहिनी केडिया भजन माला प्रस्तुत करने के लिए गुरुवार को प्रातः रांची आ गई थीं। मंडल के सदस्यों एवं स्थानीय प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा भजनों का कार्यकर्म शुरू हुआ । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व सभी कार्यकर्म आयोजित हुए।भजन गाने वालों में श्रवण ढानढनिया श्याम सुन्दर शर्मा सलज अग्रवाल पवन शर्मा तनय काठपल गौरव अग्रवाल ने भजनों से भक्तो को झुमाया। मोहिनी केडिया ने भक्तो को रात्री जन्मोत्सव तक भक्तो को झुमाया। रात्री 12 बजे जन्मोत्सव आरती के बाद भक्तों के प्रसाद वितरण के बाद जन्माष्टमी महोत्सव का कार्यकर्म समाप्त हुआ। आज मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया प्रदीप राजगढ़िया पंकज गाड़ोदिया अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी प्रकाश काबरा आदि मौजूद थे।

### सिकीदिरी में दो वाहनों की भिड़ंत में पांच घायल, एक गंभीर



**रांची।** रांची के सिकीदिरी थाना क्षेत्र के हुंडरू फॉल के समीप में गुरुवार सुबह दो वाहनों की भिड़ंत हो गई। घटना के बाद अनियंत्रित होकर गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान शीतल कुमारी, सुकरी देवी, लखीमनी देवी, दुही देवी और नेपाल बेदिया के रूप में हुई है। घायल शीतल कुमारी की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं सिकिदिरी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

### रांची में निकाला चेहल्लुम का जुलूस



**रांची।** चेहल्लुम के अवसर पर राजधानी रांची में गुरुवार को शिया समुदाय का अंजुमन जाफरिया की ओर से मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में नौहा खानी, मर्सिया खानी और मातम करते हुए अजादार जुलूस में चल रहे थे। जुलूस अनवर आर्केड से निकाला गया जो मेन रोड अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट होते हुए चर्च रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक पहुंचकर संपन्न हुआ। अनवर आर्केड में मजलिस चेहल्लुम शहीदाने कर्बला का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली से आए मौलाना सैयद गुलाम अली नकवी ने संबोधित करते हुए इमाम हुसैन के पैगाम पर प्रकाश डाला। मुंबई से आए मौलाना सैयद नसीर आजमी ने उर्दू लाइब्रेरी के पास जुलूस को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में कौन है जो इमाम हुसैन का जिक्र नहीं करता। पूरी दुनिया इमाम हुसैन का जिक्र करता है और करता रहेगा। जुलूस विक्रांत चौक के पास पहुंचा तो मौलाना सैयद बाकर रजा दानिश, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अकील उर रहमान, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, सर्वधर्म के अध्यक्ष मो इस्लाम, सागर कुमार, जितेंद्र कुमार, डीएसपी, शायर सोहेल सईद, सैयद नेहाल आदि ने संबोधित किया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित अन्य थाना प्रभारी जुलूस के सुरक्षा में तैनात दिखे। इस अवसर पर सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

### एचईसी कर्मचारी 14 को राजभवन के समक्ष देंगे धरना

**रांची।** कार्यशील पूंजी और कर्मचारियों को बकाया वेतन देने की मांग को लेकर 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष एचईसी कर्मचारी धरना देंगे। धरना में एचईसी कॉलोनी के लोग भी शामिल होंगे। धरना को सफल बनाने के लिए गुरुवार को एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति की बैठक एफएफपी गेट के सामने हुई। इसमें घेराव कार्यक्रम के पूर्व सभा और जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। दस सितंबर को एचईसी कॉलोनी और आसपास के गांवों में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा की जाएगी। 11 को सुबह 10:30 बजे से एचईसी मुख्यालय के समक्ष सभा और एक बजे से एफएफपी गेट पर सभा की जाएगी। 12 को 12 बजे से एचएमटीपी गेट के सामने सभा होगी। इसके बाद बाइक रैली कॉलोनी में निकाली जाएगी और लोगों से धरना में शामिल होने की अपील की जाएगी। 13 सितंबर को सुबह 10:30 बजे मुख्यालय पर सभा और एक बजे एफएफपी गेट के सामने सभा होगी।

### पदयात्रा में शामिल होने रांची पहुंचे कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, कहा-

# भाजपा ने देश की राजनीति का गिराया दिया है स्तर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे गुरुवार को रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दीपिका सिंह पांडे सहित कई कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते हुए झारखंड के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। आज भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे हो चुके हैं, जिसकी खुशियां पूरे देश के साथ-साथ झारखंड के भी कांग्रेस कार्यकर्ता मना रहे हैं। अविनाश पांडे ने कहा कि जितने भी गैर भाजपा सरकारें और पार्टियां हैं, वो सभी आज एकजुट होकर देश को अनकहे अपातकाल से बचाने के प्रयास में जुट गई हैं। गैर भाजपा पार्टियां जब भाजपा की सच्चाइयों को बताने का प्रयास कर रही हैं तो भाजपा के लोग पूरे देश को इस मुद्दे से भटका रहे हैं।उन्होंने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र भारी खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी जिस तरीके से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में देशवासियों और सत्ता के विपक्ष में बैठे लोगों का विचलित होना लाजमी है। उन्होंने कहा कि पार्लियामेंट में हर बार मनमानी कर सत्र बुलाया जाता है और अपने हिसाब से विधेयकों को पास कराने का काम किया जाता है। केंद्र सरकार का यह रैवया बताता है कि वह देश को अपने मन मुताबिक चला रहे हैं। 'भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल किया जाएगा': उन्होंने कहा कि जब-जब देश की जनता को गुलाम समझा जाएगा और उन्हें बेवकूफ बनाया जाएगा, तब तक कांग्रेस आवाज उठाती रहेगी। आज जिस तरह से देश में राजनीति का स्तर गिरा है, जिस तरह की दुर्दशा से देश की राजनीति गुजर रही है, उससे निजात दिलाने के लिए कांग्रेस ने एक आंदोलन शुरू किया है। इस आंदोलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल किया जाएगा। बता दें कि झारखंड कांग्रेस की तरफ से भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरा होने पर राज्य भर में पदयात्रा निकाली जा रही है। इसी में शामिल होने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे रांची पहुंचे हैं।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव, बच्चों ने दिया प्रतिभा का परिचय



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। छात्रों ने बांसुरी बनाना, मटका बनाना और भगवान कृष्ण की मुकुट सजावट जैसी कई मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने मिट्टी के बर्तनों और बांसुरी को सुंदर सितारों, रिबन और मोर पंखों से सजाकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने कृष्ण और राधा बनकर डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया। स्कूल परिसर में कृष्ण के जीवन की घटनाओं को दशार्ते हुए एक सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया गया तथा गलियारे को भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े दृश्यों से सजाया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने सभी को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और रंगारंग नृत्य प्रस्तुति की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को इस शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस कृष्ण जन्माष्टमी पर हमें अपने अंदर के कंस को खत्म करने तथा धर्म की पुनर्स्थापना करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने छात्रों को यह भी याद दिलाया कि जन्माष्टमी केवल भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा त्योहार है जो प्रेम और कर्म का संदेश फैलाता है।

### सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की पहल से जनता को होगा फायदा

# 9 को कतरासगढ़ स्टेशन पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस को दिखायेंगे हरी झंडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को पांच ट्रेनों की सौगात दी है। कतरासगढ़ स्टेशन में साप्ताहिक अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस और कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव होगा। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी 9 सितंबर को कतरासगढ़ स्टेशन पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस को 5:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह यह ट्रेन कोलकाता से आकर अहमदाबाद जाएगी। साथ ही कोरोना की वजह से बंद रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस, रांची गोड्डा एक्सप्रेस और पटना हटिया एक्सप्रेस का भी ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर होगा। रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस 13403/04, रांची गोड्डा एक्सप्रेस 18619/20 और पटना हटिया एक्सप्रेस 19607/19608 का कतरासगढ़ स्टेशन पर 9 सितंबर से ठहराव होगा। जबकि कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस 19607/19608 का ठहराव 13 सितंबर से होगा। मालूम हो कि लंबे समय से राज्य व क्षेत्र की जनता अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस और कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर करने की मांग कर रही थी और इसको लेकर कई मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का ध्यान भी आकृष्ट कराया। साथ ही कोरोना से पूर्व रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस रांची गोड्डा एक्सप्रेस और पटना हटिया एक्सप्रेस का ठहराव होने और कोरोना से अब तक बंद इन ट्रेनों का ठहराव पुनः कतरासगढ़ स्टेशन पर करने को लेकर भी सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से लोगों मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कतरासगढ़ स्टेशन धनबाद जिले के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में आता है, जो गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में है।

## रांची नगर निगम ने निकाला जागरुकता रैली, दिया लोगों को स्वच्छता का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम ने इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज के अवसर पर गुरुवार को जन जागरुकता रैली निकाली। इस वर्ष का थीम टूगेदर फॉर क्लीन एयर था। रैली को रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह ने निगम कार्यालय से रवाना किया। रैली का उद्देश्य नीले आसमान के लिए स्वच्छ हवा का होना और उसकी आवश्यकता तथा सभी शहर वासियों को मिलकर एक साथ साफ हवा के लिए समर्पित होना सुनिश्चित करना है। यह रैली नगर निगम कार्यालय से शहीद चौक होते हुए परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक (फिरायालाल चौक) तक निकाली गई। इसमें शामिल लोगों ने क्लीन रांची-ग्रीन रांची एवं क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज का नारा लगाते हुए पैदल मार्च किया। साथ ही शहरवासियों को संदेश दिया कि अधिक से अधिक पैदल चलें, जिससे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों साफ रहे। रैली में नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, निगम के कर्मचारियों एवं कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### जन्मोत्सव | वेटनरी कॉलेज में जन्माष्टमी का पर्व धूम-धाम से मनाया गया

# भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा होनी चाहिए : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के रांची वेटनरी कॉलेज में हरेक वर्ष की भांति गुरुवार देर रात जन्माष्टमी का पर्व धूम-धाम से मनाया गया। कॉलेज परिसर में पारंपरिक विधि से विधिवत जन्माष्टमी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह, डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद, डीन पीजी डॉ. एमके गुप्ता, शिक्षकों में डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. एसएस कुल्लू, डॉ. नंदिनी कुमारी, डॉ शैलेन्द्र कुमार रजक, डॉ. रितु तिर्की सहित छात्र झ छात्राओं ने श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। सबों ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की एवं आरती में भाग लिया। मौके पर कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने पुरे विश्वविद्यालय परिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की। सबों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने जन्माष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास का पर्व बताया और छात्र- छात्राओं के उत्साह एवं उमंग की सराहना की। डीन पीजी डॉ. एमके गुप्ता ने इसे जीवन में भक्ति भाव एवं आदर्शों के संदेश का अद्भुत क्षण बतलाया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आयोजन कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र झ छात्राओं द्वारा किया गया।

### बिरसा कृषि विवि में एनएसएस क्रेडिट प्रणाली लागू की जाएगी



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के अधीनस्थ सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) क्रेडिट प्रणाली लागु की जाएगी। इस आशय का प्रस्ताव बीएयू की आगामी एकेडेमिक कौंसिल की बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तावित किया जायेगा। यह निर्णय कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बीएयू एनएसएस एडवाइजरी कमिटी की बैठक में लिया गया। इसे राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेर्शानुसार विद्यार्थियों में एनएसएस के प्रति रुझान और सामाजिक सेवा की गतिविधियों से लगाव बढ़ाने के लिए किया गया है। इस क्रेडिट प्रणाली के तहत हरेक वर्ष एनएसएस से जुड़ने वाले स्वयंसेवकों (विद्यार्थियों) को एक वर्ष में 120 घंटे एवं एक सेमेस्टर (यानि छः माह) में 60 घंटे सामाजिक सेवा से जुड़े गतिविधियों का कार्य करना होता है। एक स्वयंसेवक को एक दिन में कम से कम तीन घंटे सामाजिक कार्य करना जरुरी है। दो वर्षो तक एनएसएस के साथ जुड़कर समाज सेवा कार्य करने वाले स्वयंसेवक को हर सेमेस्टर (छमाही) में दो क्रेडिट पॉइंट मिलेगा, जो उनके एकेडेमिक रिकॉर्ड में जुड़ेगा।

### सड़क बनवाने के लिए ग्रामीणों ने अधिकारियों को घेरा

**इटकी।** इटकी त्रिबिंधा चौक से पलमा गांव तक पांच किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य सात करोड़ रुपये से एक सप्ताह में शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने गुरुवार को सड़क का मुआयना करने पहुंचे अधिकारियों को घेर लिया इसके बाद अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में इंजीनियरों की एक टीम सड़क का निरीक्षण कर रही थी। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंचे और सड़क का निर्माण कार्य कबतक शुरू करेंगे इसको लेकर अड़ गए। एसडीओ ने ग्रामीणों को एक सप्ताह में सड़क का निर्माण शुरू कराने की बात कही। इस सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पा नेहा तिर्की ने नवंबर 2022 में किया था। ढाई करोड़ रुपये से इस सड़क का निर्माण किया जाना था, परंतु ठेकेदार द्वारा काम अधूरा छोड़ दिया गया। सड़क की जर्जर स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने पिछले दिन सड़क पर धनरोपनी कर सड़क का जल्द निर्माण करने की मांग की थी। इंजीनियरों से पूछताछ में तरगड़ी गांव के ग्राम प्रधान मंटू केरकट्टा, सईद अंसारी, सोमा, लच्छू, सूरज, संतोष आदि ग्रामीण शामिल थे।

### 9, 10 सितंबर को मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम चलाएगी भाजपा

## सभी घरों से किया जायेगा मिट्टी का संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा 9 व 10 सितंबर को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव एवं शहरों में घर घर से मिट्टी संग्रह का अभियान चलाएगी। जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं हों वहां से एक मुट्ठी चावल लिए जायेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यह अभियान चलाया जा रहा। गांव स्तर पर 1 से 17 सितंबर तक मिट्टी संग्रह के कार्यक्रम चलाए जा रहे। प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान लोहरदगा से अभियान का शुभारंभ किया है। प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रत्येक गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह के अतिरिक्त प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण, शहीद के गांव में विद्यालय में शिला फलकम लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामूहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ वर्मा ने बताया कि 3 से 13 अक्टूबर तक हर ब्लॉक का एक कलश तैयार होगा, जिसमे उस ब्लॉक के गांव की मिट्टी होगी। ब्लॉक में सामूहिक रूप से एनसीसी कैडेट, एनएसएस, स्काउट, युवा, महिला, किसान सभी को शामिल कर शहीदों के सम्मान के साथ प्रदेश में कलश भेजने के कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25 से 28 अक्टूबर तक सभी 263 ब्लॉक से आए अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली भेजना है। सार्वजनिक कार्यक्रम में सांसद, विधायक गण शामिल होंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि दिल्ली में निवास करने वाले विभिन्न प्रदेशों के लोग अपने अपने प्रदेश से आए कलश का दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पारंपरिक भेष भूषा के साथ स्वागत करेंगे। 29 व 30 अक्टूबर को इन अमृत कलशों में लाई गई मिट्टी दिल्ली कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाली अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी।

## जिले में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम, रंग-बिरंगी लाइटों से सजे मंदिर

# जय कन्हैया लाल की...भजनों पर झूमे भक्त



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** बुधवार को मध्यरात्रि में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गुवा के मंदिरों समेत श्रद्धालुओं ने अपने घरों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया. इस दौरान छोटे बच्चें राधा और कृष्ण के वेश में नजर आए. वहीं पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया. दूसरी ओर जगन्नाथ मंदिर में दुर्गा माधव की पूजा की गई. महाप्रभुओं का दिव्य श्रृंगार किया गया. पुजारी जितेंद्र पंडा ने कहा कि अष्टमी के दिन आदिशक्ति ने भी जन्म लिया था. इसलिए हर वर्ष पालकी में कृष्ण एंव देवी दुर्गा को झूला झुलाने की रस्म मंदिर में होती है. पूजा अर्चना के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. वही गुवा के योगनगर स्थित शिव मंदिर के में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही धुमधाम के साथ मनाया गया. इसके छह दिनों के बाद आगामी 11 सितंबर को योगनगर के शिव मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जी की छठियार मनाई जाएगी. श्री कृष्ण की छठियार के आयोजन पर लोगों के बीच खीर, पुड़ी, सब्जी एवं मिष्ठान भोग वितरण किया जाएगा. यह जानकारी मंदिर कमेटी के पुजारी नागेंद्र पाठक ने दी है. मौके पर स्वामीनाथ शर्मा, पंकज कुमार गुप्ता, सुरेश शर्मा, अमरनाथ झा, विप्लव विस्वास, मनमोहन चौबे, सतीश प्रसाद सहित सीआईएसएफ के जवान एवं महिलाएं मौजूद थी.

**कुमारधुबी के कालीमंडा राधा-कृष्ण मंदिर में भव्य रूप से मनायी गयी जन्माष्टमी**

**धनबाद।** कुमारधुबी क्षेत्र के कालीमंडा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया. जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. गुरुवार 7 सितंबर की सुबह श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया. बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह-सुबह मंदिर पहुंचे, जहां राधा-कृष्ण की पूजा अर्चना कर सभी कीर्तन गाते व नाचते हुए नगर भ्रमण के लिए निकले. इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं. श्रद्धालुओं का जत्था मंदिर परिसर से निकलकर ऊपरबासा, फायरब्रिक, धोबीघाट, नीचूबासा होते हुए से वापस मंदिर पहुंचा. इसके बाद सभी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान मंदिर के पुजारी कमल चक्रवर्ती ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर दो दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. जिसमें पंचायत भ्रमण, महाप्रसाद वितरण, अष्टमी पूजन, पुष्पांजलि, भजन संध्या, हरि कीर्तन शामिल है. मंदिर ने पिछले एक वर्षों में काफी ख्याति प्राप्त की है. भगवान कृष्ण का आशीर्वाद सभी को मिलता रहे, यही इस मंदिर का उद्देश्य है. कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी कमल चक्रवर्ती, उत्तम सिन्हा, अमर कर, हराधन दास, रवि दे, माना हजरा, मधु घोष, पिंटू घोष, मलय अधिकारी, संजीव मजूमदार, मनोज राम, रंजीत मोदी, विनोद दास, जयंतो दास, बाबू आचार्य का सराहनीय योगदान रहा.

### गिरिडीह : बंशीधर मंदिर पालगंज में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में जुटे लोग

**गिरिडीह।** पालगंज स्थित श्री बंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई. बुधवार की रात भगवान का जन्म होते ही श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर झूम उठे. इस मौके पर आयोजित चार दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को लोगों की भारी भीड़ जुटी. मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही. महोत्सव का समापन 8 अगस्त को होगा. इससे पूर्व बुधवार की रात 9 बजे पंडित शरत भक्त ने श्रीमद्भागवत पाठ में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया. रात 10 बजे से देर रात तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का लोगों जमकर लुत्फ उठाया. भगवान के जन्म के बाद उनकी आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया. मौके पर महंत शिशिर भगत ग्रीष्म भगत, प्राण भगत, भुवन भगत, केशव भगत, विपुल वत्सल, भागवत भगत, धीरज गुप्ता आदि मौजूद थे.

### बहरागोड़ा : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना जन्माष्टमी महोत्सव



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के खंडामौदा गांव में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुखिया पंचानन मुंडा, सचिव शशांक शेखर पाल, उपाध्यक्ष मनोरंजन गिरी, मार्गदर्शक मनोज कुमार गिरी, प्रधानाचार्य तपन आचार्य तथा सभी आचार्या गण संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. उद्बोधन भाषण में मनोज कुमार गिरी ने कहा कि श्री कृष्ण की स्मरण से ही जीवन धन्य हो जाता है. अंत में प्रधानाचार्य तपन कुमार आचार्य ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया. मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावक समेत विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे.

## बरही: भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के गोदाम में लगी आग, सामान जलकर स्वाहा

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** बरही-पटना रोड स्थित घड़ी दुकान के नाम से प्रसिद्ध भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ईश्वर गुप्ता के उज्जैना स्थित आवास सह गोदाम में गुरुवार की अपराह्न करीब ढाई बजे आग लग गई. आग की लपटों में पूरा मकान घिर गया और धू-धू कर जलने लगा. इसकी सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने में तत्परता दिखाई. वहीं बरही दमकल विभाग को सूचना देकर बुलाया गया. स्थानीय प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया. साथ ही एनएचआई के पानी टैंकर को आग बुझाने में लगाया गया. आग बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है. उस मकान में इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान का गोदाम भी था. कुछ सामान बाहर रखे हुए थे, उसे सुरक्षित निकाला गया. इसमें करीब 50 से 60 लाख की कीमत के इलेक्ट्रिक सामान स्वाहा हो गए. मकान में शंकर गुप्ता, ईश्वर गुप्ता और कृष्णा गुप्ता तीनों भाई परिवार संग रहते हैं. गोदाम के मालिक ईश्वर गुप्ता ने बताया कि टीवी, पंखा, फ्रीज, कूलर, वाशिंग मशीन, एसी मशीन, इंडक्शन, मिक्सर ग्राइंडर, इमरजेंसी लाइट, आयरन, मैक्रो वैन, डीटीएच छतरी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं पार्ट्स जल गए. वह बरही अनुमंडल क्षेत्र के सबसे बड़े होलसेलर हैं. शाम करीब 4.30 बजे आग पर काबू पाया गया. बरही-पटना रोड में ईश्वर गुप्ता का भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सह घड़ी मार्केट भी था. रोड चौड़ीकरण के दौरान मार्केट टूटने के बाद उज्जैन स्थित आवास में इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों को गोदाम में रखा गया था.

### कूलिंग पौंड में डूबे युवक को नहीं खोज सके गोताखोर

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कूलिंग पौंड में 6 सितंबर की शाम नहाने गया युवक प्रियांशु कुमार (18 वर्ष) डूब गया था. युवक को खोजने के लिए गोताखोरों की टीम गुरुवार को पौंड में उतरी. करीब 4-5 घंटे की मेहनत के बाद भी पता नहीं लग सका. कूलिंग पौंड के किनारे परिजनों के साथ स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. हरला थाना प्रभारी प्रभाकर मुंडा ने बताया कि जिस स्थान पर युवक के डूबे होने की बात कही जा रही है, वहां पर लोहे की जाली लगी हुई है. ऐसी आशंका है कि युवक जाली के अंदर चला गया होगा, जिसकी वजह से बाहर नहीं निकल सका.

### टाटानगर स्टेशन से 20 किलो गांजा के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** टाटानगर आरपीएफ टीम को सफलता हाथ लगी है. आरपीएफ की सीआईबी टीम और जीआरपी ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर 20 किलो गांजा के साथ महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के बेगूसराय के रहने वाला आनंद कुमार और नगीना देवी शामिल है. दोनों भुवनेश्वर से गांजा लेकर राउरकेला पहुंचे और वहां से इस्पात एक्सप्रेस में बैठकर टाटानगर आए थे. गुरुवार शाम टाटानगर से उन्हें टाटा छपरा पड़कर बेगूसराय जाना था. इसी बीच उनके मंसूबे पर आरपीएफ की सीआईबी और जीआरपी की टीम ने पानी फेर दिया. दोनों को टाटानगर रेलवे स्टेशन के चार और पांच नंबर प्लेटफार्म से धर दबोचा गया. जांच के क्रम में उनके पास से लगभग 20 किलो गांजा बरामद हुई.

### अधेड़ की तालाब में डूबने से मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत डिमना बस्ती ऊपर टोला निवासी 50 वर्षीय बासुदेव गोराई की तालाब में डूबने से मौत हो गई. घटना बुधवार की है. हालांकि गुरुवार सुबह बासुदेव का शव तालाब से बाहर निकाला गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक बासुदेव मजदूरी कर जीवन-यापन करता था. मिली जानकारी के अनुसार वह बुधवार को बस्ती के ही चल रहे शराब अड्डे पर शराब पीने के लिए अपने साथी के साथ गया था. नशे की हालत में दोनों पास ही के तालाब में नहाने चले गए. इसी दौरान बासुदेव तालाब के गहरे पानी में चला गया. मामला तब सामने आया जब बासुदेव के साथी का नशा टूटा. देर शाम उसने थाना जाकर पुलिस को इसकी सूचना दी पर अंधेरा होने के कारण शव को नहीं निकाला जा सका.

### जमशेदपुर : एमजीएम में प्रसव के बाद महिला की मौत, प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**जमशेदपुर।** कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल अपनी लापरवाही की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहता है. एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा है. बुधवार देर शाम प्रसव के कुछ घंटे बाद ही महिला की मौत हो गई इसके बाद गुरुवार को परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया है. दरअसर, परसुडीह के हलुदबनी निवासी 20 वर्षीय निकिता को प्रसव पीड़ा के बाद बुधवार को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर शाम उसने एक बेटे को जन्म दिया. प्रसव के कुछ देर बाद ही उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था. जहां थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई. परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रसव के बाद निकिता को पानी नहीं पीने दिया गया. वहीं उसे दो इंजक्शन और स्लाईन चढ़ाया गया था. प्रसव के बाद किसी डॉक्टर या नर्स ने उसकी सूध नहीं ली जिस कारण उसकी मौत हो गई. इधर प्रबंधन का कहना है कि निकिता की मौत छाती में पानी भरने के कारण हुई थी. उसे खून की कमी भी थी जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई थी.

### अपराधियों ने हवाई फायरिंग की, तीन खोखा बरामद

**धनबाद।** पुटकी बाजार स्थित जीवन नर्सिंग होम में बाइक सवार अपराधियों ने बीती रात ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग की. गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गयी. घटना की सूचना के बाद डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा व पुटकी थाना की पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा भी बरामद किया. बताया जा रहा है कि बाइक सवार अपराधी पुटकी नीचे मोड़ की ओर से आये थे और तीन राउंड फायरिंग कर पुटकी थाना मोड़ की तरफ भाग गये. बाइक चला रहे अपराधी ने हेलमेट पहना था.

### गिरिडीह में जेईई एडवांस की लापता छात्रा को तलाश रही पुलिस, परिजनों की चिंता बढ़ी



**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के करबला रोड स्थित जय प्रकाश नगर की रहने वाली जेईई एडवांस की छात्रा 19 वर्षीय नुपुर रानी पिछले दो दिनों से लापता है। उसके परिजनों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। छात्रा के पिता भुनेश्वर प्रसाद और चाचा यशवंत प्रसाद ने नगर थाना में आवेदन देकर बेटी के सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। नगर थाना को दिए आवेदन में नूपुर के चाचा यशवंत प्रसाद ने कहा है कि उनकी भतीजी नूपुर पढ़ाई में काफी तेज है लेकिन जेईई एडवांस की परीक्षा पास नहीं होने के कारण वह कुछ परेशान थी। वह बुधवार की सुबह करीब 9 बजे किसी को जानकारी दिए बगैर घर से निकल गई। घर नहीं लौटने पर सभी परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद छात्रा के चाचा ने नगर थाना में आवेदन देकर उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी। नगर थाना पुलिस ने गुरुवार को बताया कि लापता छात्रा की तलाश की जा रही है।

### बरगी गांव में गोवंश की हत्या के बाद तनाव

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगी गांव में गोवंश की हत्या के बाद गुरुवार सुबह से ही दो समुदायों के बीच तनाव व्याप्त है। एसडीपीओ सुमित प्रसाद और थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रहे हैं। इलाके में कैंप कर रही पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। बताया गया कि डुमरी थाना क्षेत्र के बरगी गांव निवासी अजय जायसवाल घर के पीछे गोवंश को बांधे हुए थे। बुधवार दोपहर गोवंश ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ देर बाद गांव का हसनेन अंसारी बछड़े को खोल कर ले गया। उसने शमसुद्दीन अंसारी और खुर्सीद अंसारी समेत अन्य कुछ लोगों के साथ मिलकर बछड़े को काट कर गांव के ही कुछ लोगों के बीच प्रतिबंधित मांस को बांट दिया। साथ ही बचे हुए मांस को एक खेत के नीचे दबा दिया। जब इस बात की जानकारी अजय को हुई तो उसने घटना की जानकारी अन्य ग्रामीणों को दिया। इसके बाद ही दोनों समुदाय में कुछ पल के लिए तनाव बढ़ गया। इस बीच अजय ने डुमरी थाना पुलिस को भी लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तनाव बढ़ता देख एसडीपीओ और थाना प्रभारी गांव पहुंच कर मामले को शांत कराया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।

### जोड़िसा में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** आयुक्त उत्पाद, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के आदेशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को चाकुलिया थाना अंतर्गत जोड़िसा ग्राम में मिनी शराब फैक्ट्री संचालित होने का खुलासा किया गया. टीम ने छापामारी कर खाली बोतल, ढक्कन, स्टीकर, पैकिंग मशीन, कैरामेल, बनी हुई शराब, ड्राम में स्प्रीट आदि बरामद किया है. टीम द्वारा कुल 300 लीटर शराब, स्प्रीट 200.00 लीटर, ढक्कन 5000 पीस स्टीकर और 300 पत्ता जब्त किया. टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ फरार अभियोग दर्ज किया गया है.

## शहीद के घर की मिट्टी लेकर भाजपा ने की एक चुटकी मिट्टी कार्यक्रम शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** भाजपा धनबाद महानगर की ओर से जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार 7 सितंबर को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत एक चुटकी मिट्टी अभियान की शुरूआत की गई. झरिया के जोरापोखर स्थित शहीद शशिकांत पांडे चौक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व महापौर चन्द्रशेखर अग्रवाल व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह सम्मिलित हुई. भाजपा नेताओं ने जोरापोखर थाना के समीप शहीद शशिकांत पांडे की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. जिसके बाद सभी नेता शहीगद शशिकांत पांडेय के घर पहुंचे और शहीद क परिजनों को सम्मानित किया. जिसके बाद उनके आवास से एक चुटकी मिट्टी एकत्रित किया. सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने बताया कि ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर से एक-एक चुटकी मिट्टी अमृत कलश में एकत्रित की जा रही है. भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने कहा कि भारत माता के लिए जो शहीद हुए हैं, उनके घरों से मिट्टी ली जा रही है. जिले में झरिया विधानसभा से इसकी शुरूआत हुई है.

## चैंबर का चुनाव 29 को, अंतिम दिन 29 नामांकन पत्र बिके

नवीन मेल संवाददाता



**चाईबासा।** चाईबासा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव हेतु नामांकन पत्रों के बिक्री गुरुवार को समाप्त हो गई. अंतिम दिन कुल 29 नामांकन पर्चों की बिक्री हुई. इसमें अध्यक्ष पद के लिए दो पर्चे मधुसूदन अग्रवाल एवं दिलीप खंडेलवाल ने पर्चा खरीदे. जबकि उपाध्यक्ष पद हेतु चार पर्चे विकास गोयल, शिबुलाल अग्रवाल, सुनील दोदराजका एवं जितेंद्र मधेसिया ने खरीदा. सचिव पद के लिए नीरज संदवार एवं रितेश चिरानिया और सयुंक्त सचिव पद के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा खरीदा. जिसमें सरदार इंद्रजीत सिंह रंधावा, हाजी वकील खान, विवेक कुमार सिन्हा, गोविंदा खैतान शामिल है. कोषाध्यक्ष पद हेतु राजीव खिरवाल, मुकेश पोद्दार एवं जितेंद्र कुमार मधेसिया ने पर्चा लिया. कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु 14 उम्मीदवार ने पर्चा खरीदा. इसमें मुख्य रूप से सौरभ कुमार गुप्ता, पीयूष गोयल, विकास अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, निशा केडिया, मृणाल सर्राफ आदि शामिल हैं.

**विरोध प्रदर्शन** — बीएसएल के 7 ठेका मजदूरों को काम से बैठाया

# मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं : रामाश्रय



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में कार्यरत 7 ठेका मजदूरों को काम से बैठाने के विरोध में बोकारो इस्पात कामगार यूनियन (एटक) ने 7 सितंबर को एडीएम बिल्डिंग के पास जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा कि बीएसएल और बोकारो पावर सप्लाई प्रबंधन मजदूरों के प्रति संवेदनहीन हो गया है. गरीब ठेका मजदूरों पर जुल्म किए जा रहे हैं. सीएलसी नियमों का पालन नहीं हो रहा है. प्लांट के अंदर ठेकेदारों का राज चल रहा है. न्यूनतम मजदूरी मांगने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जा रहा है. आरएमपी व यातायात विभाग में लंबे समय से कार्यरत 7 मजदूरों को काम से बैठा दिया गया है. ठेकेदार ने उनका गेट पास भी छीन लिया है. यूनियन मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्हें जल्द काम पर नहीं बुलाया गया और अन्य मांगों की पूर्ति नहीं हुई, तो आंदोलन तेज होगा. उन्होंने कहा कि सीईओ व मुख्य महाप्रबंधक से कई बार वार्ता के बाद भी बोकारो पावर सप्लाई कंपनी के ठेकेदार ने बैठाए गए 7 मजदूरों का अभी तक गेट पास नहीं बनवाया. यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है. यदि यही स्थिति रही तो प्रबंधन के साथ लड़ाई और तेज होगी. मजदूर काम बंद करने को भी विवश होंगे. मौके पर ओमप्रकाश पप्पू, सहदेव, आनंद महतो, रंजीत रवानी. वीरेन. ओम प्रकाश गफ्फार आदि मौजूद थे.

## बोकारो: क्रेन व्यवसायी पर बदमाशों ने चलाई दो गोली, एक कार में फंसी

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो शहर में छह माह के अंदर दूसरी बार व्यवसायी पर गोली चला कर अपराधियों ने दहशत फैला दी है. नयामोड से माराफारी होकर रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर गेमन कॉलोनी के पास 6 अगस्त की रात करीब 8 बजे अपराधियों ने स्कार्पियो पर सवार क्रेन व्यवसायी पंकज राय पर फायरिंग कर दी. दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पहले कार को रोकने का इशारा किया, फिर दनादन दो गोलियां दाग दी. एक गोली कार में जाकर फंस गई. ईश्वर का शुक्र था कि गोली व्यवसायी को नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गए. घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश फरार हो गए. व्यवसायी पंकज राय ने घटना की सूचना बीएस सिटी थाना को दी. इसके बाद सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. पंकज राय ने बताया कि सुबह में उनसे चंद्रपुरा निवासी अंशु राय के साथ व्यवसाय में उधारी को लेकर बहस हुई थी. अंशु राय ने उन्हें जान जन से मारने की धमकी भी दी थी. रात में वह मजदूरो के लिए नयामोड से भोजन लेकर गेमन कॉलोनी जा रहे थे, तभी उनकी कार पर फायरिंग कर दी गई. घटना के बाद से उनका परिवार दहशत में है. राय का आरोप है कि अंशु से विवाद के बाद उन्होंने सेक्टर-12 थाना में आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस ने कोई पहल नहीं की. इससे मनबढ़ू अंशु ने उनके मोबाइल पर कई मैसेज भेजे.

### डीएसपी बोले- मामले की चल रही है जांच

सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि पंकज राय ने जिस अंशु राय पर आरोप लगाया है, उसने थाना में आकर अपनी बात रखी है. पूरे मामले की जांच चल रही है.

## जिले में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम, मंदिरों में राधा-कृष्ण का भव्य शृंगार, बच्चों में दिखा खासा उत्साह

# राधा-कृष्ण के दर्शन कर निहाल हुए श्रद्धालु





**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कहीं युवाओं ने टोलियां बनाकर मटका फोड़ा, तो कहीं राधा-कृष्ण का दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो गए. हजारीबाग में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम और उल्लास से मनाया गया. बुधवार की मध्यरात्रि भक्तिभाव से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया. इस बीच जय कन्हैया लाल की, मदन गोपाल की, हाथी घोड़ा पालकी, बाल गोपाल, माखनचोर के जयकारे भी लगते रहे. इधर दारू प्रखंड के बड़वार में जन्माष्टमी के मौके पर गुरुवार को युवाओं ने मटका फोड़ जन्माष्टमी का त्योहार संपन्न होने के बाद नटवरनागर भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं में गोपियों का मटका फोड़ और माखन चुराने की घटना को यहां के करीब डेढ़ दर्जन किशोरों व युवाओं की टोलियों ने दर्शाया. मटका को उंचाई पर रस्सी के सहारे बांध उसे फोड़ा तथा लोगों का खूब मनोरंजन किया. मटका फोड़ कार्यक्रम में मुहल्ले के युवाओं के साथ ही बड़े-बुजुर्ग व महिलाएं भी शरीक हुईं. करीब आधे घंटे तक चले मटका फोड़ कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भगवान कृष्ण के जयकारे लगाए. इस दौरान माहौल कृष्णमय बन गया. अंत में युवाओं ने एक-दूसरे के सहारे करीब 12 से 15 फीट ऊंचाई पर बंधे मटके को फोड़ लोगों की खूब तालियां बटोरीं. बड़वार यादव टोला में जन्माष्टमी के मौके पर मटका फोड़ने का यह दूसरा आयोजन था. वहीं शहर के बाड़म बाजार ग्वालटोली मथुरानगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी. पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का वस्त्र और आभूषण बदला गया. पुजारी महंत अजय पांडे ने विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती कराई. फिर प्रसाद का वितरण किया गया. मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित विशेष पूजा में बतौर यजमान कैलाश यादव, मनीष कुमार यादव उर्फ (मुन्ना), शीला देवी और विराट यदुवंशी शामिल हुए. रात 10 बजे से 11.30 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की साज-सज्जा की गई और फिर पट बंद कर दिया गया. रात्रि के ठीक 12:00 बजते ही मंदिर परिसर में शंख, ढोल, नगाड़ों की गूंज गूंजने लगी और मंदिर का पट खोला गया. पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया और इसके बाद महाप्रसाद का वितरण रात्रि 1:00 बजे तक किया गया.

## डीपीएस के बच्चों ने राधा कृष्ण समेत अन्य किरदार निभाकर वृंदावन व मथुरा की याद दिलाई



**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने कृष्ण,राधा,यशोदा,नंद बाबा,मीरा, सुदामा,बलराम,देवकी,बर्बरीक और वासुदेव जैसे विभिन्न चरित्रों का रोल अदा किया।वहीं मटकी डेकोरेशन, मोर पंख एवं बांसुरी निर्माण जैसी अनेक मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों में विधार्थियों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया। वहीं विद्यालय परिसर को शिक्षिकाओं द्वारा आकर्षक ढंग से सजाया गया। जगह जगह दही-हांडी लगाई गयी।वहीं नौनिहालों ने राधा - कृष्ण तथा गोप - गोपी की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने साथ ही वृंदावन व मथुरा की याद दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति रंजन ने क्षेत्र वासियों को श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी। समारोह को सफल बनाने मे स्कूल की शिक्षिका श्रीमती प्रीती प्रभा, पूनम कुमारी, शिक्षक श्री राहुल देव, राणा तेजश्वी, मुकेश कुमार , संजय यादव, और रामनन्दन कुमार का अहम योगदान रहा।

## शिव मंदिर डाकडीह में श्री कृष्ण जन्मोत्सव व मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर डाकडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी त्योहार बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। साथ ही मंदिर को आकर्षक रंग बिरंगे लाइट व झालर से सजाया गया। वहीं पुजारी दिवाकर पांडेय ने विधि विधान से भक्तो को पूजा कराया। पूजा में विहीप प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, भुनेश्वर यादव, बंटी राम, सृस्टि कुमारी, अंशु कुमारी, सिमा देवी, महादेव यादव विधिवत व्रत कर पूजा किया तथा क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।इस क्रम में संजय यादव ने कहा, श्री कृष्ण जी का जन्म भाद्रपद की अष्टमी तिथि रोहणी नक्षत्र के मध्य रात्रि में हुआ हुआ था। वे स्वयं ईश्वर हैं इसलिए उनका जन्म नहीं होता बल्कि वे हर युग मे अवतरित होते हैं। पुजारी दिवाकर पांडेय ने कहा ,गीता में श्री कृष्ण जी ने स्वयं कहा है ‟यदा यदा ही धर्मश्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम‟ अर्थात जब जब धर्म की हानि होती है,और अधर्म बढ़ता है तब तब मैं साकार रूप में प्रकट होकर अवतार लेता हूँ। सज्जनों की रक्षा करने,साधुओं का कल्याण करने,दुष्टों का नाश करने,और धर्म की पुनः स्थापना के लिए मैं हर युग में अवतार लेता हूँ। कहा कि गुरुवार रात्रि 8 बजे स्थानीय युवकों द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पूजा को सफल बनाने में संजय यादव,भुनेश्वर यादव, बंटी कु चंद्रवंशी, जयंतो प्रकाश बजाज फिनांस, महेश राम, रामावतार यादव, मुकेश यादव, महादेव यादव, जगदीश यादव, राजेश यादव, रोहित यादव, रामदेव यादव, सुनिल पंडित, छत्रु प्रसाद, विजय यादव, बजरंग साव, संतोष साव, रामु साव समेत सैकड़ो ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### हजारीबाग में दुर्गापूजा की तैयारियां शुरू

# बड़ा बाजार दुर्गापूजा महासमिति ने की काठ पूजा, सक्रिय हुई समितियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू कर दी गई है. करीब डेढ़ माह पहले जिलेभर में दुर्गा पूजा की तैयारियां हर माह शुरू हो जाती है. दुर्गा पूजा की विभिन्न समितियां सक्रिय हो गई है. इसी क्रम में शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने गुरुवार को काठ की पूजा की. इसी काठ पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान होंगी. श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एक नंबर थाना के समीप राधा कृष्ण मंदिर परिसर में मां दुर्गे की काठ लकड़ी की पूजा पुजारी अजय कुमार पांडेय ने की. इसमें मुख्य यजमान के रूप में पूजा कमेटी के सिद्धांत मद्धेशिया रहे. वहीं मौके पर बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति सचिव समेत सभी पदाधिकारी और मां दुर्गे की आस्था में लीन रहे. महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने बताया कि बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गे की काठ लकड़ी की पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई. मां दुर्गे की पूजा शहरवासियों के साथ पूरे भक्तिभाव से करेंगे. महासमिति के सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि पूजा की तैयारियों के लिए महासमिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में उल्लास है. इस वर्ष की दुर्गा पूजा भव्य होगी. उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी तिथि को ही नंद और यशोदा की पुत्री मामा कंश के हाथों से छुटकारा पाकर विंध्य पर्वत पर स्थापित हो गई थीं. तभी से भगवान श्रीकृष्ण और आदिशक्ति मां भगवती की आराधना की जाती है. नंद पुत्री आदिशक्ति ही हैं. मौके पर महासमिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद खंडेलवाल, गुड्डन सोनकर, दिलीप सोनी, संजय यादव, महेंद्र गुप्ता, आशुतोष चौधरी, नृपेश सिन्हा, रवि शंकर गुप्ता, रितेश खंडेलवाल, सिद्धांत मद्धेशिया, राजकुमार सोनकर, यश राजकुमार, मोहित सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे.

# विधायक ने आरईओ रोड का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने भंडारों पंचायत के धोबियापहरी से पांडेय टोला तक दो किमी तक बनने वाले आरइओ पथ का शिलान्यास किया. जिसकी प्राक्कलित राशि एक करोड़ 98 लाख रुपए है. इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वह आपके चौकीदार है, क्षेत्र के विकास और शांति की रक्षा करना उनका पहला कर्तव्य है. विस क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क जैसे मूलभूत समस्याओं का समाधान करना उनका पहला लक्ष्य है. इसे हर संभव दूर किया जायेगा. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, पूर्व मुखिया सकलदेव यादव, 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव, मीना देवी आदि मौजूद थे.

### महगामा विधायक दीपिका पांडे ने किया प्रेस वार्ता, कहा

# देश के लोग महंगाई और बेरोजगारी से आक्रोशित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा के आवासीय कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की। इसके उपरांत विधायक दीपिका पांडे सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिसमें कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के शासनकाल में देश के लोग महंगाई और बेरोजगारी से आक्रोशित हैं। इसलिए लोगों ने आनेवाले लोकसभा चुनाव में लोगों का समर्थन इंडिया गठबंधन को मिलेगा और भाजपा की हार निश्चित है। महगामा विधायक ने कहा कि देश की भाजपा सरकार देश के चंद पूंजीपतियों के हितों का ख्याल रखती है और देश के आम लोगों के हित से उसका कोई लेना देना नही है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार निश्चित है। विधायक ने कहा कि भाजपा ने सत्ता के लिए देश में लोगों के बीच नफरत का माहौल बना दिया है। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार की पराजय जरूरी है। महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि झारखंड में वर्ष 2024 में होनेवाले विधानसभा चुनाव में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पुनः सत्ता आएगी। क्योंकि हमलोगों के इंडिया गठबंधन में राज्य के कुछ और दल शामिल हो गए हैं । इसलिए राज्य में होनेवाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की जीत निश्चित है।

## सड़क दुर्घटना में एसबीआई के एटीएम इंजीनियर की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र में बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एसबीआई के एटीएम इंजीनियर की घटनास्थल पर मौत हो गई. मृतक की पहचान नवीन निश्चल के रूप में हुई है. वह 29 वर्ष के थे और रांची से हजारीबाग बाइक से आ रहे थे. वह मूल रूप से बिहार के नालंदा के रहनेवाले थे. वह रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा में तकनीकी रूप से एसबीआई एटीएम की देखरेख करते थे. पिछले साल दिसंबर में ही उनकी शादी हुई थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

## बाइक चोरी के मामले में एक गिरफ्तार, जेल

**बरही ।** आईपीसी 379 के तहत बरही थाना कांड संख्या 491/22 के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी देते पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने दी. जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मजहर कुरैशी उर्फ गुड्डू पिता स्व रफीक कुरैशी ग्राम कोनरा बीच मोहल्ला थाना बरही का निवासी है. जो मोटरसाइकिल चोरी के मामले में मंगलवार की देर संध्या गिरफ्तार किया गया.

## मुखिया की मां का निधन, पंचायत में शोक

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के मुखिया अब्बास अंसारी की मां कसीदा खातुन, 75 वर्ष का निधन उनके आवास पर गुरुवार को सुबह 5 बजे हो गई। वही उनके निधन की खबर से पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई । अब्बास अंसारी ने बताया कि आज ही चार बजे शाम कोनहरा कला कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दखाक किया गया।

## 24 सितंबर को कर्मा महोत्सव मनाने को लेकर हुई बैठक

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बंगाखलार पंचायत के सोबरना मे घटवार/ घटवाल आदिवासी महासभा की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता भागवत राय और संचालन अशोक कुमार राय ने की. बैठक मे जिला संगठन मंत्री विश्वनाथ राय ने कहा कि कर्मा पूजा घटवार स्वजाति की धरोहर है. 24 सितंबर को कर्मा पूजा डोमचांच प्रखंड के चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय मैदान में होना है. साथ ही बैठक में यह भी कहा गया कि जिस तरह से सरहुल या सोहराय विशेष रूप से संथाल आदिवासी का त्योहार है।

# इग्नाइट कोचिंग सेंटर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** बटन बाजार स्थित बिहारी बालिका उच्च विद्यालय के समित स्थित इग्नाइट कोचिंग सेंटर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक गणेश कुमार दांगी ने केक काटकर और पूर्व उप राष्ट्रपति डॉ एस राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया. मौके पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने भी पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया. इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, अंत्याक्षरी, भाषण आदि कार्यक्रम में भाग लिए. बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए निदेशक ने बताया कि शिक्षक दिवस का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय शिक्षको को सुरक्षा प्रदान करना और शिक्षको के प्रति सम्मान की भाव रखना है. इस कार्यक्रम की सार्थकता तभी साबित हो सकती है जब शिक्षक और छात्र एक दूसरे को अपना समझकर प्यार और सम्मान का भाव रखेंगे.

**उत्साह** | श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित

# प्रतियोगिता में शेर क्लब बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर केदारुत पंचायत के खेरौन गांव में हाड़ी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें आईसीएआर, बिरसा कृषि और शेर क्लब की टीम की शामिल हुए. जिसमे शेर क्लब खेरौंन की टीम विजेता बनी. कार्यक्रम का आयोजन खेरौन गांव की ओर से समाजसेवी मुकुंद यादव के सहयोग से किया गया था. कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ. जिसमे बतौर मुख्यातिथि भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित आईसीएआर के विशेष पदाधिकारी वी एन पांडेय, स्थानीय पंचायत के मुखिया सरिता देवी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता दुलार यादव, विशेश्वर यादव आदि शामिल हुए. अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने भगवान श्री कृष्ण के गीता सार का चर्चा किया. साथ ही उसका अनुसरण करने की अपील किया. उन्होंने बताया कि भगवान का बाल्यकाल से यौवनावस्था तक दुर्जनो और अन्याय का विरोध और सर्वनाश किया. कुरुक्षेत्र में स्पष्ट कहा था कि जब जब धर्म की हानि होती है, संरक्षण हेतु भगवान का अवतार होता है. यहां न कोई अपना है न ही कोई पराया है. धर्म और न्याय रक्षा करना ही परम कर्तव्य और धर्म है. अंत में सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए हक और न्याय के प्रति मुखर होने की सलाह दिया. कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम सफल बनाने में शिबल सिंह, भोला सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, बनाने में प्रद्युमन सिंह, सत्येंद्र सिंह, सिद्धेश्वर सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई. मौके पर अवध यादव, रामानंद गिरी, बैद्यनाथ यादव, रामलखन मेहता, मनोज सिंह, अशोक सिंह, नागेश्वर यादव, अवधेश सिंह, सीताराम सिंह आदि मौजूद थे.

# भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

### पदयात्रा में पूर्व संसद प्रदीप बलमुचू, विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व मंत्री थियोदोर किड़ो उपस्थित थे




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कांग्रेस पार्टी जिला कमेटी ने गुरुवार को राहुल गांधी के भारत जोड़ा पदयात्रा की पहली वर्षगांठ मनाई। मौके पर जिला मुख्यालय में पदयात्रा भी निकाली गई। पदयात्रा से पूर्व भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पद यात्रा नगर भवन से शुरू हुई। जो झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार, भट्ठीटोली, कॉलेज रोड होते हुए बाजार टांड़ पहुंची। जहां सभा का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व संसद प्रदीप बलमुचू, विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व मंत्री थियोदोर किड़ो मुख्य रुप से उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम पार्टी जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अगुवाई में संपन्न हुआ। मौके पर पूर्व राज्यसभा संसद प्रदीप बलमुचू ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा ने देश को मजबूत करने का काम किया। आज भाजपा सरकार की गलत नीति से देश की जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में आदिवासी, मुसलमान, दलित, गरीबों पर अत्याचार बढ़ा है। जिस राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। वहां के आदिवासी, मुसलमान, दलित, गरीब असुरक्षित है। भाजपा के इस साजिश के खिलाफ आंदोलन करेगी। जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा आज देश मे लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। जनता की आवाज दबाई जा रही है। **विधायक भूषण बाड़ा ने कहा** कि भाजपा देश मे नफरत फैला रही हैं। पर कांग्रेस देश में नफरत और घृणा नहीं चाहती। क्योंकि नफरत और घृणा के आधार पर देश या राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी ने देश में फैली नफरत की राजनीति को खत्म करने एवं देश को एक सूत्र में बांधने के लिए एतिहासिक पदयात्रा की। यह पदयात्रा भारत को एकजुट करने और साथ मिलकर देश को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। देश में महंगाई और बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ रही है। **विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा** कि भाजपा सरकार की तस्वीर सबके सामने है। किसान खाद, बीज और फसलों के उचित मूल्य के लिए भटक रहा है। हमारा नौजवान आज बेरोजगार है, हमारा छोटा व्यापारी आज परेशान है। आज पूरे देश में बेरोजगारी चरम पर है। युवा लाखों रुपए लगाकर पढ़ाई लिखाई कर रहे हैं और बिना नौकरी के ओवर ऐज हो रहे हैं। जबकि सरकारी दफ्तरों में नौकरियों के पद खाली पड़े हैं। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही हैं। **पूर्व मंत्री थियोदोर किड़ो ने कहा** कि भाजपा की गलत नीति के कारण आज महंगाई इतनी ज्यादा है कि आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है। हर दिन महंगाई बढ़ रही है। लेकिन भाजपा सरकार और उनके नेता कभी महंगाई, बेरोजगारी पर बात नहीं करते हैं। राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान लोगों की परेशानी को करीब से देखा। **जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा** कि राहुल गांधी के पदयात्रा से यह स्पष्ट हो गया कि आज पूरा देश मोदी सरकार से तबाह है। जनता परेशान है। आज देश की जनता बदलाव चाहती है। आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। लोगों का रुझान कांग्रेस की तरह है। मौके पर मंच का संचालन मो समी आलम ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनूप लकड़ा ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू , प्रदेश सचिव नोमिता , जिला परिसद सदस्य शांतिबाला केरकेट्टा, समरोम पॉल टोपनो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, पीसीसी डेलिगेट कौशल किशोर रोहिल्ला , जोनसन मिंज, शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन , संतोष सिंह,जयवंत बरला,विरंजन बडा, सिल्वेस्टेट बघवार, रावेल लकड़ा, बिपिन पंकज मिंज, जमीर हसन, जमीर खान , अशफक खान, प्रिंस ,बर्थलोमी तिर्की, महताब , जेफारें न केरकेट्टा, सुलभ केरकेट्टा, मनोहर , अनूप लकड़ा, हर्षित मिंज, अख्तर खान, भूषण राम, शायमलाल प्रसाद, सुनील खड़िया, टिनतुस, विनय तिग्गा, सोनल लकड़ा, सचिन हेरेंज, सोनू नायक, रीता अनिल केरकेट्टा, रोमानुष लकड़ा, अरसद खान, अजदन , प्रतिमा कुनूर,मंजू तिर्की, तरशिला ,मो सम्मिउल्लाह, गुलु, गुड्डु खान, शीतल तिर्की, प्रदीप साहू, विजय किंडो, ओलिवर बागे , तुलसी मांझी, नोएल डांग, , मनीषा खलखो, सावधानी सोरेंग, एनिमा , साफिरा के साथ सैकड़ो में कार्यकर्ता इस भारत जोड़ो कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

## कोडरमाः ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बंग्ला में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी



**कोडरमा।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बंग्ला झुमरी तिलैया में श्री कृष्णा जन्माष्टमी बड़े ही उत्सव तथा धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम में प्रोफेसर राखी भदानी तथा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन उपस्थिति रहीं. कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा स्वागत नृत्य के साथ हुई. कृष्ण जन्माष्टमी की विशेषता पर आध्यात्मिक प्रकाश डालते हुए बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि श्री कृष्ण पवित्र अर्थात 16 कला संपन्न स्वरूप हैं. उनके हर गुण हर करम हमें जीवन जीने की सच्ची राह दिखाता है. श्री कृष्ण का स्वरूप बहुत ही सुंदर है, इसीलिए हर घर में उनके स्वरूप को सजाया जाता है. श्री कृष्ण परमात्मा की अनुपम रचना हैं, वह सतयुग के प्रथम राजकुमार थे. सब के मन को मोहने वाले मनमोहन थे. उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा शिव बाबा भी हमें श्री कृष्णा समान बनने की सर्व कला राजयोग के माध्यम से सीखा रहे हैं. हम अपने जीवन को श्री कृष्ण के समान बनायेंगे. वहीं प्रोफेसर राखी भदानी ने कहा हमें अपने जीवन में सदा सकारात्मक सोच रखना है. हमें हर एक की मदद दिल से करनी है और सभी को अपना परिवार समझना है. यही सच्ची व निःस्वार्थ सेवा है.

## कोडरमा : भौरियाही के ग्रामीणों ने पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता से की मुलाकात



**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड के डगरनवा पंचायत के रेवेन्यू गांव के टोला भौरियाही के ग्रामीणों ने गुरुवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता से मुलाकात कर गांव में बिजली उपलध कराने की मांग की. साथ ही कार्यपालक अभियंता के नाम एक आवेदन भी सौंपा. इसे लेकर शालिनी गुप्ता ने विभाग के आला अधिकारी से बात कर जल्द उक्त टोला में बिजली बहाल कराने का भरोसा दिया. दिए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि डगरनवा पंचायत के रेवेन्यू गांव परसाबाद के भौरियाही टोला मे लगभग डेढ़ सौ की संख्या में आदिवासी परिवार के लोग यहां बरसों से रह कर जीवन यापन करते हैं. आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां के ग्रामीणों विद्युत सुविधआ नहीं मिल सकी है. ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्ष पूर्व गांव मे पोल तो लगा दिया गया लेकिन अब तक यहां तार नहीं लगाया गया.

# सिमडेगा में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा ।** जिले भर में जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की अवतरण से जुड़े इस पर्व के मौके पर हर ओर उल्लास बना रहा। रात में जैसे ही 12 बजे मंदिरों एवं घंटे एवं शंख की गूंज सुनाई देने लगी । भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। नाना प्रकार के भोग अर्पित किए गए। घरों के अलावा विभिन्न मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। शहर के महावीर चौक, हनुमान वाटिक एवं रामरेखाधाम में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। घरों में भी माताओं के द्वारा धूमधाम से जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।माताओं ने श्रीकृष्ण के बाल रूप की पूजा-अर्चना करते हुए अपने संतानों की मंगल एवं कुशलता के लिए प्रार्थना की। इधर जन्माष्टमी को लेकर एक दिन पहले से ही तैयारी की गई थी।लोगों ने अपने घरों एवं मंदिरों में साज-सज्जा की थी। मंदिरों में भगवान के बाल रूप के लिए पालकी एवं झूले भी सजाए गए थे। जन्माष्टमी को ले बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे आकर्षक परिधान पहनकर भगवान के वेश-भूषा में नजर आए।





### ठाकुर टोली शिव मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर हुआ रूप सजा प्रतियोगिता

सिमडेगा शहरी क्षेत्र के ठाकुर टोली स्थित शिव मंदिर प्रांगण में राज हॉस्पिटल सिमडेगा द्वारा जन्माष्टमी के मौके पर राधा कृष्ण वेशभूषा रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जहां पर अलग-अलग जगह से दर्जनों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण के वेशभूषा में प्रतियोगिता में शामिल हुए जानकारी देते हुए। राज हॉस्पिटल सिमडेगा के डॉक्टर भानु प्रताप साहू ने बताया कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा और जन्माष्टमी की उत्साह को दुगना करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की गई ।इस दौरान जीरो से दो वर्ष एवं 2 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों में से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ उन्होंने कहा कि अगले वर्ष भव्य तरीके से इसका आयोजन किया जाएगा इस मौके पर ठाकुर टोली शिव मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बीरु में जन्माष्टमी पर अखंड हरि कीर्तन

बीरू में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन की शुरूआत प्रातः आठ बजे से अखंड श्री हरि नाम के साथ हुई। भाजपा नेता सह समिति के अध्यक्ष तुलसी कुमार साहू ने बताया कि भक्ति पूर्ण वातावरण में नाम यज्ञ की शुरूआत के साथ ही यहां सभी धर्म प्रेमी ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। कीर्तन में भाग लेने के लिए आसपास के गांवों से कीर्तन मंडलियों को सादर आमंत्रित किया गया है। सर्वप्रथम वीरू कीर्तन मंडली ने नाम यज्ञ की शुरूआत की। साथ ही फुलवा टांगर, जपकाकोना, तामड़ा, टभाडीह, भीलवाड़ीह, जोक बहार, सिकरिटंड़, कोबांग, कुडरुम आदि कीर्तन मंडली भाग ले रही है। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तुलसी कुमार साहू,सुमंत बीसी,घनश्याम दास, दिनेश्वर होता, घनश्याम सिंह, सत्यजीत कुमार, लालू केशरी, अर्जुन केसरी, गणेश पाढ़ी, बजरंग गुप्ता, गंगाधर लोहरा,प्रेम कुमार दास, मनोज सिंह, आदित्य केसरी एवं अन्य सभी धर्म प्रेमी ग्रामीण लगे हुए हैं।

## विभिन्न शक्तिकेंद्रों में भाजपा ने की बैठक

**केरसई।** प्रखंड के केरसई किनकेल टेंसेर पश्चिमी शक्तिकेन्द्र में भारतिय जनता पार्टी की बैठक हुई,बैठक में मेरी माटी मेरा देश के निमित्त हर घर से मिट्टी संग्रह संग्रह करने को लेकर चर्चा हुई कि हर घर से कलस में मिट्टी संग्रह करना है जो दिल्ली में कर्तव्य पथ में अमृत वाटिका में ले जाया जाएगा ।साथ ही 21 सितंबर को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सिमडेगा में संकल्प यात्रा में भारी संख्या में कार्यकताओं को जाने की चर्चा हुई ।इसे लेकर जिम्मेवारी भी सोपी गयी ।मौके पर किनकेल में मंडल अध्यक्ष मानकीलाल मुखिया सत्या देवी कैलाश मेहर सुधीर मांझी देवनारायण देहरी देवेश गुप्ता सुदामा प्रसाद केरसई में जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार मंडल उपाध्यक्ष कामेश प्रसाद सुरेश प्रसाद धीरेंद्र प्रसाद प्रभु प्रसाद अकलू पासी विकास प्रसाद अनुज प्रसाद उदय प्रसाद भूषण बड़ाईकटेंसर पश्चिमी में जिला सो मीडिया प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता पंचायत समिति सदस्य चन्द्रनाथ साय पीताम्बर होता आलोक निरंजन साहू उप मुखिया सागर पहान जगदीश षाड़ंगी सोभापति प्रधान लखिन्द्र साय सलीम कैथा सबिराम कालो मौजूद थे।

## विधायक ने पीसीसी-चबूतरा का किया उद्घाटन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी अपने मद से बने पीसीसी पथ तथा चबूतरे का उद्घाटन कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा, शिवनाथपुर में किया।बताया गया लोगों के द्वारा मांग किया गया था कि आवागमन तथा बैठकों के लिए पीसीसी पथ तथा चबूतरा का आवश्यक है इसको विधायक में तत्काल अपने मत से बनवाने कार्य किया साथी उन्होंने कहा विकास के हर छोटे बड़े कार्य के लिए हम लोग तैयार हैं प्राथमिकता के अनुसार सभी छोटे-बड़े कार्यो को किया जाएगा साथ ही सरकार के द्वारा अन्य मदो से भी विकास का कार्य किया जा रहा है ।कार्यक्रम में अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकडा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी प्रखंड महासचिव पीटर टेटे अमृत डुंगडुंग संतोष बां प्रहलाद टेटे मंजुला कुल्लू बिनोद केरकेट्टा सुधिर टेटे आदी उपस्थित रहे।

## कोलेबिरा में 10 वीं स्वर्गीय मिखेइल कंडुलना स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत झापला बांसटोली मैदान में 10 वीं स्वर्गीय मिखेइल कंडुलना स्मारक एक दिवसीय हॉकी टूनामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें गोरोघोशो बीरु की टीम एवं चोरबंधु जीतू टोली की टीमों के बीच फाइनल खेला गया। जिसमें गोरोघोशो बीरु की टीम ने चोरबंधु जीतूटोली को टाईब्रेकर के सहारे हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। झमुमो जिलाध्यक्ष सिमडेगा अनिल कंडुलना को मुख्य अतिथि के रूप में और झामुमो जिला सचिव मो सफीक खान को विशिष्ट अतिथि के रुपए में आमंत्रित किया गया था। अनिल कंडुलना ने खिलाड़ियों को और दशार्कों सम्बोधित करते हुए कहा की आने वाले समय में स्वर्गीय मिखेल कंडुलना हॉकी टूर्नामेंटको बड़े स्तर पर खेलाने में झामुमो सिमडेगा हर संभव प्रयास करेगा। आयोजन समिति को शानदार टूर्नामेंट आयोजन करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष ओस्कार डांग, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू डांग, जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील सुरीन, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, किशोर कंडुलना, रूबएन कंडुलना, सीपरियान्न कंडुलना आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कुरडेग में बिरसा मुंडा दिवारात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता

**कुरडेग।** फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन समिति की बैठक गुरूवार को उमा माहेश्वर मन्दिर के प्रांगण में सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्व सम्मति से कुरडेग माइकल किण्डो स्टेडीयम में अक्टुबर 2023 को बिरसा मुण्डा दिवारात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया बैठक में बताया गया कि इस प्रतियोगिता में पड़ोसी राज्य छतीसगढ़, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की टीमें भाग लेगीं प्रतियोगिता में बिजेता टीम को 201000 (दो लाख एक हजार) रुपए एवं उप बिजेता टीम को 151000 (एक लाख ईकावन हजार) रुपए पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा इसके अलावे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मेडल के साथ नगद राशि भी दी जाएगी वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए कमेटी बनाई जाएगी एवं प्रतियोगिता की तिथि घोषित की जाएगी। आज के बैठक में मुख्य रूप से सुशील श्रीवास्तव , उप प्रमुख अजय जयसवाल, पूर्व जिप सदस्य मनोज साय, वार्ड पार्षद अयुब अंसारी, जीशान खान, उमेश जयसवाल, कमरूद्दीन अंसारी , अशोक गुप्ता कसडेगा, सजान खान, दीपक जयसवाल, नासीर अंसारी, श्रवण बड़ाईक, रामचन्द्र उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## सिमडेगा जिले में अब होगा किसानों के उत्पादित अनाजों का गुणवत्ता जांच

**सिमडेगा।** कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा में पिछले 2 दिनों से कार्यालय में अधिष्ठापित अनाज गुणवत्ता जांच यंत्र के विषय में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले के किसानों का आय दोगुना करने हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा के कार्यालय में अनाजों का गुणवत्ता जांच हेतु इलेक्ट्रॉनिक मशीन अधिस्थापित किया गया है। इस इलेक्ट्रॉनिक मशीन से जिले के किसान अपने उत्पादित अनाजों को बाजार समिति से गुणवत्ता जांच कराकर अनाजों की गुणवत्ता के अनुसार अपनी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। पुरानी व्यवस्था के अनुसार व्यापारी किसानों के अनाज का गुणवत्ता के अनुसार अनाजों का मूल्य निर्धारण करते थे इस मशीन के लग जाने से किसान अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अनाजों का गुणवत्ता जांच कराकर ई-नाम के माध्यम से देश के किसी भी मंडी में अपनी फसल को बेचकर अपनी आय को दुगुनी कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से जिले के किसान उत्पादक समूह एवं किसानों को बाजार समिति के द्वारा जिले के किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

**आस्था**

### कोडरमा में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

# जय कन्हैया लाल के जयकारे पर झूमे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कृष्ण जन्माष्टमी पर बुधवार को पूरे जिले में भक्ति का माहौल देखने को मिला. जय कन्हैया लाल की.. के जयकारों से कोडरमा गूंज उठा. मंदिरों में देर रात तक कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया. कृष्ण भक्तों ने उपवास रखकर श्रद्धा भक्ति के साथ मध्य रात्रि तक पूजा-अर्चना की. जैसे ही रात्रि 11 बजकर 59 मिनट पर मंदिरों में घंटियां बजनी शुरू हुई. वैसे ही झुमरी तिलैया में बरसात भी शुरू गो गई. 15 मिनट तक बरसात होती रही और तेज हवा की वजह से 12 बजकर 01 मिनट से विद्युत आपूर्ति शहर में बंद रही. पर्व को लेकर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था. मंदिरों में शाम से ही देर रात्रि तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा. कान्हा के जन्म के बाद लोगों के बीच प्रसाद, मिठाई व टॉफी बांटी गई. इस शुभ घड़ी भगवान कृष्ण की झांकियां भी दिखाई गई. जन्मोत्सव पर श्रद्धालु भक्तों ने कान्हा को झूला झुलाया एवं दही और माखन का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया. मंदिरों में कई बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में पहुंचे जिन्हें देखने के लिए लोगों में उत्सुकता थी. शहर के खुदरापट्टी स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में राखी भदानी मनीष कपसिमें उपस्थित थे. मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा भगवान श्री कृष्ण बुराइयों पर अच्छाई की के लिए अवतार लिया था. भगवान श्री कृष्ण का अवतार पापियों के खात्मे के लिए हुआ था. भगवान कृष्ण ने मार्गदर्शक की भूमिका निभा कर महाभारत में सत्य की जीत हासिल कराने में अहम भूमिका निभाई थी. वहीं दूसरी ओर श्री मनहरण कुटिया में छह दिवसीय झूलन उत्सव शुरू हुआ. स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, कोडरमा रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर, गौरीशंकर मंदिर समेत कई निवास स्थलों पर जन्माष्टमी की धूम रही. इस अवसर पर मुन्ना भदानी, अरविन्द चौधरी, राकेश राजपुत, नवीन सिन्हा राकेश कपसिमे, राजेश कपसिमे, सुजय सह, विनोद चौरसिया, पंकज केसरी, जीवकांत झा आदि उपस्थित थे. वहीं दूसरी ओर अडडी बंगला रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी झुलन उत्सव लगाया गया. यहां गिरधारी सोमानी, नंदकिशोर शर्मा, राजा चौरसिया, पंकज केशरी सहित कई गायकों ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया. मौके पर राजकुमार चौधरी रामप्रवेश पांडेय कई श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे. झुमरी तिलैया के विभिन्न निवास स्थलों मंदिरों में भी झुलन सजाया गया. इस दौरान छोटी -छोटी गायें ङ्ग. राधिका गौरी से बृज के छौरी से करा दो मेरा विवाहङ्गकाली कमले वाले मेरे यारङ्ग. कान्हा तो हमारा साथी है गरीबों का सहारा हैङ्ग.जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त झुमते रहे. शहर के अडडी बंगला में प्रेरणा शाखा की सचिव सारिका लडढा और तन्मय लडढा ने चंद्रयान 3 पर आधारित झुलन उत्सव सजाया. जिसे देखकर श्रद्धालु भक्त ने निहाल हुए.. वहीं श्याम बाबा पथ स्थित नेहा जैन ने भी अपने निवास स्थल पर आकर्षण सजावट किये और भगवान कृष्ण को 56 भोग अर्पित किया गया.



# श्री बंशीधर नगर में आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में गुरुवार को चेहल्लुम (चालीसवां) का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाया गया। प्रखंड के नगर उंटारी, चेचरिया, बरडीहा, बम्बा, नरही, कधवन, कोलझिकि, सरहस्ताल, कुशड़ण्ड, सोनबरसा, कोइन्दी, ठरकीया सहित आसपास के ग्रामीणों इलाकों में चेहल्लुम के अवसर पर बाजे गाजे के साथ जुलूस निकाला गया।

बरडीहा कर्बला के मैदान में युवाओं ने नये-नये अंदाज में कई करतब भी दिखाए। नगर उंटारी अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने कहा कि यह त्योहार हजरत इमाम हुसैन के 72 साथियों के कर्बला के मैदान में हुये शहादत की याद में मनाया जाता है। चेहल्लुम को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, इंस्पेक्टर रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह लगातार क्षेत्र भ्रमण करते नजर आये। बरडीहा गांव में पुअनि चंद्रदेव कुमार, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी, चेहल्लुम जुलूस में शामिल हुये।

इस मौके पर सदर तौहीद खान, सरपरस्त शमीम खान, पूर्व सरपरस्त तस्लीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान, पप्पू खान, युवा समाजसेवी लालबाबू खान, मुन्ना खान, आजाद खान, महमूद आलम सीनियर, तस्लीम खान जूनियर, डॉ मेराजुद्दीन खान, फुलटून खान, फैयाज खान, समसुल सिद्दिकी, सद्दाम आलम, गोलू आलम, शोएब आलम, बाबू खान, सोनु खान, गोल्डेन खान, फेराजूल खान, अजूबा खान, मंसूर खान, अख्तर खान, पप्पू आलम आदि मौजूद थे। इधर बरडीहा जुलूस में सदर मुश्ताक अहमद शेख, राहत हुसैन, डॉ ताहिर हुसैन, हैसियत अंसारी, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर राकीब अनवर, डॉ रिजवान अहमद, वकील अहमद, उस्मान अंसारी, मसउवर अंसारी, असलम आजाद, आफताब आलम, अल्ताफ आलम, गुलाम हुसैन, साजिद रजा, वकील अहमद, नेयामत हुसैन, मुस्तकीम अंसारी, भानू, रासिब, गुलाम, असलम, नौशाद, परवेज आदि काफी लोग शामिल थे।



## बेलाबार और नावाडीह गांव में निकला गया चेहल्लुम का जूलूस

**केतार।** बेलाबार- नावाडीह गांव में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार को चेहल्लुम के अवसर पर जुलूस निकाला और पहलाम मनाया। जूलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग या हुसैन या अली का नारा लगा रहे थे। जूलूस में कई मुहर्रम कमटी के लोग ताजिया, अखाड़ा, एवं बाजे गाजे के साथ शामिल हुए। जूलूस के दौरान जगह-जगह पर गोल लगाकर खिलाड़ियों ने पारंपरिक हथियारों से खेल दिखाया। जुलूस पंडा नदी के समीप पहुंचा जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया, दुलदुल, शिपड़ और इस्लामिया झंडा का मिलान किया। पुनः जुलुस बेलाबार नावाडीह गांव का भ्रमण करते हुए कर्बला तक पहुंचा। नावाडीह के सदर समीम अंसारी ने बताया कि कर्बला के शहीदों की शहादत को याद करने के लिए चेहल्लुम मनाया जाता है। चेहल्लुम मुहर्रम के 40वें दिन मनाया जाता है। यह गम का त्योहार है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग चेहल्लुम को शहादत के रूप में मनाते हैं। मौके पर हाकमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, डॉक्टर तौफीक अंसारी, अल्ताफ अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, ब्रह्मदेव गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गढ़वा जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

# मटका फोड़ प्रतियोगिता देखने उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को श्री कृष्णजन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्टूडेंट क्लब के तत्वधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चिनियां थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार मौके पर मौजूद रहे। मटका फोड़ प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें मटका फोड़ने के लिए सभी टीमों के लिए पांच मिनट का समय निर्धारित किया गया था। गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय की बी टीम ने 1 मिनट 3 सेकंड में ही मटका को फोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरा स्थान टाइगर क्लब चिनिया के छोटे बच्चों के द्वारा 1 मिनट 37 सेकंड में मटका को फोड़कर प्राप्त किया गया। तीसरा स्थान गांधी मेमोरियल उच्च स्कूल की ए टीम ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि थाना प्रभारी द्वारा शील्ड व कप देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद यासीन मलिक, मोहम्मद फरीद, अंबिका प्रसाद, मिस्टर भुट्टो मंसूरी, बंधू राम, डॉ अशोक यादव, महमुद अंसारी, कृष्ण यादव सहित मटका फोड़ प्रतियोगिता के देखने पहुंचे हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद थी।





### श्री बंशीधर मंदिर में मना कृष्ण जन्मोत्सव

**श्री बंशीधर नगर।** जय कन्हैया लाल की, मदन गोपाल के उद्घोष के साथ विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव संपन्न हुआ। बुधवार की देर रात भगवान श्री कृष्ण के जन्म होते ही मंदिर परिसर में महिलाएं सोहर गीत गाने लगी। मंदिर में विद्वान पंडितों द्वारा भगवान के जन्म से पूर्व वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन किया गया। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के साथ पालने की रस्सी खींचकर लोगों ने झुलाया। जन्मोत्सव के दौरान मंदिर के अंदर और बाहर पूरी भीड़ थी। ट्रस्टी के साथ बंशीधर चैंबर के पदाधिकारी व पुलिस को भीड़ को संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे।

मौके पर ट्रस्टी के संरक्षक पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, उनके पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव, ट्रस्टी के अध्यक्ष राजेश प्रताप देव, मंदिर के व्यवस्थापक नंदू लाल, सुजित कुमार अग्रवाल, बिरेंद्र कमलापुरी, मंदीप प्रसाद, नागेंद्र कमलापुरी, मनीष कुमार, चैंबर के अध्यक्ष शंभू सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, हृदयानंद कुमलापुरी, उमेश कुमार, रंजन कुमार छोटू, आनद अग्रवाल, राजन सोनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में मनाई गई जन्माष्टमी

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात्रि को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के खरौंधी बाजार, चंदनी, अमरोरा, राजी, करिवाडीह, कूपा, अरंगी, बैतरी, सिसरी, मझिगावां सहित गांव-देहातों में पूरे पारंपरिक तरीके से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने ढोलक, झाल पर मांगलिक सोहर गीत गाए। बच्चे भी कृष्ण एवं राधा का रूप धारण कर लोगों को का मन मोहा। जन्माष्टमी के मौके पर मझिगावां पंचायत के मुखिया बिंदा देवी, उपमुखिया प्रतीक दिवेदी ने पंचायत के विभिन्न पूजा पंडालों का दर्शन किया। मौके पर बीडीसी कृष्णा राम, मुखिया प्रतिनिधि सतीस राम, वार्ड सदस्य पंकज कुमार, राजी में मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, संकल्प श्रीवास्तव, आदित्य गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, बसंतलाल श्रीवास्तव, सक्षम गुप्ता, साक्षी गुप्ता, सौम्या राज, प्रतिभा राज सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डंडई में धूमधाम से मना कृष्ण जन्मोत्सव

**डंडई।** प्रखंड के डंडई गांव में धूमधाम के साथ बुधवार रात्रि कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। उक्त अवसर पर डंडई के प्रसिद्ध ठाकुरबाड़ी हरिहर मंदिर रंग बिरंगी रोशनी से पूरी रात गुलजार रहा। इतना ही नहीं, मंदिर परिसर में भगवान कृष्ण और माता राधा के लिए जहां बेहतरीनपालकी बनाया गया। वहीं भगवान कृष्ण की भी भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। दो जगहों पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहला देवी धाम चौक तो दूसरा मुख्य बाजार का अंबेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष सरवन ठाकुर ने बताया कि क्लब लगातार चौथा वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

## संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजयुमो ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में आगामी कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। चौबे ने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी का भव्य स्वागत करेंगे। 15 सितंबर को गढ़वा में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे। शहीदों के घर से मिट्टी एकत्र कर दिल्ली भेजेंगे।

बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि संकल्प यात्रा का जनसभा ऐतिहासिक होगा। इसके लिए बुथ स्तर पर तैयारी चल रहा है कार्यक्रम में युवाओं को बढ़कर चढ़कर हिस्सा लेना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के दौरान युवाओं को आगे बढ़कर काम करना है जिसमें गांव शहर हर जगह से मिट्टी एकत्र कर दिल्ली भेजा जाएगा। पद्दर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि हर घर से मिट्टी एकत्र किया जाएगा और उसे दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर अमृत वाटिका में देश के 7500 प्रखंड से लाया गया कलश के मिट्टी से पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्कूल, कॉलेज हर जगह अमृत वाटिका बनाकर वृक्षारोपण कार्य करना है। जिला महामंत्री सह भाजयुमो जिला प्रभारी संतोष दुबे ने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष को हजारों मोटरसाइकिलों के साथ कार्यक्रम स्थल पर लेकर जाएंगे। मौके पर जिला महामंत्री संजय कमलापुरी, विकास तिवारी, जिला मंत्री संजय जायसवाल, शिवम भारद्वाज, मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, नवीन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष बलराम यादव, मनोज चौधरी, विकास तिवारी, महेंद्र यादव, रामाकांत गुप्ता, ललीत सिंह, निरंजन पाठक, रविंद्र साव, ज्ञान रंजन चौबे, ओमप्रकाश पासवान, भरदुल कुमार, भाजपा कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी, संजय तिवारी, धर्मदेव ठाकुर, हरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### यात्रा को लेकर भाजपा ने की प्रेस कांफ्रेस

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के चौथे चरण के अंतिम दिन 16 सितंबर को प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक विशाल जनसभा व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने गुरुवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं। प्रेसवार्ता में मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, विश्वनाथ भंडारी, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सोबराती खान, अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण से आएगी कार्यों में दक्षता : बीडीओ

### नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड सर अंचल कार्यालय में नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। प्रथम चरण में हेठपोचरा, परसही एवं सासंग पंचायत के कुल 44 वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों को पंचायात के विकास में भूमिका एवं उतरदायित्व, स्थायी समिति, कार्यकारिणी बैठक, ग्राम सभा इत्यादि ग्रुप पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव एवं पंचायत शाखा के डीपीएम मानस मंडल ने शिरकत की। उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यों में दक्षता लाता है। आप सभी प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने कार्य क्षेत्र में उतारें एवं गांव के विकास में आम भूमिका निभाएं। मंडल ने वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य एवं वार्ड के विकास में उनकी भूमिका से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विनीता कुमारी द्वारा दिया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमारी, रिसोर्स पर्सन पवन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया।

## टीएसपीसी एरिया कमांडर के घर कोर्ट का नोटिस

**बालूमाथ।** चंदवा थाना के प्राथमिक अभियुक्त टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर अजीत जी उर्फ बालेंद्र गंझू पिता स्व दरसु गंझू के घर चंदवा पुलिस ने बालूमाथ थाना पुलिस के सहयोग से न्यायालय का इतिहार चिपकाया। पुलिस ने इश्तिहार चिपकने से पूर्व उग्रवादी का घर के आसपास के ग्रामीणों को मामले से अवगत कराते हुए विधिवत न्यायालय का नोटिस चिपकाया गया। मौके पर पुलिस ने बतलाया कि अगर प्राथमिक अभियुक्त 30 दिनों के अंदर न्यायालय में समर्पण नहीं करता है तो घर की कुर्की जप्त कर ली जाएगी। बता दें कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अजीत चंदवा थाना का नामजद अभियुक्त है। इस दौरान मकईया ताड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर व सैट 108 के जवान शामिल रहे।

## मनिका विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को प्रखंड स्थित लाली मोड़ के पास पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा पास पीसीसी सड़क बनवाने की मांग जा रही थी। ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, दून्दू पंचायत मुखिया चांदनी देवी, समाजसेवी अख्तर अंसारी, वृंदबिहारी यादव, तस्लीम अंसारी, अरुण सिंह, मनोज पासवान, रंजीत प्रसाद, नवल सिंह, सुरेंद्र भारती, बरकाड़ीह पंचायत मुखिया धनलाल उरांव, हैदर अली समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### अंसारी बिरादरी की प्रखंड कमेटी का हुआ गठन



**केतार।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के आह्वान पर गुरुवार को प्रखंड के बेलाबार, नवाडीह, केतार, पचाडुमर में निवास करने वाले अंसारी बिरादरी के लोगों ने बेलाबार मदरसा में सामूहिक बैठक कर प्रखंड कमेटी का गठन किया। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन कमेटी बेलाबार के सदर शमीम अंसारी ने की। इसका संचालन इम्तेयाज आलम ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से अंसारी बिरादरी के प्रखंड अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष शाहिद हुसैन, महासचिव मुजाहिदीन अंसारी, सहसचिव तजामुल अंसारी, मीडिया प्रभारी इम्तेयाज आलम, प्रवक्ता शाकिर अली अंसारी को बनाया गया, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर हकीमुद्दीन अंसारी को बनाया गया है। सलाहकार के रूप में अली हुसैन अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, मौलाना नसीम अहमद, मौलाना मुजफ्फर हुसैन, सुल्तान अंसारी, जसमुदिन अंसारी, असीम अंसारी को बनाया गया है।

### बाइक सवार दंपती को वाहन ने मारी टक्कर

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार रामरंजन सिन्हा व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार दोपहर तकरीबन ढाई बजे की है। घायल रामरंजन सिन्हा ने बताया कि अपनी बाइक से अपनी पत्नी का इलाज के लिए कांडी ले जा रहा था। इसी दौरान पतीला गांव निवासी स्वर्गीय सुनेश्वर शर्मा का पुत्र गंगा दयाल शर्मा अपनी मोपेड से पीछे से जोरदार धक्का मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रामरंजन सिन्हा को दोनों हाथ, माथा, छाती, पैर व उनकी पत्नी को पैर, सिर, चेहरा व कंधा सहित शरीर के विभिन्न जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पाकर कांडी एसआई प्रबल कुमार महतो अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक घायल पत्रकार व उनकी पत्नी इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा के लिए निजी वाहन से रवाना हो चुके थे। पुलिस ने दोनों गाड़ी को मुखिया की अनुपस्थिति में मुखिया के छोटे भाई राजू कुमार को फिलहाल के लिए सौंप दिया। साथ ही पुलिस गंगा दयाल शर्मा को थाना उठा ले गई।

### बाइक की चपेट में आने से एक युवती घायल

**गढ़वा।** मझियांव गांव थाना क्षेत्र के गहेड़ी गांव में बाइक की चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। घायल युवती की पहचान गहेड़ी गांव निवासी विफन साव की पुत्री अंजू कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह मिट्टी लेकर घर जा रही थी। इस दौरान सामने से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया, जिसमें वह घायल हो गई। लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**आयोजन** | बाबा बंशीधर के प्रांगण में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खोली मोहब्बत की दुकान

# श्री बंशीधर नगर कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो पद यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** अनुमंडल मुख्यालय स्थित भवनाथपुर मोड़ से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिजीत कमल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया गया। भारत जोड़ों पदयात्रा भवनाथपुर मोड़ से चलकर मुख्यमार्ग से होते हुये सूर्य मंदिर के निकट मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई।

इस मौके पर पूर्व विधायक सह कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरा होने पर आज पूरे देश में भारत जोड़ो पदयात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस यात्रा का अच्छा संदेश गया है। नफरत की जगह मोहब्बत फैलाने का संदेश राहुल गांधी ने पूरे देश को दिया है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम सीमा पर है। बेरोजगारी बढ़ रही है। युवाओं को रोजगार नहीं मिलने से उनमें आक्रोश है। देश के किसान परेशान हैं। सरकार इन समस्याओं का निदान करने के बजाय नफरत फैला रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है। सरकार को समय पर जनता मुहतोड़ जबाब देगी। कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये लोग गांव गांव में लोगों को भारत जोड़ो यात्रा का संदेश देंगे। भारत जोड़ो पदयात्रा में प्रदेश सचिव श्रीकांत तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि अलख चौबे, सुरेंद्रनाथ तिवारी, मोबिन अंसारी, रामवृक्ष यादव, देवचंद यादव, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिजीत कमल, महासचिव रोहित पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, सुदर्शन उरांव, विमला देवी, रामु चंद्रवंशी, प्रदीप चौधरी, गजेंद्र चौधरी, अशफाक अंसारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।




वहीं युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत जोड़ो पदयात्रा के बाद बाबा बंशीधर के प्रांगण में मोहब्बत की दुकान का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिजीत कमल ने कहा कि आज देश के युवा नफरत व उन्माद से ग्रसित हैं। राहुल गांधी द्वारा नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली गयी है, उसे आत्मसात कर अपने भविष्य को संरक्षित करने का काम करें। इस संदेश को आम जनता के साथ साझा करने के लिये बाबा बंशीधर के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मोहब्बत की दुकान खोली गई है। भगवान श्री कृष्ण प्रेम के प्रतीक हैं। उनसे प्रार्थना है कि देश को नफरत से मुक्त करें। पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि देश को आर्थिक गुलामी से मुक्त करने के लिये पूरे देश को भाजपा सरकार की तानाशाही को मुक्त किया जायेगा। श्रीकांत तिवारी ने कहा कि भय, भूख, भ्रष्टाचार के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व में आगामी 2024 का चुनाव भाजपा हटाओ देश बचाओ के संकल्प के लड़ा जायेगा। सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की जुमलेबाजी नहीं चलेगी और दुबारा उन्हें लालकिले से जुमलेबाजी का मौका देश की जनता नहीं देगी। मौके पर पीसीसी अलख निरंजन चौबे, सेवा दल के जिला संगठक ईश्वरी चौधरी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रियांशू दुबे, मोसाहिद हुसैन, युवा महासचिव रोहित पांडेय, एखलाख अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लियाकत अंसारी, अमजद अंसारी, अशोक कुमार, मीडिया सेल के मनीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोजगार व झारखंड

*झारखंड* में वैसे तो समस्यायें अनेक हैं। बावजूद साहेबगंज में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जिस तरह नौजवान को लेकर चिंता व्यक्त की है, वह यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में रोजगार की दिशा में कोई क्रान्तिकारी कदम सरकार द्वारा उठाया जा सकता है। यह अच्छी बात है, कारण जिस प्रकार राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है। उससे नौजवानों के सामने अंधकार का वातावरण पसर चुका है। सुबह की बरसाती धूप रास नहीं आ रही है। राज्य सरकार प्रदेश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। सरकार ने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु राज्य में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अब राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी आपके प्रखंड, पंचायत एवं गांवों में कैम्प लगाकर आपकी समस्याओं का निदान करने की योजना है। आपकी सरकार आपके द्वार के तहत लाखों की संख्या में आवेदन मिले। लेकिन दुखद पहलू यह कि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसी स्थिति में सरकार को यह भरोसा तो दिलाना ही पड़ेगा कि युवाओं की बेरोजगारी वह कैसे दूर करेगें। यह सभी जानते हैं कि अपना राज्य झारखंड पूरे देश को कोयला की आपूर्ति करता है। साथ ही इसकी रत्नागर्भा धरती की कोख में असंख्य रत्न दबे पड़े हैं। बावजूद यह राज्य पिछड़ा है। इसके पिछड़ेपन और सम्पन्नता के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना जरूरी है। ऐसे में बस जरूरत है कि हेमंत सरकार संकल्प के आकाश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। लेकिन ऐसा नहीं होना यह दर्शाता है कि सरकार की कथनी और करनी में काफी फर्क है। यह सही है कि राज्य में पहली बार सरकार आपके घर-घर, पंचायत-पंचायत पहुंचकर समस्याओं को सुनी लेकिन जिस प्रकार उसका निष्पादन होना चाहिए था,नहीं हो सका। हमारे बुजुर्ग ब्लॉक का चक्कर आज भी काट रहे हैं। ब्लॉक में आज भी काफी अराजकता है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आप पशु पालकर आय अर्जित कर सकते हैं। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में दिन प्रतिदिन सुधार लाने का प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज हमारी सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के छात्र-छात्रा आज उत्कृष्ट विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन सच्चाई आज कुछ और है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों और पशुपालकों के सामने कई प्रकार की समस्या है। एक तरफ किसान सूखे का दंश झेल रहा है तो दूसरी तरफ पशुओं के बीमार होने की वजह से उसकी चिंता और बढ़ गयी है। वैसे सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस है। इन संदर्भों में बस इतना ही कहा जा सकता है कि जमीनी सच्चाई को जानने के लिए जमीन पर उतरना जरूर है। यह बात भी सही है कि शिक्षा की बेहतरी के क्षेत्र में सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। आज निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालय इसका उदाहरण हैं। यहां के शिक्षकों को आईआईएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है, ताकि वे आधुनिक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा राज्य के बच्चों को दे सकें। लेकिन ऐसा होता ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं दिख रहा है। इसके लिए बड़े पैमाने पर कठोर कदम की जरूरत है।

**सुबह की बरसाती धूप रास नहीं आ रही है। राज्य सरकार प्रदेश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। सरकार ने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु राज्य में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हुई।**

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर भारत का जी-20 कार्य समूह समावेशी




*विश्व* भर में व्यारपक स्तनर पर जीवन, आजीविका और अवसंरचना पर सुनामी और भूकंप जैसे भू-भौतिकीय जोखिमों और लगातार बढ़ते तीव्र चरम जलवायु और मौसम की आपदाओं का खतरा बना हुआ है। एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में, कोई भी देश और कोई अर्थव्यवस्था इससे अछूती नहीं है। इन बढ़ते खतरों को आपदाओं में बदलने से रोकने के लिए त्वनरित समाधान और अभूतपूर्व वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जी-20 कार्य समूह की स्थापना करके आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस समूह ने आपदा और जलवायु जोखिमों के लिए वैश्विक अनुकूलता का निर्माण करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए विश्वु की बीस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को एकजुट किया है। वर्ष 2023 इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015-2030 के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के मध्य बिंदु को चिह्नित करता है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपदा जोखिम में कमी के महत्व को मान्यता देने के लिए 187 देशों द्वारा 2015 में फ्रेमवर्क को अपनाया गया था। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आपदा जोखिम में कमी के लिए दस-सूत्री एजेंडे को रेखांकित किया। दस सूत्री एजेंडे में आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं के नेतृत्व पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2019 में, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना को संशोधित किया ताकि कई जेंडर-उत्तरदायी उपायों को शामिल किया जा सके। इनमें आपदा के बाद पुर्ननिर्माण कार्यक्रमों के तहत निर्मित घरों को परिवारों के पुरुष और महिला दोनों प्रमुखों के नाम पर संयुक्त रूप से पंजीकृत करना - और यह देखते हुए कि आपदा के बाद पुर्ननिर्माण को 'इस तरह से नये सिरे से निर्माण का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए, जो महिलाओं और लड़कियों के लिए समावेशी हो और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने के अवसर प्रदान करता हो, शामिल है'। इसके अतिरिक्तक, एनडीएमए अपनी आपदा मित्र स्कीमम के माध्यऔम से, देश भर में एक लाख नागरिक स्वयंसेवक आपदा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और संगठित करने के लिए काम कर रहा है, जिनमें से कम से कम 25 प्रतिशत महिलाएं हैं - और कुछ राज्यों में इन स्वयंसेवकों में से 50 प्रतिशत तक महिलाएं हैं। सरकार ने इस परिप्रेक्ष्य को जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की गतिविधियों में शामिल किया, जिसने अपने विचार-विमर्श और अपने परिणाम दस्तावेज दोनों में डीआरआर के लिए सामाजिक रूप से समावेशी, स्थानीय रूप से नेतृत्व वाले और जेंडर-उत्तरदायी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। गोलमेज चर्चाओं के माध्यम से, कार्य समूह ने यह सुनिश्चित किया कि आपदा जोखिम प्रबंधन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए रणनीतियों की योजना बनाते समय विविध दृष्टिकोणों को व्यतक्तस किया जाए और जी-20 सदस्य देशों द्वारा उन्हें सुना जाय। आपदा जोखिम न्यूनीकरण और **अनुकूलता में महिलाओं की भूमिका :** आपदा जोखिम में कमी लाने के लिए महिलाओं की भागीदारी और लैंगिक जवाबदेही पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि जलवायु और आपदा जोखिमों के प्रति स्थानीय अनुकूलता को सुदृढ़ बनाने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और

**भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जी-20 कार्य समूह की स्थापना करके आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।**

## इन दिनों

फिर भी वे इन जोखिमों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं। उदाहरण के लिए विचार करें कि कैसे भारत के कई तटीय समुदायों, जैसे कि सुंदरबन क्षेत्र, में महिलाओं ने मैनग्रोव की बहाली और निरंतर प्रबंधन का नेतृत्व किया है और इस प्रकार कई अतिव्यापी जोखिमों को दूर किया है। सबसे पहले, मैनग्रोव तटीय क्षेत्रों में चक्रवात, तूफान और बाढ़ से प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। दूसरा, मैनग्रोव महत्वपूर्ण कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं और इस प्रकार जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान करते हैं। तीसरा, मैनग्रोव स्थानीय मछली इको सिस्टेम को बनाये रखते हैं और इस प्रकार स्थानीय समुदायों को आर्थिक आजीविका और खाद्य सुरक्षा प्रदान करते हैं। विश्व भर में, विशेष रूप से विकासशील देशों (ग्लोबल साउथ) में महिलाओं द्वारा की गई ऐसी अनगिनत पहलें दर्शाती हैं कि कैसे महिलाओं को अक्सर इन जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन को व्यवस्थित करने की क्षमता के साथ-साथ आपदा जोखिम के वाहकों के बीच संबंधों की सूक्ष्म समझ होती है। उदाहरण के लिए, सूखे की बढ़ती अवधि और आवृत्ति के कारण पानी की कमी से महिलाओं पर देखभाल का बोझ बढ़ जाता है और जिससे उन्हें पानी लाने के लिए उन्हें दूर जाने के लिए विवश होना पड़ता है। उनकी आजीविका गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसके अतिरिक्त, महिलाओं को जोखिम बीमा या आपदा के बाद मुआवजा योजनाओं के अंतर्गत अपर्याप्त कवरेज मिलता है क्योंकि उनके पास आमतौर पर भूमि और अन्य उत्पादक संपत्तियों का स्वामित्व नहीं होता। आपदाओं के बाद महिलाओं को जेंडर आधारित हिंसा के उच्च जोखिम का भी सामना करना पड़ता है। इस प्रकार आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संदर्भ में महिलाएं मूल्यवान लेकिन निर्बल हितधारक हैं। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर जी-20 की भारतीय अध्यक्षता के फोकस ने अधिक देशों को पर्याप्त संसाधन - वित्त, प्रौद्योगिकी, ज्ञान और संस्थागत क्षमता जुटाने के लिए प्रोत्साहित करके समावेशी आपदा जोखिम कटौती पर वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने में मदद की है। इन संसाधनों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए पहला त्वरित कदम आपदा पूर्व और बाद की दोनों स्थितियों में जेंडर, आयु और विकलांगता के अलग-अलग डेटा संग्रह और जेंडर-उत्तरदायी सामाजिक-आर्थिक आकलन की क्षमता में निवेश करना है। इसके अतिरिक्तर, स्थानीय स्तर पर इन प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित करने से न केवल प्रचलित सामाजिक मानदंडों के अनुसार डेटा एकत्र करने में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय जोखिम और अनुकूलता की प्रकृति के बारे में अधिक व्यापक जानकारी भी मिलेगी। इसके बाद, जमीनी स्तर पर महिलाओं और महिला समूहों द्वारा की जा रही युक्तियों में निवेश में तेजी लाकर और स्थानीय, राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करके इस डेटा का निर्माण करना महत्वपूर्ण है। ये कार्रवाइयां स्थानीय सतत विकास प्रक्रियाओं को बदलने, आपदा जोखिमों के लिए दीर्घकालिक सामूहिक अनुकूलता का निर्माण करने और लैंगिक समानता को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अगले सात वर्षों में, हमें 2030 तक सेंडई फ्रेमवर्क के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जी-20 भारत की अध्यक्षता द्वारा सृजित अवसरों का और आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं की आवाज, एजेंसी और नेतृत्व का लाभ उठाना चाहिए। हमें उम्मीद है कि ब्राजील, जो अगले साल जी20 की अध्यक्षता करेगा, डीआरआर कार्य समूह की विरासत को आगे बढ़ाएगा और आपदा योजना तथा तैयारियों के लिए महिलाओं, स्वदेशी और स्थानीय समुदायों तथा अन्य निर्बल समूहों की आवाज उठाना जारी रखेगा।

**लेखक कमल किशोर भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य और जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह के अध्यक्ष हैं। सुसान फर्ग्यूसन यूएन वीमेन इंडिया की कंट्री रिप्रसेंटेटिव हैं।**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा शिवगण नंदी जी की*

*एक* दिन जब वे सोमेश्वर में बैठे थे, तब एक बछड़े द्वारा उन्हें इस पाप से मुक्ति का उपाय बताया गया। कथा में बताया गया है कि यह बछड़ा नंदी था। वह शिव जी के साथ गोदावरी के रामकुंड तक गया और कुंड में स्नान करने को कहा। स्नान के बाद शिव जी ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हो सके। नंदी के कारण ही शिवजी की ब्रह्म हत्या से मुक्ति हुई थी। इसलिए उन्होंने नंदी को गुरु माना और अपने सामने बैठने को मना किया। आज भी माना जाता है कि पुरातन काल में इस टेकरी पर शिवजी की पिंडी थी। अब तक वह एक विशाल मंदिर बन चुकी है। पेशवाओं के कार्यकाल में इस मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ। मंदिर की सीढ़ियाँ उतरते ही सामने गोदावरी नदी बहती नजर आती है। उसी में प्रसिद्ध रामकुंड है। भगवान राम में इसी कुंड में अपने पिता राजा दशरथ के श्राद्ध किये थे। इसके अलावा इस परिसर में काफी मंदिर है। लेकिन इस मंदिर में आज तक कभी नंदी की स्थापना नहीं की गई।

*(समाप्त)*

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

हिन्दू धर्मग्रंथों में आये संदर्भों के अनुसार प्रजापति ब्रह्मा के पुत्र मरीचि हुए। मरीचि के पुत्र प्रजापति कश्यप हुए। प्रजापति कश्यप ने प्रजापति दक्ष की 17 पुत्रियों से विवाह किया। इनमें दिति और अदिति भी थीं। इस कड़ी में हम दिति एवं अदिति की कथा की चर्चा करेंगे। प्राचीन धर्म-ग्रंथों में कश्यप ऋषि का नाम बार-बार आया है। ये एक वैदिक ऋषि थे तथा इनकी गणना सप्तर्षियों में की जाती थी। हिन्दू धर्मग्रंथों की मान्यता है कि कश्यप के वंशजों ने ही मानव सृष्टि का प्रसार किया। कुछ हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार धरती पर निवास करने वाले समस्त जीवधारियों की उत्पत्ति कश्यप ऋषि से हुई।

*(क्रमशः)*

# क्या टुकड़ों में विभाजित होगा पाकिस्तान



सुरेश हिन्दुस्थानी

*वर्तमान* में पाकिस्तान में जिस प्रकार के स्वर मुखरित हो रहे हैं, उसके निहितार्थ लगाये जाएं तो यही परिलक्षित होता है कि पाकिस्तान की जनता अब अपने ही उन नीति नियंताओं का विरोध करने पर उतारू हो गये हैं, जिन्होंने पाकिस्तान बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। पाकिस्तान के निर्माण के साथ ही राजनीतिक दुष्चक्र में गोता लगाने वाले पाकिस्तान के शासकों ने केवल अपने हित की राजनीति को ही प्रधानता दी। जिसके कारण न तो पाकिस्तान प्रगति कर सका और न ही वहां की जनता का जीवन स्तर बेहतर हो सका है। आज इस तथ्य को सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की जनता अनेक प्रकार की विसंगतियों का सामना कर रही है। महंगाई का आलम यह है कि जनता लगातार पिस रही है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आसमान छूते भाव ने जनता के माथे पर चिंता की लकीरें स्थापित कर दी हैं। अब पाकिस्तान में एक नई समस्या दिख रही है, जिसमें अब पाकिस्तान की जनता अपने शासकों को कोस रही है। पूरा विश्व इस बात को भली-भांति जानता है कि आज बलूचिस्तान, गिलगित और बाल्टिस्तान में जिस प्रकार मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है, उसमें पाकिस्तान का चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। इन स्थानों पर अंदर ही अंदर पाकिस्तान के विरोध में वातावरण बना हुआ है। कुछ लोगों ने खुलकर विरोध करना प्रारंभ कर दिया है, कुछ लोग पाकिस्तान के दमनकारी रवैये के कारण डरे-सहमे हुए हैं। अगर पाकिस्तान के इन क्षेत्रों के लोगों की भावनाओं को समझा जाय तो यह क्षेत्र किसी भी तरीके से पाकिस्तान के साथ रहना नहीं चाहते। भारत में जिस प्रकार से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली हुई है, उसी तरह की बोलने की आजादी पाकिस्तान में भी होती तो संभवतः आज पूरे पाकिस्तान में ही विरोधी स्वर सुनाई दे रहे होते। सिंध और ब्लूचिस्तान की जनता की ओर से जहां भारत में शामिल होने के स्वर सुनाई देने लगे हैं। इतना ही नहीं इन प्रदर्शनकारियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खुलकर समर्थन किया है। आगे चलकर यह भी हो सकता है कि बलूचिस्तान और सिंध की तर्ज पर पाकिस्तान के पंजाब में भी आजादी की मांग उठने लगे। क्योंकि पंजाब के कई लोग अपने आपको आज भी स्वाभाविक रूप से भारत का हिस्सा ही मानते हैं। वहां भारतीय संस्कृति के अवशेष बिखरे हुए दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं वहां के जनजीवन में भी भारतीयता की झलक दिखाई देती है। पाकिस्तान में आज जो हालात दिखाई दे रहे हैं, वह केवल आतंकी आकाओं की बढ़ती हुई सक्रियता का ही परिणाम कहा जायेगा। कई क्षेत्रों में बेरोजगारी और भुखमरी के हालात हैं। पाकिस्तान ने इस समस्या के समाधान के लिए किसी प्रकार के प्रयास नहीं किये। इसके विपरीत आतंकवाद को बढ़ाने के लिए पूरा समर्थन दिया। वर्तमान में पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि लोग आतंकवाद का विरोध करना भी चाहें तो भी नहीं कर सकते। ऐसा करने पर आतंकवादी अपने ही नागरिकों पर अत्याचार करते हैं। जिसका दंश भोली-भाली जनता को भोगना पड़ रहा है। पाकिस्तान की जनता पूरी तरह से आतंकवाद से त्रस्त आ चुकी है। लम्बे समय से पाकिस्तान की दमनकारी अत्याचार को सहन कर रही वहां की जनता को जब लगा कि नरेन्द्र मोदी ने उनकी भावनाओं को समझा है, तो वह पूरी तरह से उनके साथ आने लगे हैं। इसके साथ ही कश्मीर की बात करें तो वहां के वातावरण को बिगाड़ने में पाकिस्तान का हाथ रहा है। यहां पर एक बात साफ है कि पूरी समस्या के लिए पाकिस्तान ही दोषी है, फिर भी उलटा चोर कोतवाल को डाटे वाली तर्ज पर पाकिस्तान की सरकार चल रही है। पाकिस्तान के अपने प्रांतों में वर्तमान में जो हालत है, उसके लिए पाकिस्तान के सरकारी मुखिया और आतंकवाद फैलाने वाले संगठन ही जिम्मेदार हैं।


**आज इस तथ्य को सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की जनता अनेक प्रकार की विसंगतियों का सामना कर रही है। महंगाई का आलम यह है कि जनता लगातार पिस रही है।**

## देश विदेश

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# साक्षरता दिवस 8 सितम्बर को ही क्यों?



योगेश कुमार गोयल

*साक्षरता* के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्व भर में 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 57वां 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाये जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है। निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किये जाते हैं कि इसके जरिये तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाय। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विडम्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारण वश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देनाः टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' (प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशनः बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज)। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिये टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था।


**तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं।**

## साक्षरता

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# वेट लॉस में बेहद फायदेमंद हैं मशरूम की ये रेसिपीज

कुछ लोग वेट लॉस के चक्कर में अपनी डाइट से कई चीजों को बाहर कर देते हैं। अगर आप भी वजन ना घटने से परेशान हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस एक चीज को अपनी डाइट में शामिल कर आप आसानी से अपना वजन कम कर सकते हैं। आज के समर में मोटापा लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण बड़ी संख्या में लोग मोटापे का शिकार हो रहे हैं। वहीं बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए कई एड़ी-जोटी का जोर लगाते हैं। कुछ लोग डाइटिंग का सहारा लेते हैं, तो कुछ लोग घंटो जिम में पसीना बहाते हैं। लेकिन इसके बार भी रिजल्ट ना मिलने पर नि?ाश हो जाते हैं। कुछ लोग वेट लॉस के चक्कर में अपनी डाइट से कई चीजों को बाहर कर देते हैं। अगर आप भी वजन ना घटने से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है।





हम आपको इस आर्टिकल के जरिए एक ऐसी चीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपनी डाइट में शामिल कर अपना वेट आसानी से घटा सकते हैं। अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं तो आपको अपनी डाइट में मशरूम को जरूर शामिल करना चाहिए। बता दें कि मशरूम सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। मशरूम में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन-बी, विटामिन-डी, जिंक, सेलेनियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं इसमें कैलोरी काफी कम होती है। जिससे आपका वजन भी कंट्रोल में रहता है। आइए जानते हैं वेट लॉस के लिए मशरूम का किस तरह से सेवन करना फायदेमंद होता है।

## ब्रेकफास्ट में शामिल करें मशरूम

वेट लॉस के लिए आपको ब्रेकफास्ट में मशरूम का सेवन करना चाहिए। इसके लिए आपको मशरूम को छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इसमें ओट्स और दलिया मिलाकर सेवन करें। वहीं अगर आप अंडा खाते हैं, तो मशरूम का ऑमलेट बनाकर खा सकते हैं। मशरूम का ऑमलेट भी नॉर्मल ऑमलेट की तरह तैयार होता है। ब्रेकफास्ट में मशरूम का सेवन करने से आपको बार-बार क्रेविंग नहीं होती है। इससे आपको वजन घटाने में आसानी होगी।

## मशरूम सूप

वेट लॉस के लिए आपको मशरूम के सूप का सेवन करना चाहिए। मशरूम सूप बनाना काफी ज्यादा आसान है। मशरूम सूप बनाने के लिए आप प्याज, गाजर, अदरक, मशरूम और लहसुन को बारीक काट लें। अब एक पैन में घी गर्म कर उसमें अदरक और लहसुन डालकर भून लें। इसके बाद उसमें प्याज, गाजर और मशरूम डालकर 2-4 मिनट के लिए फ्राई करें। अब इसमें पानी और स्वादानुसार नमक मिला लें। इस तरह से आपका सूप बनकर तैयार हो जाएगा। ऊपर से आप इसमें एक चुटकी काली मिर्च डाल लें। इस सूप के रोजाना सेवन से आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी।

## मशरूम स्टर फ्राई

वेट लॉस के लिए आप अपनी डाइट में मशरूम स्टर फ्राई भी शामिल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए गाजर, प्याज, गोभी, मशरूम और टमाटर को बारीक टुकड़ों में काट लें। अब एक पैन में एक चम्मच घी गर्म कर उसमें अदरक और लहसुन को भून लें। फिर इसमें बारीक कटी हुई सब्जियों को डालकर मीडियम आंच पर कम से कम 5 से 7 मिनट तक के लिए पकाएं। आप चाहें तो इसमें पनीर के टुकड़े भी डाल सकते हैं। इसके बाद इसमें काली मिर्च पाउडर, नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिक्स करें। 2-3 मिनट पकाने के बाद आंच बंद कर दें। इस तरह से आपका मशरूम स्टर फ्राई बनकर तैयार हो जाएगा। इस तरह से आपको स्वाद भी मिलेगा और वेट लॉस में भी मदद मिलेगी।

## मशरूम की सब्जी

वजन घटाने के लिए मशरूम की सब्जी का सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकती है। मशरूम में फाइबर की भरपूर मात्रा पायी जाती है। जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखती है। वहीं मशरूम में मौजूद पोषक तत्व आपके शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं। साथ ही इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है। मशरूम की सब्जी बनाने के लिए आप घी या तेल का इस्तेमाल कम से कम करें।

❖ अनन्या मिश्रा

# सर्दी-खांसी व बदन दर्द का उपचार है तुलसी



तुलसी औषधीय गुणों वाला पौधा है। यह कफ और कफ समस्या को दूर कर सर्दी-खांसी और बदन दर्द से राहत पहुंचाती है। जानते हैं इन समस्याओं को दूर करने के लिए तुलसी का किस तरह प्रयोग किया जा सकता है। सीजनल फ्लू के कारण सांस लेने में मुश्किल हो सकती है। इसके कारण इन दिनों कोल्ड और कफ की समस्या आम है। इनके अलावा शरीर में लगातार दर्द रह सकता है। इन सारी समस्याओं के कारण काम कर पाना कठिन हो सकता है। हालांकि सर्दी और फ्लू को प्राकृतिक रूप से ठीक करने के लिए कई घरेलू उपचार मौजूद हैं। मां बताती है कि मौसमी फ्लू के कारण होने वाली सर्दी-खांसी और बदन दर्द को ठीक करने के लिए तुलसी सबसे कारगर है।

तुलसी एक पवित्र पौधा है। इसके औषधीय और आध्यात्मिक दोनों गुण हैं। आयुर्वेद में इसे प्रकृति की मातृ औषधि और जड़ी-बूटियों की रानी भी कहा जाता है। तुलसी एंटी बैक्टीरियल, एंटी इन्फ्लामेटरी, एंटीट्यूसिव (खांसी से राहत देने वाला) और एंटी एलर्जिक भी होती है। तुलसी की कुछ पत्तियों को शहद के साथ लेने से खांसी और फ्लू से राहत मिल जाती है, क्योंकि यह इम्यून हेल्थ में सुधार कर देती है। यदि रोजाना तुलसी की चाय पीई जाए, तो तनाव कम करने में मदद मिल सकती है

आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉ. नीतू भट्ट बताती हैं, 'सामान्य सर्दी-खांसी कफ बढ़ने और पाचन के कमजोर पड़ने के कारण होती है। हम जो खाना खाते हैं, वह पूरी तरह से पच नहीं पाता है। वह अमा में बदल जाता है। यह अमा थूक के रूप में श्वसन तंत्र में पहुंचता है। यह सर्दी या खांसी का कारण बनता है। तुलसी में पाचन और कफ संतुलन गुण होते हैं, जो अमा को कम करने और शरीर से अत्यधिक थूक को बाहर निकालने में मदद करते हैं। सूजन के कारण शरीर में दर्द करता है। तुलसी का एंटी इन्फ्लामेटरी गुण बदन दर्द से राहत दिलाता है। इन्फ्लूएंजा के कारण भी सर्दी खांसी और बदन दर्द हो सकता है। आयुर्वेद में इन्फ्लूएंजा को वात श्लेष्मिका ज्वर के रूप में जाना जाता है। यह तीन दोषों- वात, पित्त और कफ के असंतुलन के कारण होता है। तुलसी तीनों दोषों खासकर कफ दोष को संतुलित करके इन्फ्लूएंजा को प्रबंधित कर सकती है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर शरीर को सभी रोगों से मुक्त करने में मदद कर सकती है।

डॉ. नीतू भट्ट के अनुसार, कभी कभी अस्थमा के कारण सांस फूलने लगती है और कफ हो जाता है। आयुर्वेद में अस्थमा को श्वास रोग कहा जाता है। मुख्य दोष वात और कफ के कारण ऐसा होता है। वात और कफ दोष श्वसन मार्ग में रुकावट पैदा करते हैं। इसके परिणामस्वरूप सांस लेने में कठिनाई होने लगती है। तुलसी में कफ और वात को संतुलित करने वाले गुण होते हैं, जो अस्थमा को दूर करने में मदद करते हैं।


**कैसे तैयार करें तुलसी की चाय**

10-12 तुलसी के पत्ते लें। हाफ टी स्पून कुटी हुई अदरक और 7-8 सूखी कुटी हुई काली मिर्च भी लें। एक पैन में दो बड़े कप पानी को उबालें। इसमें तुलसी, कसा हुआ अदरक और काली मिर्च डाल दें। इसे लो फ्लेम पर 7-10 मिनट तक उबलने दें। इसमें एक चुटकी काला नमक मिलाएं और ½ नींबू निचोड़ लें। सामान्य सर्दी और खांसी को नियंत्रित करने के लिए इसे छानकर पियें। प्रतिदिन 3-4 बार सेवन करें। इसमें 1 छोटा चम्मच शहद भी मिलाया जा सकता है।

❖ स्मिता सिंह

# बच्चे की डाइट में शामिल करें मखाना टिक्की, बेहद आसान है इसकी रेसिपी





नवजात शिशु को 6 महीने के बाद ठोस पदार्थ देना शुरू किया जाता है। लेकिन छह माह बाद तक भी बच्चे के दांत नहीं निकलते हैं। ऐसे में उन्हें ठोस पदार्थ स्मूदी के तौर पर खिलाया जाता है। ऐसे में आप बच्चे को मखाना टिक्की बनाकर खिला सकती हैं। नवजात शिशु को 6 महीने के बाद ठोस पदार्थ देना शुरू किया जाता है। लेकिन छह माह बाद तक भी बच्चे के दांत नहीं निकलते हैं। ऐसे में उन्हें ठोस पदार्थ स्मूदी के तौर पर खिलाया जाता है। बता दें कि बच्चे को सब्जियां, फल, और ड्राई फ्रूट्स आदि भी खिलाना चाहिए। मखाना बच्चों के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। मखाने में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जो बच्चे के स्वास्थ्य और विकास दोनों तरीके से काफी जरूरी होता है। हालांकि लोगों को काफी ज्यादा कंफ्यूजन रहती है कि बच्चों को मखाना कैसे दिए जाएं। ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि हम आपको बताने जा रहे हैं कि बच्चे को आप मखाना कैसे खिला सकती हैं। आप बच्चे को मखाने की टिक्की बनाकर दे सकती हैं।

## सामग्री

आलू - 1
गाजर - ½ कप
हरी मटर - ½ कप
मखाना पाउडर - 1 चम्मच
पोहा - 2 चम्मच (भिगोकर रखा गया)
काली मिर्च - एक चुटकी
जीरा पाउडर - एक चुटकी
हींग - एक चुटकी
हल्दी - एक चुटकी

## ऐसे बनाकर करें तैयार

मखाना टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले सभी सब्जियों को काटकर उबाल लें।

अब इन सब्जियों में मखाना पाउडर और भिगोया हुआ पोहा मिलाएं।

इसके बाद इन सारी चीजों में जीरा पाउडर, हींग, काली मिर्च और हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स करें।

सारी चीजों को अच्छे से मिक्स कर हाथों से छोटी-छोटी लोई बनाएं और पैन पर घी डालकर सभी टिक्की को सेंक लें। जब टिक्की ब्राउन हो जाए तो दही के साथ बच्चे को सर्व कर खिला दें। मखाना टिक्की के फायदे

पोषक तत्वों से भरपूर

मखाना टिक्की में सभी सब्जियों का इस्तेमाल करने से यह बच्चे की इम्यूनिटी को स्ट्रांग करता है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, मिनरल्स और एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसके अलावा मखाना टिक्की में फोलेट, मैग्नीशियम, पोटैशियम और आयरन की भरपूर मात्रा होती है। जो बच्चे के स्वास्थ्य और विकास के लिए काफी जरूरी होती है।

## हेल्दी तरीके से वेट बढ़ाए

मखाना टिक्की में सब्जियों के इस्तेमाल से बच्चे का पाचन अच्छा रहता है। वहीं मखाना पाउडर बच्चे का हेल्दी तरीके से वेट बढ़ाने में मददगार होता है।

## हड्डियां होंगी मजबूत

मखाने में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम और एंटीआक्सीडेंट्स पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूती देता है। साथ ही बच्चे की सही ग्रोथ और शरीर में एनर्जी भी बनाए रखता है।

## सूडोकु नवताल- 6816

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6815 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**08 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.27 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | तुला | 08.38 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.53 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.09 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.14 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.00 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.33 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.04 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.44 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.42 बजे से |
| 10.30 से | | कर्क | 01.55 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | सिंह | 04.12 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 251 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 17.31 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 12.10 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 22.07 बजे को समाप्त। **करण** गर 17.31 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 52' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871730 **जूलियन दिन** 2460195.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 22 **विशेष** गोगा नवमी, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7878

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | ■ |
| | ■ | 5 | | | | | ■ | 6 |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | |
| ■ | | ■ | ■ | 13 | ■ | ■ | | ■ |
| 14 | | 15 | ■ | | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | | | | ■ | |
| ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन(अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

**ऊपर से नीचे**

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. धनवान, संपन्न-3

**शब्द पहेली -7877 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | न | प | ह | चा | न | ■ | वा | त |
| न | ■ | ल | ■ | ल | ल | क | ■ | न |
| की | ल | ■ | बा | बा | ■ | क्ष | त्रि | य |
| ना | ■ | श | ■ | ज | ■ | ■ | का | ■ |
| ब | का | व | ट | ■ | म | स | ल | न |
| ■ | ज | ■ | ■ | म | ■ | त्य | ■ | क |
| फ | ल | क | ■ | ह | द | ■ | ऐ | ब |
| रे | ■ | म | स | ला | ■ | रो | ■ | ज |
| ब | ल | ■ | ब | ना | ब | टी | प | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष राशि** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मिथुन राशि** : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क राशि** : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**सिंह राशि** : नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**कन्या राशि** : धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**तुला राशि** : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा।

**वृश्चिक राशि** : उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु राशि** : लेन-देन में स्पष्टता बनाए रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर राशि** : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**कुंभ राशि** : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मीन राशि** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

पाकिस्तान के साथ दूसरे मुकाबले की तैयारी में भारतीय टीम

# केएल राहुल ने नेट्स पर बहाया पसीना




**एजेंसी। कोलंबो**

भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में सुपर फोर चरण में पाकिस्तान के साथ अपने दूसरे मैच की तैयारी शुरू कर दी है, जो रविवार को कोलंबो में खेला जाएगा। भारत ने गुरुवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ होने वाले मुकाबले से पहले गहन अभ्यास सत्र किया।

केएल राहुल, जो एशिया कप में चोट लगने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे, भी नेट्स में शामिल हुए। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से गुणवत्तापूर्ण गेंदबाजी आक्रमण को ध्यान में रखते हुए बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों और दाएं हाथ के तेज गेंदबाजों दोनों के लिए अभ्यास किया। अपने वापसी मैच के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए उन्होंने नेट्स में सबसे लंबा समय बिताया। शुभमन गिल ने भी दाएं हाथ के गेंदबाजों के साथ नेट्स में कुछ गेंदों का सामना किया। वह मुख्य रूप से स्विंग गेंदों को खेलने पर ध्यान दे रहे थे। भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जिन्होंने पहले भारत को थोड़ी गहराई से बल्लेबाजी करने की आवश्यकता व्यक्त की थी, ने बल्लेबाजी क्रम में गहराई लाने के लिए शार्दुल ठाकुर को अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी के लिए तैयार करने के लिए गेंदें फेंकी। नेट सत्र के दौरान द्रविड़ को शार्दुल के साथ उनकी बल्लेबाजी के बारे में बातचीत करते हुए भी देखा गया। विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। मैच में भारतीय बल्लेबाजी टीम को पाकिस्तान के तेज आक्रमण के सामने संघर्ष करना पड़ा, खासकर शाहीन अफरीदी को, जिन्होंने मैच में चार विकेट लिए थे। हार्दिक पंड्या के 87 और ईशान किशन के 82 रनों की मदद से भारत 48.5 ओवर में 266 रन पर ढेर हो गया। हालाँकि, बारिश ने खलल डाला और पाकिस्तान को एक भी गेंद का सामना किए बिना मैच रद्द कर दिया गया।

**नेट सत्र के दौरान द्रविड़ को शार्दुल के साथ उनकी बल्लेबाजी के बारे में बातचीत करते हुए भी देखा गया। विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम लिया**

## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के नाम वनडे में धाकड़ रिकॉर्ड



**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 चरण के मैच के दौरान वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में एक शानदार उपलब्धि हासिल की। नसीम शाह, जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले के दौरान नसीम ने अपने 13 वनडे मैचों लगातार विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ उनकी तिकड़ी भी शामिल है। पाकिस्तान के लिए खेलते हुए अपने पहले 13 वनडे मैचों में कुल 32 विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में नसीम ने और रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहेल अब्दुल कादिर ने करियर पहले 13 वनडे मैचों में 27 विकेट लिए थे, जिसे नशीम ने पीछे छोड़ दिया। मैच की शुरूआत में कंधे की चोट की चिंता के बावजूद नसीम ने अद्भुत लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया। मैच का अपना पहला ओवर डालते हुए उन्होंने पहली ही गेंद पर फॉर्म में चल रहे बांग्लादेशी ओपनर मेहदी हसन मिराज को आउट कर दिया। फिर, बांग्लादेश की पारी के आखिरी दो विकेट लेकर उन्हें 193 रनों के कुल स्कोर पर रोक दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की पारी शुरू में ही लड़खड़ा गई। हालांकि, टीम के मध्यक्रम ने मोर्चा संभाला बांग्लादेश ने 193 रन जोड़े। जवाब में पाकिस्तान ने इस लक्ष्य का पीछा 7 विकेट और 63 गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया।

## 21वें मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे आकाश कुमार



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आकाश कुमार (57 किग्रा) ने बोस्निया में चल रहे 21वें मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल बॉक्सिंग टूर्नामेंट के पहले दिन फिलिस्तीन के वसीम अबुसल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आकाश ने मुकाबले की आक्रामक शुरूआत की और पहले राउंड से ही नियंत्रण में दिखे। वसीम ने दूसरे राउंड में जवाबी हमला करने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली क्योंकि आकाश के आक्रामक मुक्के लगातार उन पर बरसते रहे और उन्होंने पूरे मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। आकाश ने 5-0 से से जीत हासिल की। आकाश अब स्वर्ण पदक पक्का करने के प्रयास में शनिवार को अपना अंतिम मुकाबला खेलेंगे। वहीं, मनीष कौशिक (63.5 किग्रा) और मंजू रानी (50 किग्रा) अपने सेमीफाइनल मुकाबले के लिए आज मैदान में उतरेंगे।

**स्क्वॉड : एलीट पुरुषः** बरुण सिंह शगोलशेम (51 किग्रा), आकाश कुमार (57 किग्रा), मनीष कौशिक (63.5 किग्रा), निखिल प्रेमनाथ दुबे (71 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा), सतीश कुमार (92+ किग्रा)।

**विशिष्ट महिलाः** मंजू रानी (50 किग्रा), ज्योति (54 किग्रा), विनाक्षी (57 किग्रा), शशि चोपड़ा (60 किग्रा), जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा)।

## वायकॉम 18 होगा इंडियन सुपर लीग का आधिकारिक मीडिया पार्टनर



**मुम्बई ।** फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने इंडियन सुपर लीग के 2023-24 और 2024-25 सीजन के लिए वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को 'भारतीय फुटबॉल का नया घर' घोषित किया है। इंडियन सुपर लीग का 10वां सीजन 21 सितम्बर को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चिर-प्रतिद्वंद्वियों केरला ब्लास्टर्स एफसी और बेंगलुरू एफसी के बीच ब्लॉकबस्टर मुकाबले के साथ शुरू होगा। वायकॉम 18 के पास डिजिटल और लीनियर टीवी प्लेटफॉर्म पर भारत की शीर्ष फुटबॉल लीग आईएसएल के विशेष मीडिया अधिकार होंगे। लीग के दर्शकों की विविधता को ध्यान में रखते हुए फुटबॉल प्रशंसकों के लिए प्रसारण कई भाषाओं में उपलब्ध होगा, और जियोसिनेमा पर भी मुफ्त स्ट्रीम किया जाएगा। पिछले एक दशक में, आईएसएल भारत में मैदान के अंदर और बाहर फुटबॉल के समग्र विकास में एक प्रेरक शक्ति साबित हुआ है। विकास के अपने अगले चरण में बढ़ते हुए वायकॉम 18 अपनी मजबूत डिजिटल क्षमताओं के जरिये आईएसएल को अधिक दर्शकों तक ले जाने और नए जमाने के खेल प्रशंसकों के साथ जुड़ने के लिए सही भागीदार होगा।

## मैं दबाव से बेहतर तरीके से निपट सकता हूं : कार्लोस अल्काराज



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने एक साल पहले फ्लशिंग मीडोज में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद से अपनी मानसिक मजबूती पर विचार किया। पिछले साल अल्काराज ने यूएस ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर पुरुषों के खेल में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में एंट्री की। तब से वह हर टूर्नामेंट में जीत के बड़े दावेदार के रूप में देखे जाते हैं। अल्काराज ने बुधवार को अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर सीधे सेटों में क्वार्टरफाइनल जीत के बाद कहा, पिछले साल मैं ग्रैंड स्लैम के अपने पहले सेमीफाइनल का सामना कर रहा था। अब मैं अपने चौथे सेमीफाइनल का सामना कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं पूरी तरह से अलग हूं और समझदार हो गया हूं। मैं इस तरह के क्षणों के दबाव से बेहतर ढंग से निपट सकता हूं। अल्काराज का अब शुक्रवार को नंबर 3 वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबला होना है। इस साल इंडियन वेल्स फाइनल और विंबलडन सेमीफाइनल में दोनों जीत के साथ, अल्काराज श्रृंखला में 2-1 से आगे हैं। हालांकि मेदवेदेव एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी हैं जिन्हें कोई भी हल्के में नहीं लेगा। अल्काराज ने स्वीकार किया कि न्यूयॉर्क में खिताब के लिए नोवाक जोकोविच का सामना करने का विचार उनके दिमाग में आया है।

# रोहन बोपन्ना, मैथ्यू एबडेन पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंचे



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन यहां यूएस ओपन 2023 टेनिस टूनामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। प्रतियोगिता में छठी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फ्लशिंग मीडोज में एक घंटे 30 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में जैक्सन विथ्रो और नाथनियल लैमन्स की अमेरिकी जोड़ी को 7-6 (12-10), 6-1 से हराया। ओलंपिक्स डॉट कॉम ने रोहन बोपन्ना के हवाले से कहा, भले ही थोड़ा बादल छाए हुए थे, लेकिन यहां की परिस्थितियां आपको थका देती हैं। पहला सेट हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। फाइनल में जगह बनाने के लिए रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन का सामना निकोलस माहुत और पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट की फ्रांसीसी जोड़ी से होगा। बोपन्ना ने बताया, हमारे सामने एक कठिन मैच आने वाला है, हर्बर्ट और माहुत ने युगल में सभी ग्रैंड स्लैम जीते हैं। वे बहुत-बहुत अनुभवी हैं और बेहतरीन टेनिस खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से हम खेल रहे हैं, हमें पता है कि हमारे पास शानदार शॉट है। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन ने लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है। भारत-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी जुलाई में विंबलडन में पुरुष युगल के अंतिम चार में पहुंची थी। इससे पहले, रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी सोमवार को मिश्रित युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

## क्वार्टर फाइनल में झेंग किनवेन को मिली हार वांग ज़िन्यू युगल सेमीफाइनल में



**न्यूयॉर्क।** चीन की उभरती स्टार झेंग किनवेन को यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका से 1-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी हार के बावजूद 20 वर्षीय खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंचकर अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। हालांकि, झेंग ने कहा कि यह परिणाम उनकी उम्मीदों के अनुसार बहुत कम है। मैच के बाद झेंग किनवेन ने कहा, अगर आप सिर्फ परिणाम के बारे में बात करते हैं, तो निश्चित रूप से यह मेरे लिए बुरा नहीं है। लेकिन, ईमानदारी से कहूं तो मैं वास्तव में बहुत आगे तक जाना चाहती हूं। लेकिन, अभी भी मेरे लिए सुधार की बहुत गुंजाइश है। महिला युगल में चीन की वांग ज़िन्यू ने चीनी ताइपे की हसीह सु-वेई के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला और कोको गॉफ को 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हराकर महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## 22 सितंबर से शुरू होगा रियल कबड्डी सीजन-3

**जयपुर।** रियल कबड्डी के सीजन-3 का आगाज 22 सितंबर से होगा और टूर्नामेंट का फाइनल 1 अक्टूबर को खेला जाएगा। इल बीच खिलाड़ियों को अपनी तैयारी पूरी करने का पूरा पर्याप्त समय मिलेगा। आयोजकों अटलांचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने लीग के लिए नकद पुरस्कार को भी बढ़ाकर कुल पुरस्कार राशि के रूप में 21 लाख कर दिया है और इसमें 31 मैच होंगे। आयोजकों ने यह भी घोषणा की कि वॉयकाम18 एक प्रसारण भागीदार के रूप में शामिल होगा और सीजन का सीधा प्रसारण जियो सिनेमा पर किया जाएगा। लीग में आठ टीमें शामिल हैं- जयपुर जगुआर, शेखावटी किंग्स, चंबल पाइरेट्स, मेवाड़ मोंक्स, बीकाणा राइडर्स, जोधाना वॉरियर्स, अरावली ईगल्स और सिंह सूरमा। लीग के सीजन-3 के बारे में बोलते हुए, रियल कबड्डी के सीईओ शुभम चौधरी ने कहा, ₹सीजन-3 अपने पिछले संस्करणों की तुलना में बड़ा होने जा रहा है और हम इसे लेकर बहुत उत्साहित और चिंतित हैं।

# राजस्थान रॉयल्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्लब खरीदने के लिए 259 करोड़ की लगाई बोली



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2008 विजेता राजस्थान रॉयल्स की नजर इंग्लैंड में यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब को खरीदने पर है। फ्रेंचाइजी ने इसके लिए एक बड़ी बोली लगाई। अगर, राजस्थान इस क्लब को खरीदने में सफल रहा तो वह काउंटी क्लब का मालिकाना हक रखने वाली दूसरी विदेशी फ्रेंचाइजी बन जाएगी। डेली मेल की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल फ्रेंचाइजी ने यॉर्कशायर को लगभग 25 मिलियन पाउंड की पेशकश की है। भारतीय मुद्रा में बात करें तो ये राजस्थान रॉयल्स ने 259 करोड़ रुपए की बोली लगाई है। जो क्लब को प्राप्त अन्य निवेश प्रस्तावों के विपरीत - रॉयल्स को हेडिंग्ले में पूर्ण नियंत्रण देगा, जिससे सदस्यों के क्लब के रूप में इसके 160 साल पूरे हो जाएंगे। वहीं एक रिपोर्ट में पिछले हफ्ते खुलासा हुआ था कि यॉर्कशायर पूर्व चेयरमैन कॉलिन ग्रेव्स के पारिवारिक ट्रस्ट के 15 मिलियन पाउंड का भुगतान करने के लिए पैसे जुटाने के लिए हेडिंग्ले को न्यूकैसल के पूर्व मालिक माइक एशले को बेचने पर विचार कर रहा है। उन्होंने अन्य आईपीएल फ्रेंचाइजी और सऊदी अरब के राजकुमार बद्र बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद बिन फरहान अल सऊद से लोन लेने पर भी बातचीत की है जबकि उन प्रस्तावों से यह सुनिश्चित होगा कि यॉर्कशायर उनके सदस्यों के हाथों में रहेगा। हालांकि, राजस्थान पूर्ण नियंत्रण की मांग कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रेव्स ऋण को चुकाने के लिए यॉर्कशायर को एक परिवर्तनीय ऋण नोट प्रदान करेंगे। जिसे भविष्य की तारीख में इक्विटी में बदल दिया जाएगा। राजस्थान की इक्विटी हिस्सेदारी का सटीक आकार रूपांतरण के समय बाजार की स्थितियों से निर्धारित होगा, लेकिन समझा जाता है कि वे बहुमत हिस्सेदारी चाहते हैं। इसमें कहा गया है कि यॉर्कशायर की कार्यकारी टीम इस प्रस्ताव पर विचार कर रही है और इस महीने के अंत में बोर्ड के सामने रखेगी, जो इस प्रस्ताव को स्वीकार करने या नहीं करने पर मतदान करेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ₹राजस्थान की क्लब को चलाने के लिए अपने स्वयं के अधिकारियों को लाने की योजना है, जिसका क्रिकेट निदेशक डेरेन गॉफ और कोच ओटिस गिब्सन पर प्रभाव पड़ेगा। राजस्थान रॉयल्स की विदेशी टी20 लीगों में भी हिस्सेदारी है - जैसे कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीका में पार्ल रॉयल्स (एसए20) और माना जाता है कि वह कुछ समय के लिए इंग्लैंड में हंड्रेड में निवेश की संभावना तलाश रही है।

## विश्व कप के लिए नीदरलैंड की टीम घोषित वान डेर मर्व, कॉलिन और पॉल वान की वापसी



**एम्स्टर्डम।** भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप 2023 के लिए नीदरलैंड ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें वान डेर मर्व, कॉलिन एकरमैन और पॉल वान मीकेरेन की अनुभवी तिकड़ी भी शामिल है। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण जब नीदरलैंड ने इस साल की शुरूआत में विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर इस साल के विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की की तो ये तीनों खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं थे। टीम के मुख्य कोच रयान कुक ने एक बयान में कहा, ₹इसे ध्यान में रखते हुए पैनल को पूरा भरोसा है कि हमने नीदरलैंड के क्रिकेटरों की एक मजबूत और संतुलित टीम का चयन किया है।

## अंतिम दौर के लिए बेल्जियम पहुंची वांडा डायमंड लीग, अन्नू रानी होंगी एक्शन में



**ब्रुसेल्स।** भारतीय स्टार महिला भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी वांडा डायमंड लीग 2023 में हिस्सा लेंगी। लीग में अन्नू के साथ-साथ कई विश्व और ओलंपिक चैंपियन एक्शन में दिखाई देंगे। रानी का मुकाबला हारुका कितागुची (जापान), फ्लोर डेनिस रुइज हटाडो (कोलंबिया) और विक्टोरिया हडसन (ऑस्ट्रिया) से होगा। महिलाओं की 200 मीटर विश्व चैंपियन शेरिका जैक्सन (जमैका) पहले ही फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, लेकिन उन्हें ब्रुसेल्स में 100 मीटर और 200 मीटर दोनों दौड़ में दो जीत हासिल करने की उम्मीद है। आर्मंड डुप्लांटिस (स्वीडन) का लक्ष्य पुरुषों की पोल वॉल्ट जीतना और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में 6.22 मीटर का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ना होगा।

**सफलता** कड़ी मेहनत के बाद भारतीय महिला हॉकी में अपनी जगह बनाई

# एशियाड में उतरने को लेकर बेहद खुश है दीपिका



**एजेंसी। बेंगलुरु**

हरियाणा के हिसार की रहने वाली दीपिका ने 2012 में अपने भाई के साथ कुश्ती अभ्यास के लिए जाते समय हॉकी स्टिक उठाई और वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, उन्होंने भारतीय महिला हॉकी के लिए जगह बनाई। टीम, जो हांग्जो में 19वें एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेगी। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शुरूआती हॉकी दिनों के बारे में कहा, मेरा परिवार हमेशा मेरे हॉकी करियर का समर्थन करता रहा है; हालांकि जब मैंने पहली बार खेलना शुरू किया था तो मेरे बारे में बहुत कुछ कहा गया था, लेकिन मेरे पिता ने इसे कभी मेरे कानों तक नहीं पहुंचने दिया। 2017 में मेरी पहली सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के बाद, उन्होंने मुझे और भी अधिक प्रेरित करना शुरू कर दिया, मुझ पर उनका विश्वास दिखाई दे रहा था। जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ फॉरवर्ड के रूप में दीपिका की प्रारंभिक उपस्थिति मार्च 2018 में यूथ ओलंपिक क्वालीफायर में थी। तब से उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 में भाग लिया, जहां उनकी टीम चौथे स्थान पर रही। साथ ही वह महिला जूनियर एशिया कप टीम का भी हिस्सा थीं, जहां भारत ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने एशियाई खेलों की टीम में नामित होने पर कहा, हर कोई एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा था, मैंने कभी भी टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं की थी, और जब मुझे पता चला तो मैं बहुत खुश हुई। मैं पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में जा रही हूं और पहले तो मैं थोड़ी घबराई हुई थी, लेकिन मुख्य कोच जेनेके शोपमैन और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने मेरी काफी सहायता की और मैदान पर आत्मविश्वास बनाए रखने में काफी मदद की।" उन्होंने कहा, जब से मेरे पिता को पता चला है, उन्हें कई रातों की नींद हराम हो गई है, उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि यह वास्तव में हो रहा है, लेकिन जब वह विदाई समारोह के लिए बेंगलुरु में थे तो उन्हें एक बच्चे की तरह खुश देखना बहुत संतुष्टिदायक था। उन्होंने खुद कहा था कि उन्होंने नहीं सोचा था कि मुझे चुना जाएगा, लेकिन मैं जो कुछ भी हासिल कर रही हूं उस पर उन्हें बेहद गर्व है। दीपिका पेनल्टी कॉर्नर के लिए मुख्य कोच जेनेके के पास उपलब्ध तीन ड्रैग फिलकर में से एक है। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में छह मैचों में सात गोल किए, जिनमें से चार पेनल्टी कॉर्नर से आए। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पेनल्टी कॉर्नर लेते समय दबाव महसूस होता है, तो उन्होंने कहा, मैं फ्लिक करके स्कोर करने का दबाव महसूस नहीं करती, सभी खिलाड़ी मुझे अपने कौशल पर ध्यान केंद्रित करने देते हैं और जितना हो सके गोल पर शॉट लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम पिछले कुछ दिनों से कैंप में रूपिंदर पाल सिंह के साथ ड्रैग फ्लिकिंग पर काम कर रहे हैं; वह हमें पहले दौड़ने वाले खिलाड़ी को हराने पर काम करवाते हैं।

**एशियाई खेलों की टीम में नामित होने पर कहा, हर कोई एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा था, मैंने कभी भी टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं की थी**



## NEWS इन ब्रीफ

### अमेजन पर होम शॉपिंग स्प्री की शुरूआत

रांची। अमेजन पर सात सितंबर से होम शॉपिंग स्प्री की शुरूआत हो गयी है। होम शॉपिंग स्प्री में आपको हिंदवेयर, हैवेल्स, यूरेका फोर्ब्स, स्लीपवेल, लिवप्योर, एचआईटी, जैगर स्मिथ, किम्बर्ली क्लार्क, बिल्डस्किल, बीएसबी होम जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर कई शानदार डील्स और ऑफर मिलेंगे। सात से 10 सितंबर के बीच होम शॉपिंग स्प्री के दौरान ग्राहक होम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेस, लॉन एवं गार्डन से जुड़े उपकरणों से लेकर वॉल डेकोर, मिक्सर ग्राइंडर, पंखे, वैक्यूम, कुकवेयर, पावर टूल्स, ऑटो प्रोडक्ट, बाथरूम फिटिंग आदि पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही एचडीएफसी बैंक के साथ 12 महीने तक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 5000 रुपये तक इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके अलावा वनकार्ड बैंक के साथ 9 महीने और उससे अधिक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 2000 रुपये तक के इंस्टेंट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं।

### हल्दीराम के अधिग्रहण के लिए कोई बातचीत नहीं : टाटा कंज्यूमर

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर ने कहा है कि वह स्नैक निमार्ता हल्दीराम पर नियंत्रण पाने के लिए बातचीत नहीं कर रही है। एक स्पष्टीकरण में टाटा कंज्यूमर ने कहा कि वह हल्दीराम के साथ बातचीत नहीं कर रही है, जैसा कि मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है। टाटा कंज्यूमर ने कहा, ₹हमें ऐसी किसी जानकारी के बारे में पता नहीं है जिसे एक्सचेंजों को घोषित नहीं की गई है, जो सेबी (एलओडीआर) विनियम- 2015 के रेगुलेशन-30 के तहत घोषित करना जरूरी है। हम यह जोड़ना चाहेंगे कि कंपनी निरंतर व्यवसाय के विकास और विस्तार के लिए विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन करती है। जब भी ऐसी कोई आवश्यकता होगी।

### मुकेश अंबानी से लेकर गौतम अडानी तक जी-20 समिट में होंगे शामिल

# 500 बिजनेसमैन के आने की उम्मीद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी-20 समिट में देश के दिग्गज कारोबारियों का जमावड़ा लगने वाला है। बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और गौतम अडानी जैसे करीब 500 बिजनेसमैन 9 सितंबर को होने वाले जी 20 समिट के बाद डिनर में शामिल होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस कार्यक्रम में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, भारतीय एयरटेल के फाउंडर और चेयरमैन सुनील मित्तल, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला जैसे कई दिग्गज उद्योगपति भी शामिल होंगे। चीन की खराब होती अर्थव्यवस्था के बीच भारत विश्व मंच पर खुद को विदेशी निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प को साबित करने की कोशिश में लगा है। जी-20 के कार्यक्रम के इस खास डिनर में अलग-अलग देशों के राष्ट्र प्रमुख जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो जैसे कई राजनेता शामिल होने वाले हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह कोशिश है कि इस मंच के जरिए भारत में बिजनेस और निवेश के मौके को विश्व पटल पर पेश करें। ध्यान देने वाली बात ये है कि जहां एक तरफ राजधानी दिल्ली में विश्व के 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के राष्ट्राध्यक्षों का जमावड़ा लगने वाला है, वहीं इस समिट में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आधिकारिक तौर पर शिखर सम्मेलन से बाहर हो गए हैं।

### 9 और 10 सितंबर को हो रही जी-20 समिट

नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी 20 समिट का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान के इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसे भारत मंडपम का नाम दिया गया है। इस सेंटर को खासतौर पर तैयार किया गया है जहां विश्व के दिग्गज नेता भविष्य की रणनीतिओं के ऊपर बातचीत करेंगे। यहां एक डिनर का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के टॉप-500 बिजनेसमैन भी शिरकत करेंगे। खास बात ये है कि मुकेश अंबानी और गौतम अडानी टेलीकॉम से लेकर ऊर्जा आदि कई क्षेत्रों में एक दूसरे हमेशा टक्कर देते रहे हैं। दोनों को कई बार भारत और एशिया के सबसे अमीर शख्स का ताज मिल चुका है।

### सरकार मोबाइल वैन से लोगों को सस्ती दर पर उपलब्ध करायेगी प्याज

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को 75 मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई। ये वैन दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में कम कीमत दाल और प्याज उपलब्ध कराएंगी। इस दाल को सरकार ने ह्यभारत दाल' का नाम दिया है। भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारिता संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) कार्यालय में एक कार्यक्रम में चौबे ने कहा कि यह लोगों को किफायती दरों पर आवश्यक खाद्य पदार्थ प्राप्त करने में मदद करने के लिए पायलट परियोजना है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय चाहता है कि लोगों को किफायती दर पर रसोई के सामान उपलब्ध हों और भविष्य में बाजरा सहित अधिक खाद्य पदार्थों को इसमें शामिल किया जाएगा।

# अब बिना कार्ड के एटीएम से निकाल सकते हैं पैसे, आनंद महिंद्रा हुए मुरीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत तरक्की के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है। खासकर तकनीक के मामले में देश ने रफ्तार पकड़ ली है। पहले आप बैंक जाकर लाइन लगाकर अपने खाते से कैश निकालते थे, फिर एटीएम मशीन आई। कुछ ही मिनट में बिना बैंक गए एटीएम मशीन से कैश निकलने लगा। अब देश एक और कदम आगे बढ़ गया है। आप बिना एटीएम कार्ड के भी अपने बैंक खाते से कैश निकाल सकते हैं। भारत की इस तरक्की को देखकर महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन काफी खुश हैं। एटीएम से पैसा निकालने के लिए अब आपको डेबिट कार्ड की जरूरत नहीं है। देश का पहला वाइट लेवल यूपीआई-एटीएम लॉन्च हो



चुका है। आप बिना डेबिट कार्ड के यूपीआई के जरिए कैश निकाल सकेंगे। आनंद महिंद्रा ने इस नई सर्विस की तारीफ करते हुए लिखा कि जिस रफ्तार से भारत की डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेस बढ़ रही है, वो तारीफ के काबिल है। डिजिटल सर्विस अब कॉरपोरेट केंद्रित होने के बजाए कंज्यूमर केंद्रित बन रहे हैं। आनंद महिंद्रा ने लिखा कि यूपीआई एटीएम का नया अविष्कार क्रेडिट कार्ड कंपनियों के लिए नई टेंशन बन सकता है। महिंद्रा ने यूपीआई एटीएम सर्विस की तारीफ करते हुए लिखा कि बस ध्यान इस बात का रखना है कि मैं अपना मोबाइल फोन कहीं भी न भूल जाऊं। दरअसल हिताची पेमेंट सर्विसेज ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर यूपीआई एटीएम लॉन्च किया है। इसके जरिए ग्राहक डेबिट या क्रेडिट कार्ड के बिना यूपीआई के जरिए कैश निकाल सकते हैं। आनंद महिंद्रा ने इसका वीडियो भी ट्वीट किया है। जिसमें एक शख्स बता रहा है कि कैसे यूपीआई के जरिए कैसे एटीएम से कैश निकाल सकते हैं।

### घटिया क्वालिटी के स्टेनलेस स्टील के बर्तनों की होगी अब छुट्टी

**नई दिल्ली।** आपने खाना बनाने के बर्तन या थाली, कटोरी, ग्लास आदि की क्वालिटी पर कभी ध्यान दिया है? आपका जवाब होगा नहीं। बाजार गए, जरूरत के हिसाब से स्टेनलेस स्टील या एसएस के बर्तन खरीदे और घर आ कर उसका उपयोग करने लगे। कभी आपने इनकी गुणवत्ता पर ध्यान दिया है। आपने कभी सोचा है कि एसएस के कुछ बर्तन दो-तीन साल बाद फटने क्यों लगते हैं? यह सब होता है घटिया क्वालिटी के एसएस से। लेकिन अब इस पर लगाम लगेगा। केंद्र सरकार की पहल पर इस दिशा में काम शुरू हो गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के तहत काम करने वाले संगठन भारतीय मानक ब्यूरो ने पिछले दिनों ही स्टेनलेस स्टील की क्वालिटी से जुड़ा एक नया स्टेंडर्ड या मानक तय किया है।

### गैस सिलेंडर तो हो गया सस्ता लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये की कटौती की है। इसके बाद पेट्रोल और डीजल की कीमत में भी कटौती की उम्मीद जगी थी। देश में पिछले साल मई के बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगले कुछ महीनों में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में विधान सभा चुनाव होने हैं। उसके बाद अगले साल अप्रैल-मई में देश में आम चुनाव होंगे। इससे उम्मीद की जा रही है कि सरकार देर सबेर पेट्रोल और डीजल की कीमत में कटौती कर सकती है। लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह कच्चे तेल की कीमत में उछाल आई है, उससे पेट्रोल-डीजल की कीमत में कटौती की संभावनी क्षीण हो गई है। कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है जो इसका 10 महीने का उच्चतम स्तर है। अमेरिका के बैंक गोल्डमैन सैश ने अपने क्लाइंट्स के कहा है कि अगर रूस और सऊदी अरब ने उत्पादन में कटौती इसी तरह जारी रखी तो कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर के पार पहुंच सकती है। रूस और सऊदी अरब तेल उत्पादन में कटौती को इस साल के अंत तक जारी रखने की घोषणा की है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव आय योजना, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो लॉन्च की है, जो ग्राहकों को साल-दर-साल बढ़ती आय या निरंतर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा, इस गैर-भागीदारी बचत उत्पाद का जीवन कवर घटक यह सुनिश्चित करता है कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा मिले। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को अन्य लचीलेपन के साथ-साथ आय लाभ और प्रीमियम भुगतान शर्तों का विकल्प प्रदान करके उत्पाद को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने की अनुमति देता है। सुनिश्चित दीर्घकालिक आय के साथ, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को एकमुश्त लाभ प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है। ग्राहकों के पास एकमुश्त लाभ के रूप में भुगतान किए गए प्रीमियम के 100% तक की कोई भी राशि चुनने और लाभ प्राप्त करने का समय भी चुनने की सुविधा है। इस सुविधा के साथ, ग्राहक जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर के लिए योजना बना सकते हैं, जैसे कि एक घर का मालिक होना, प्रियजनों के लिए एक स्थायी विरासत छोड़ना, या एक बड़ा सेवानिवृत्ति कोष बनाना। यह सुविधा संपन्न उत्पाद यह भी सुनिश्चित करता है कि आय अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु के मामले में नामांकित व्यक्ति को आय प्राप्त होती रहेगी।

### शानदार तेजी के साथ बंद हुआ सेंसेक्स-निफ्टी

**नई दिल्ली।** गुरुवार के ट्रेड में दोपहर बाद भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की जोरदार खरीदारी के चलते बाजार इस हफ्ते लगातार चौथे सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ है। बैंकिंग स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी के चलते बाजार में ये तेजी देखने को मिली है वहीं मिड कैप इंडेक्स से लाइफटाइम हाई पर जा पहुंचा है। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 385 अंकों के उछाल के साथ 66,265 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 116 अंकों के उछाल के साथ 19,727 अंकों पर बंद हुआ है। आज के ट्रेड में निफ्टी बैंक में जोरदार तेजी देखने को मिली है। निफ्टी बैंक 469 अंकों या 0.98 फीसदी के उछाल के साथ 55,878 अंकों पर बंद हुआ है। इसके अलावा ऑटो, आईटी, मीडिया, एनर्जी, इंफ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62 फीसदी, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। जबकि हेल्थकेयर, एफएमसीजी, फार्मा सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली है।

## विदेश

### नेपाल में एक बार फिर एमसीसी विवाद को भड़काने में जुटे चीनी समर्थक दल

# अमेरिकी आर्थिक सहायता का कर रहे हैं विरोध

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में एक बार फिर से चीन समर्थक वामपंथी दल अमेरिका के एमसीसी प्रॉजेक्ट का विरोध करने में जुट गए हैं। पिछले साल सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दलों ने अमेरिका के एमसीसी प्रॉजेक्ट को संसद से स्वीकृति दिलवाई थी लेकिन अब जब इसे लागू कर दिया गया है तो वे इस अमेरिकी आर्थिक सहायता का विरोध करने में जुट गए हैं। प्रचंड सरकार के गठबंधन में शामिल सीपीएन एकीकृत समाजवादी ने एक अलग पैनल बनाया है ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि क्या एमसीसी को लागू किए जाने से नेपाल की 'संप्रभुता कमजोर' तो नहीं होगी। इसके अलावा सोशलिस्ट फ्रंट नेपाल में शामिल एक अन्य राजनीतिक दल ने भी एमसीसी के क्रियान्वयन का विरोध करने का




ऐलान किया है। इसी फ्रंट का हिस्सा नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भी हैं। नेत्र बिक्रम चांद के नेतृत्व वाली माओवादी पार्टी भी एमसीसी की धुर विरोधी रही है। उसने पिछले सप्ताह ऐलान किया था कि अगर एमसीसी ने नेपाल की संप्रभुता को कमजोर किया तो एमसीसी के फंडिंग वाले प्रॉजेक्ट का विरोध करेंगे। कुछ और वामपंथी दल भी इस अमेरिकी सहायता का कड़ा विरोध कर रहे हैं। वहीं सीपीएन एकीकृत समाजवादी पार्टी के अंदरुनी सूत्रों और पर्यवेक्षकों का कहना है कि इस पैनल का बनाना एमसीसी विवाद के सुलझ जाने के बाद उसे भड़काने की कोशिश है। पार्टी के प्रवक्ता खातिवादा ने कहा, 'हमारी पार्टी का बहुत साफ रुख है कि एमसीसी को लागू करते समय हमारी पार्टी और संसद की चिंताओं अनदेखा न किया जाए।' उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने एक पैनल का गठन किया है ताकि एमसीसी को लागू करने की निगरानी की जा सके। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि एमसीसी का मुद्दा सत्तारूढ़ गठबंधन में विवाद पैदा हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषण और शेर बहादुर देउबा के विदेशी मामलों के पूर्व सलाहकार अरुण सुबेदी ने कहा, 'पीएम प्रचंड ने पिछले सप्ताह कहा था कि अगर एमसीसी में कुछ भी संदिग्ध पाया जाता है तो वह प्रदर्शन शुरू करेंगे लेकिन हम यह समझ नहीं पाए कि उनकी यह टिप्पणी किसके लिए थी। एक अन्य वामपंथी नेता माधव नेपाल भी एमसीसी का विरोध कर रहे हैं।

### तालिबान और पाक सेना के बीच गोलीबारी में 6 पाक सैनिकों की मौत

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमाओं पर तनाव बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच मुख्य सीमा पर बुधवार को गोलीबारी हुई जिसमें 6 पाक सैनिकों की मौत हो गई। गोलीबारी व तालिबान लड़ाकों द्वारा 3 पाक चौकियों पर कब्जे के बाद अफगान-पाकिस्तान सीमा तोरखम बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान को जोड़ने वाले तोरखम बॉर्डर पर गोलीबारी की आवाजें सुनाई देने पर लोगों सहमें हुए हैं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी की आवाजें सुन वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना के बाद तोरखम बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। एक सुरक्षा अधिकारी ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि तालिबान और पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई थी।

# एआई के प्रशिक्षण पर प्रतिदिन लाखों डॉलर खर्च कर रहा एप्पल : रिपोर्ट

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

जेनेरिक एआई की दौड़ तेज होने के कारण एप्पल कथित तौर पर कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संवादी मॉडल बनाने में प्रतिदिन लाखों डॉलर का खर्च कर रहा है। द इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेक दिग्गज कई टीमों में कई एआई मॉडल पर काम कर रही है। रिपोर्ट में बुधवार देर रात कहा गया, इसका एक लक्ष्य ऐसे फीचर विकसित करना है, जो आईफोन ग्राहकों को कई चरणों वाले कार्यों को स्वचालित करने के लिए सरल वॉयस कमांड का उपयोग करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तकनीक उपयोगकताओं को अपने फोन पर सिरी वॉयस असिस्टेंट को उनके द्वारा ली गई आखिरी पांच तस्वीरों का उपयोग करके जीआईएफ बनाने और इसे



एक दोस्त को टेक्स्ट करने के लिए कहने की अनुमति दे सकती है। वर्तमान में, एक आईफोन उपयोगकर्ता को व्यक्तिगत क्रियाओं को मैन्युअल रूप से प्रोग्राम करना पड़ता है। ऐप्पल के एआई प्रमुख जॉन गियानंद्रिया ने चार साल पहले संवादी एआई विकसित करने के लिए एक टीम के गठन को अधिकृत किया था, जिसे बड़े-भाषा मॉडल के रूप में जाना जाता है। यह चैटजीपीटी के अस्तित्व में आने से बहुत पहले की बात है। एक चैटबॉट पर काम चल रहा है, जो ऐप्पल केयर का उपयोग करने वाले ग्राहकों के साथ बातचीत करेगा जबकि दूसरा सिरी के साथ मल्टीस्टेप कार्यों को स्वचालित करना आसान बना सकता है। सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट के अनुसार, ऐप्पल का सबसे उन्नत एलएलएम, जिसे आंतरिक रूप से अजाक्स जीपीटी के रूप में जाना जाता है, को 200 बिलियन से अधिक मापदंडों पर प्रशिक्षित किया गया है और यह ओपनएआई के जीपीटी-3.5 से अधिक शक्तिशाली है।

### बढ़ावा | ड्रोन मार्केट में बड़ा खिलाड़ी बना चीन, 17 देशों को दिये 282 लड़ाकू ड्रोन

# पाकिस्तान की खुलकर कर रहा है मदद




**एजेंसी। बीजिंग**

चीन ने लद्दाख के गलवान संघर्ष के बाद से ही ऊंचाई वाले इलाकों में ड्रोन के इस्तेमाल को तेज कर दिया है। सितंबर 2020 में चीन ने स्वार्म ड्रोन के जरिए दूरदराज में सैनिकों को खाना पहुंचाने की ताकत का प्रदर्शन किया था। यह भारत को एक छोटा संदेश था कि खाना ले जाने वाले ड्रोन आसानी से विस्फोटक लेकर जा सकते हैं। इसके जवाब में भारतीय सेना ने भी 15 जनवरी 2021 को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित ड्रोन सिम्युलेटेड ऑफेंसिव मिशन के साथ अपनी ड्रोन क्षमता को प्रदर्शित किया था। तब से, भारतीय सशस्त्र बलों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वायत्त हथियार प्रणाली, क्वांटम टेक्नोलॉजीज, रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग और एल्गोरिदम वारफेयर में भारी निवेश किया है। चीन दुनिया में सैन्य ड्रोन का बहुत बड़ा निर्यातक देश है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के आंकड़ों के मुताबिक, चीन ने पिछले एक दशक में 17 देशों को 282 लड़ाकू ड्रोन दिए हैं। दुनिया भर की मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि चीनी सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल सऊदी अरब, म्यांमार, इराक और पाकिस्तान जैसे देश अपने विरोधियों को कुचलने या सीमाओं के भीतर अशांति को खत्म करने के लिए कर रहे हैं।

### दुनिया के 70 फीसदी ड्रोन बाजार पर चीन का कब्जा

युद्ध के मैदान पर चीनी छोटे ड्रोनों के प्रभुत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रूस और यूक्रेन के इस्तेमाल में आने वाले अधिकतर कामिकेज ड्रोन में चीनी कंपोनेंट भारी मात्रा में होते हैं। शेन्जेन स्थित चीनी कंपनी डीजेआई के पास छोटे ड्रोन बनाने में 70 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है। चीन इन्हीं बाजार हिस्सेदारी का फायदा उठाकर दुनिया के बाकी देशों को अपने ड्रोन और उसके कंपोनेंट्स का निर्यात कर रहा है। अमेरिका ने अगले दो वर्षों के भीतर कई डोमेन में हजारों स्वायत्त प्रणालियों को तैनात करके चीन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक रेप्लिकेटर कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया है। भारत सरकार ने 2022 में भारतीय ड्रोन निमार्ताओं पर चीनी कंपोनेंट का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार के प्रतिबंध के एक साल बाद भारत भले ही लड़ाकू ड्रोनों के मामले में चीन की बराबरी नहीं कर पा रहा हो, लेकिन उसके पास अपने हितों की रक्षा करने का माद्दा है। यूरेशियन टाइम्स से बात करते हुए भारतीय वायु सेना के रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन डॉ राजीव कुमार नारंग ने कहा कि मैं (चीन के साथ) संख्या से संख्या का मिलान नहीं करूंगा।

### आतंकवाद का आरोपी एक ब्रिटिश सैनिक जेल से फरार, तलाश जारी

**लंदन।** आतंकवाद के आरोप में मुकदमे का इंतजार कर रहा एक ब्रिटिश सैनिक लंदन की जेल से फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि वह शेफ के वेश में एक डिलीवरी वैन से चिपककर जेल से भाग निकला। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार डेनियल अबेद खलीफ (21) बुधवार सुबह लगभग 8 बजे ब्रिटिश राजधानी के दक्षिण-पश्चिम में स्थित वैंड्सवर्थ जेल से फरार हो गया। वह आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के कथित उल्लंघन के मामले में आरोपी था और मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहा था। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ब्रिटिश सेना के सेवारत सदस्य खलीफ पर एक सैन्य अड्डे पर नकली बम लगाने का आरोप है। इस घटना के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया जिससे उड़ानों में देरी हुई और ब्रिटिश बंदरगाहों पर जांच बढ़ा दी गई।

# लापरवाही के चलते भारतीय मूल के शख्स को मिली सजा

**एजेंसी। सिंगापुर**




सिंगापुर में एक भारतीय मूल के फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर को उसकी लापरवाही के लिए 18 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके चलते कार्यस्थल पर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सिंगापुर के मिनिस्ट्री ऑफ मैनपावर (एमओएम) ने ये बात कही है। एशियाबिल्ड कंस्ट्रक्शन के लिए काम कर रहे फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर अलगप्पन गणेशन को 15 अगस्त को सजा सुनाई गई। उस पर कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया गया था। गणेशन एक बहुमंजिला कारपार्क में फोर्कलिफ्ट चला रहा था, जहां कुंजप्पा मकेश और एक सहकर्मी 7 जुलाई, 2022 को केबल बिछा रहे थे। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, केबल को फोर्कलिफ्ट से बचाने के लिए, कुंजप्पा और सहकर्मी ने केबल को फोर्कलिफ्ट के ऊपर फेंकने का प्रयास किया, जो इसके पिछले हिस्से पर जा गिरी। कुंजप्पा फिर फोर्कलिफ्ट के पिछले हिस्से पर चढ़ गया। लेकिन गणेशन ने मशीन को उलटना शुरू कर दिया, जिसके चलते कुंजप्पा फोर्कलिफ्ट के ओवरहेड गार्ड और एक बीम के बीच फंस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। एमओएम की जांच के अनुसार, गणेशन फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने में लापरवाह थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी अव्वल

**भोपाल।** देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर ने वायु सर्वेक्षण 2023 में भी अपना परचम फहराया है। भोपाल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस का राष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। पहली बार देश की राजधानी दिल्ली से बाहर हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव शामिल हुए। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर को प्रथम, आगरा को द्वितीय और महाराष्ट्र के ठाणे को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

### भुवनेश्वर में ढाई किलो तस्करी के सोने के साथ शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने भुवनेश्वर में छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और बिस्कुट और बार के रूप में 2.465 किलोग्राम विदेशी-चिह्नित तस्करी का सोना बरामद किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भुवनेश्वर में कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला कि सोना अवैध रूप से देश में तस्करी कर लाया गया था। इसे जब्त कर लिया गया है और सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे आगे की पूछताछ होगी।

### कुवैत में बंधक बनाए गए 19 तमिल युवा चेन्नई पहुंचे

**चेन्नई।** पिछले साल एक ट्रैवल एजेंसी द्वारा कुवैत में बंधक बनाए गए तमिलनाडु के 19 युवाओं को सुरक्षित अपने देश पहुंचाया गया। भारतीय दूतावास के प्रयास से बचाए गए सभी लोग गुरुवार को चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंच गए।
हवाई अड्डे पर तमिलनाडु के मंत्री केएस. मस्तान ने अन्य अधिकारियों के साथ वापस आए युवाओं का स्वागत किया। युवकों ने ट्रैवल एजेंसी को एक लाख रुपये का भुगतान किया था।

### पीएम मोदी ने जकार्ता में 28वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को किया संबोधित, कहा

# संवाद और कूटनीति ही समाधान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जकार्ता में 28वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भू-राजनीतिक संघर्षों का मुकाबला करने के लिए बहुपक्षवाद और नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था आवश्यक है।
मोदी ने कहा, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। आतंकवाद, उग्रवाद और भू-राजनीतिक संघर्ष हम सभी के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इनका मुकाबला करने के लिए बहुपक्षवाद और नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करना अनिवार्य है। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए सभी की प्रतिबद्धता और संयुक्त प्रयास भी आवश्यक हैं, क्योंकि आज का युग युद्ध का नहीं है।
उन्होंने कहा, संवाद और कूटनीति ही समाधान का एकमात्र रास्ता है।



मोदी ने विस्तार से बताया, भारत-आसियान कनेक्टिविटी को बढ़ाना भी हमारा फोकस है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि हम सभी के हित में है।
प्रधानमंत्री ने कहा, समय की आवश्यकता ऐसी है कि एक हिंद-प्रशांत- जहां यूएनसीएलओएस सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू हो; जहां नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता हो; और जहां सभी के लाभ के लिए निर्बाध वैध वाणिज्य हो। भारत का मानना है कि दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता प्रभावी और यूएनसीएलओएस के अनुरूप होनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि इसमें उन देशों के हितों को ध्यान में रखना चाहिए जो सीधे तौर पर चर्चा में शामिल नहीं हैं।
मोदी ने आगे कहा, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और ऊर्जा से संबंधित चुनौतियां विशेष रूप से अविकसित और विकासशील देशों को प्रभावित कर रही हैं। जी20 की अध्यक्षता के दौरान हम इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। म्यांमार के हालात पर मोदी ने कहा कि भारत की नीति आसियान के विचारों को ध्यान में रखती है। उन्होंने कहा, साथ ही, एक पड़ोसी देश के रूप में हम सीमाओं पर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के पक्ष में हैं।
मोदी ने आगामी अध्यक्ष लाओ पीडीआर को अपनी शुभकामनाएं दीं और इसके राष्ट्रपति पद के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।
इससे पूर्व जकार्ता इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों के बीच जबर्दस्त उत्साह देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाथ हिला कर प्रवासी भारतीय समूह का अभिवादन स्वीकार किया। इंडोनेशिया सरकार की मंत्री आई गुस्ती आयु बिंटांग दारमावती ने उनका औपचारिक स्वागत किया। हवाई अड्डे पर इंडोनेशियाई सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति हुई।

### आईएसआई एजेंट का खुलासा, राष्ट्रपति भवन पर पाक खुफिया एजेंसी की नजर

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भक्त बंसी झा नाम के जिस आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया था, उससे पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब उसने बताया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की नजर दिल्ली के राष्ट्रपति भवन पर है। इसके साथ ही इंडिया गेट और वॉर मेमोरियल जैसी महत्वपूर्ण जगहों को टारगेट करने की साजिस रची जा रही थी। दिल्ली में मौजूद ये सारे संस्थान सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं और 24 घंटे अति सुरक्षा घेरे में रहते हैं। इसके बावजूद भक्त बंसी के मोबाइल से इनकी तस्वीरें मिली हैं, जो केंद्रीय एजेंसियों को अचंभित करने वाली हैं। भक्त बंसी के दूसरे सहयोगियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। उसने पूछताछ में बताया है कि दिल्ली में मौजूद सामरिक महत्व की कई इमारतों पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी हमला करवाने की फिराक में है।

### जयराम रमेश पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी का पलटवार

# संवैधानिक प्रावधानों के बारे में दे रहे भ्रामक बयान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के विशेष सत्र और एजेंडे को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं। प्रल्हाद जोशी ने जयराम रमेश के एक्स पर रिप्लाई करते हुए कहा, लोकतंत्र में संसद को बुलाना सबसे बड़ा वरदान है, हालांकि बाध्यकारी विरोधाभासी लोगों की एक लॉबी है जो इसका विरोध करती है। जयराम रमेश के हालिया बयान काफी भ्रामक रहे हैं। वह संवैधानिक प्रावधानों और संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। जोशी ने जयराम रमेश पर हमला जारी रखते हुए कहा, रमेश झूठा दावा कर रहे हैं कि जीएसटी लागू करने के लिए 30 जून, 2017 को सेंट्रल हॉल में हुआ ऐतिहासिक समारोह संसद सत्र था। यह बिल्कुल सच नहीं है ! यह संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत एक सत्र नहीं था। संसद और इसकी प्रक्रियाओं को बदनाम करने वाली गलत सूचना के प्रसार को रोकना महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने अपने एक्स पर विशेष सत्र को लेकर आगे कहा, संविधान के अनुच्छेद 85 के तहत संसद का एक सत्र यही है और स्थापित संसदीय प्रथाओं के अनुसार एजेंडा शेयर किया जाएगा। जोशी ने आगे लिखा, अब, आइए एक और गलतबयानी पर ध्यान दें। रमेश ने संविधान की 70वीं वर्षगांठ के लिए '26 नवंबर, 2019 को सेंट्रल हॉल में विशेष बैठक' का उल्लेख किया।

# आतंकवाद के समर्थकों को आश्रय देना बंद करें: उपराज्यपाल

**एजेंसी। सोपोर**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोपोर के लोगों से आग्रह किया कि वे आतंकवादी समर्थकों को किसी भी प्रकार का आश्रय देना बंद करें और बाकी सब पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों पर छोड़ दें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन आतंक-पारिस्थितिकी तंत्र को जड़ से खत्म करने और संघर्ष मुनाफाखोरों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने पिछले कई दशकों के दौरान अपना खुद का खजाना भरा



और आम आदमी को पीड़ित छोड़ दिया। डाक बंगला सोपोर में एक सभा को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने सोपोर और शेष जम्मू-कश्मीर के निवासियों से आतंक समर्थकों और आतंकियों को किसी भी प्रकार का आश्रय न देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बस इतना करो और बाकी काम पुलिस और सुरक्षा बलों पर छोड़ दो। प्रशासन के पूर्ण सहयोग से हमारी पुलिस और सुरक्षा बल यह सुनिश्चित करेंगे कि जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंक और उसके पारिस्थितिकी तंत्र का सफाया हो जाए। उन्होंने कहा कि हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक आतंक-पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ नहीं टूट जाती। उन्होंने कहा कि प्रशासन उन संघर्ष मुनाफाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने आतंकवाद को अपना हथियार बनाकर अपना खजाना भरा और आम आदमी को परेशानी में डाल दिया। उन्होंने कहा, सोपोर को कंधार का खिताब किसने दिया, जो 1970 तक एक प्रसिद्ध व्यापारिक केंद्र था? यहां पत्थरबाजी को बढ़ावा किसने दिया? इसके लिए जिम्मेदार लोगों ने सोपोर के लोगों और आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत अन्याय किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महान समर्थन से जम्मू-कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि सोपोर का खोया हुआ गौरव पुनर्जीवित हो। उपराज्यपाल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि 1970 के दशक के सोपोर को बड़े उत्साह के साथ वापस लाया जाए। उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी फल मंडी होने के बावजूद सोपोर को दशकों तक नुकसान झेलना पड़ा। उपराज्यपाल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सोपोर देश का एक मॉडल शहर बनकर उभरे।

# बंगाल के मंत्रियों, विधायकों के वेतन में भारी वृद्धि की घोषणा

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। इन तीन श्रेणियों में से हर एक के लिए मासिक वेतन 40,000 रुपये प्रति माह बढ़ाया जाएगा। इस बढ़ोतरी के बाद, विधायक अब 10,000 रुपये की मौजूदा राशि के बजाय 50,000 रुपये प्रति माह के मासिक वेतन के हकदार होंगे। राज्य के मंत्रियों का मासिक वेतन 10,900 रुपये से बढ़ाकर 50,900 रुपये कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्रियों के मामले में यह राशि 11,000 रुपये से बढ़ाकर 51,000 रुपये कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक मासिक वेतन के अलावा जो अतिरिक्त भत्ते पाने के हकदार हैं, वे रहेंगे। भत्तों सहित विधायकों को मिलने वाला वास्तविक मासिक भुगतान अब 81,000 रुपये प्रति माह की मौजूदा दर से बढ़कर 1.21 लाख रुपये हो जाएगा।

### भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर राहुल गांधी ने कहा,

# यह यात्रा देश के बेहतर कल की नींव बनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चार हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि एकता और प्रेम की दिशा में उठाए गए करोड़ों कदम देश के बेहतर कल की नींव बन गए हैं और यह नफरत मिटने और भारत के एक होने तक जारी रहेगा। एक सप्ताह की यूरोप यात्रा पर गए राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, "भारत जोड़ो यात्रा के एकता और प्रेम की ओर उठाए गए करोड़ों कदम देश के बेहतर कल की नींव बन गए हैं। नफरत खत्म होने व भारत एक होने तक यात्रा जारी है। ये मेरा वादा है।
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी 4,000 किलोमीटर की यात्रा की सराहना की और कहा कि जनता यह आंदोलन इतिहास में अद्वितीय है। भारत जोड़ो यात्रा एक जन आंदोलन है, इसका इतिहास



में कोई मुकाबला नहीं है। आज यात्रा का एक साल पूरा होने पर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से मैं राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और उन लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं, जो इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हुए। कन्याकुमारी से कश्मीर तक, भारत जोड़ो यात्रा ने 4000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की और जीवन के सभी क्षेत्रों के लाखों लोगों के साथ विविधता में एकता का संदेश दिया।" खड़गे ने कहा कि नफरत और विभाजन के एजेंडे को छिपाने के लिए लोगों के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अप्रासंगिक सुर्खियां बनाने की प्रवृत्ति हमारी सामूहिक चेतना पर एक प्रणालीगत हमला है। यात्रा आर्थिक असमानताओं, मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, संविधान की तोड़फोड़, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों को लोगों की कल्पना के केंद्र में लाना चाहती है। यात्रा हमारे समाज में बातचीत के माध्यम से नफरत और शत्रुता के खतरे से लड़ना जारी रखती है। भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ एक भौतिक प्रयास नहीं है, यह हमारी टूटी हुई सामूहिक चेतना को फिर से बनाने का एक ईमानदार प्रयास है। हमारे लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे अंतर्निहित मूल्य सर्वोच्च हैं।




### 'ड्रीम गर्ल-2' की सक्सेस पार्टी में ट्रोल हुई एकता कपूर, वीडियो हो रहा वायरल

टेलीविजन की क्वीन कही जाने वाली पॉपुलर प्रोड्यूसर एकता कपूर



इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'थैंक्स फॉर कमिंग' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें भूमि पेडनेकर, शहनाज गिल, कुशा कपिला, शिवानी बेदी, करण कुंद्रा जैसे कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था। इस ट्रेलर लॉन्च के बाद एकता कपूर को मुंबई में एक इवेंट में देखा गया। इस इवेंट से उनका वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन इस वीडियो से वह ट्रोल हो रही हैं। इस वीडियो में एकता कपूर अपनी खास दोस्त और मशहूर एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा के साथ नजर आ रही हैं। दोनों पैपराजी के सामने फोटो के लिए आते हैं। उनके पीछे आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' का बड़ा पोस्टर नजर आ रहा है। जब क्रिस्टर और एकता फोटो के लिए पैपराजी के सामने आती हैं तो एकता उनके पीछे खुद को छुपाने की कोशिश करती हैं।

### आदिल खान ने राखी सावंत पर लगाए गंभीर आरोप, कहा खतरे में है मेरी जान



राखी सावंत और उनके पति आदिल खान पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में हैं। पिछले साल दिसंबर में राखी सावंत ने आदिल के साथ शादी करके सभी को चौंका दिया था। हालांकि, शादी के कुछ दिन बाद ही उन पर घरेलू हिंसा और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए। इसके बाद आदिल को जेल की हवा खानी पड़ी। अब जेल से बाहर आने के बाद आदिल ने राखी के आरोपों का जवाब दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने राखी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आदिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राखी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, "आपके पास जो सबूत हैं, उन्हें कोर्ट में पेश करें। मेरी जान खतरे में है। मैंने इस संबंध में ओशिवारा पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई है।" राखी सावंत मुझे मारना चाहती हैं।

### रिलीज के दिन ही ऑनलाइन लीक हुई शाहरुख की "जवान

शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म "जवान" आज 7 सितंबर को रिलीज हो गई है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग से करोड़ों की कमाई कर ली है। फिल्म देखने के लिए थिएटर के बाहर दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है।
मिली जानकारी के मुताबिक फिल्म "जवान" रिलीज के कुछ ही घंटों के भीतर पायरेसी का शिकार हो गई है। यह फिल्म तमिलरॉकर्स, एमपी4 मूवीज, वेगामूवीज और फिल्मिजिला




समेत कई साइट्स पर फुल एचडी प्रिंट में लीक हो गई है। इस फिल्म को ऑनलाइन देखने के अलावा डाउनलोड भी किया जा सकता है। ऐसे में मेकर्स चिंतित हैं कि इससे फिल्म की कमाई पर कुछ असर पड़ेगा। यह पहली बार नहीं है कि शाहरुख खान की कोई फिल्म ऑनलाइन लीक हुई है। इससे पहले, "पठान" भी रिलीज के कुछ घंटों बाद पायरेसी का शिकार हो गई थी। हालांकि, फिल्म के ऑनलाइन लीक होने का इसकी कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म "पठान" ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है।
फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद "जवान" के मेकर्स को झटका लगा है। फिल्म की एडवांस बुकिंग ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

### उत्सव — जन्माष्टमी पर कान्हा की नगरी में विभिन्न संस्कृतियों का हुआ समागम

# शोभायात्रा में 250 लोक कलाकारों ने किया आकर्षित

**एजेंसी। मथुरा**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम पूरे ब्रज में दिखाई दे रही है। चहुंओर कन्हैया के जयकारे सुनाई दे रहे हैं। गुरुवार रात लाखों भक्त श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का साक्षी बनने के लिए कान्हा की जन्मस्थली मथुरा पहुंच गए है। पूरी मथुरा नगरी दुल्हन की तरह सजी हुई है। हर ओर उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल है। गुरुवार तड़के श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थित भगवत भवन में कार्यक्रमों की शुरूआत मंगला आरती के साथ की गई। इसके बाद सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली गई।
जिसमें 250 लोक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सहित प्रमुख मंदिरों में बुधवार शाम से ही रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रही है।



तीर्थनगरी मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कन्हैया की जन्मस्थली ब्रज में विभिन्न संस्कृतियों का समागम हुआ। बुंदेलखंड, भोजपुरी, हरियाणवी और ब्रज संस्कृति का समागम देख मथुरावासी ही नहीं देश-विदेश से आए भक्त भी आनंदित हो रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थित भगवत भवन में कार्यक्रमों की शुरूआत मंगला आरती के साथ की गई। गुरुवार सुबह 8.30 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्य द्वार पर कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, जयवीर सिंह, क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने संयुक्त रूप से शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा के प्रारंभ में चार बंब नगाड़ों की आवाज से वातावरण गुंजायमान हो गया। इसके पीछे बनारस से आए श्रीराम जन्म योगी का शंखनाद अदभुत था। लगातार 10 मिनट तक एक ही स्वर में शंखनाद की गूंज आसपास के लोगों को आकर्षित करती नजर आई। इसके बाद उज्जैन का डमरू तथा बुंदेलखंड की महिलाओं के राई नृत्य ने लोगों का में मोह लिया।
बुंदेलखंड की अपनी वेशभूषा में महिलाएं बधाई गायन करते आसपास के लोगों के लिए आकर्षण बनी। कच्ची घोड़ी का नृत्य भी लुभाता रहा। ब्रज के कलाकारों ने भी ब्रज संस्कृति का प्रदर्शन किया। हरियाणा का बीन और मथुरा, वृंदावन के विभिन्न मंदिरों की मंगलियों ने भजन प्रस्तुत किए। स्थानीय लोगों ने विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया।